ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 11:35 उपरांत पूर्णिमा विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 10 जून 2025
वर्ष 6, अंक 200, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



केरल तट के पास जहाज में आग लगी 14

एसबीआई चेयरमैन ने वित्तमंत्री को सौंपा लाभांश चेक 12

## आरोपी का जबरन नार्को परीक्षण नहीं कर सकते

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा-यह कानून के तहत स्वीकार्य नहीं
- अनैच्छिक परीक्षण रिपोर्ट भी सबूत के तौर पर अमान्य

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि किसी आरोपी पर जबरन नार्को-विश्लेषण परीक्षण कराना कानून के तहत स्वीकार्य नहीं है और ऐसा परीक्षण उसके मौलिक अधिकारों पर गंभीर सवाल उठाता है।

न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति पी.बी. वराले की पीठ ने कहा कि आधुनिक जांच तकनीकों की आवश्यकता सच हो सकती है, लेकिन ऐसी जांच तकनीकों को अनुच्छेद 20(3) और 21 के तहत प्राप्त संवैधानिक गारंटी की कीमत पर नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा कि यह स्पष्ट है कि किसी भी परिस्थिति में कानून के तहत अनैच्छिक या जबरन नार्को-विश्लेषण परीक्षण की अनुमति नहीं है। इस तरह के अनैच्छिक परीक्षण की रिपोर्ट आपराधिक या अन्य कार्यवाही में सबूत के तौर पर स्वीकार्य नहीं है। शीर्ष अदालत ने पटना हाईकोर्ट द्वारा एक मामले में नार्को परीक्षण की अनुमति को खारिज कर दिया।

# पत्नी सोनम ने ही कराई थी भाड़े के हत्यारों से राजा रघुवंशी की हत्या

### हनीमून के लिए मेघालय गए थे इंदौर के दंपती, पति की मिली थी लाश

शिलांग/लखनऊ/झांसी, एजेंसी

मेघालय में हनीमून के दौरान इंदौर के पर्यटक राजा रघुवंशी की हत्या में कथित रूप से उसकी पत्नी शामिल थी, जिसने भाड़े के हत्यारे बुलाए थे। मेघालय की डीजीपी आई नोंगरांग ने सोमवार को यह जानकारी दी। हालांकि, सोनम के पिता ने अपनी बेटी के बेगुनाह होने का दावा किया है जबकि राजा के भाई ने कहा कि अगर सोनम दोषी पाई जाती है तो उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

डीजीपी ने बताया कि राजा की पत्नी सोनम ने उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया, जबकि रातभर की छापेमारी के बाद तीन अन्य हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तीन लोगों में से दो मध्यप्रदेश के इंदौर और एक उत्तर प्रदेश के ललितपुर का निवासी है। पूर्वी खासी हिल्स के पुलिस अधीक्षक विवेक सायम ने बताया कि सोमवार को मध्यप्रदेश के सागर जिले से एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। राजा (29) और उनकी पत्नी सोनम 23 मई को सोहरा इलाके के नोंगरियात गांव में एक होमस्टे से निकलने के कुछ घंटे बाद ही लापता हो गए थे। राजा का शव दो जून को गांव से 20 किलोमीटर दूर एक खाई में मिला था। उन्होंने बताया कि एक आरोपी को उत्तर प्रदेश से पकड़ा गया और दो अन्य को एसआईटी ने इंदौर से पकड़ा।



- पांच आरोपी गिरफ्तार, सोनम को उप्र के गाजीपुर जिले से दबोचा गया

डीजीपी नोंगरांग ने बताया कि सोनम ने उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के नंदगंज थाने में आत्मसमर्पण कर दिया, बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों ने खुलासा किया है कि सोनम ने रघुवंशी की हत्या के लिए उन्हें भाड़े पर बुलाया था। गिरफ्तार किया गया पहला व्यक्ति आकाश राजपूत (19) उत्तर प्रदेश के ललितपुर से था। दूसरा विशाल सिंह चौहान (22) और तीसरा राज सिंह कुशवाहा (21) मध्यप्रदेश के इंदौर से था। सोमवार को अपराह्न मध्यप्रदेश के सागर जिले से आनंद कुर्मी (23) को गिरफ्तार किया गया। आगे की जांच के लिए पुलिस आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड के लिए अदालत में पेश करेगी। इस बीच, उत्तर प्रदेश के एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने कहा कि इंदौर के गोविंदनगर खारचा की निवासी सोनम रघुवंशी रात में वाराणसी-गाजीपुर मुख्य मार्ग पर स्थित काशी ढाबा पर मिली। उसे प्रारंभिक उपचार के लिए सदर अस्पताल भेजा गया और फिर वन स्टॉप सेंटर में रखा गया।

### सोनम के पिता ने कहा-मेरी बेटी बेगुनाह

वहीं, इंदौर में सोनम के पिता देवी सिंह रघुवंशी ने कहा कि मेरी बेटी 100 प्रतिशत बेगुनाह है। हम इस मामले की सीबीआई जांच की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि मेघालय पुलिस मेरी बेटी के बारे में गलत बयान दे रही है क्योंकि राजा रघुवंशी की हत्या के मामले के कारण राज्य सरकार की छवि खराब हो रही है। फर्नीचर में इस्तेमाल होने वाली सनमाइका शीट के कारोबारी देवी सिंह ने दावा किया कि उनकी बेटी के खिलाफ मेघालय पुलिस के पास इस बात का कोई सबूत नहीं है कि उसने सुपारी देकर अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या कराई थी। कहा कि राज कुशवाह उनके प्रतिष्ठान से जुड़ा है, परसों तक वह उनके गोदाम पर काम कर रहा था। मेरी बेटी के साथ उसका नाम गलत तरीके से जोड़ा जा रहा है।

## एक नजर

### एसीबी के समक्ष पेश नहीं हुए सिसोदिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सरकारी स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के मामले में सोमवार को पूछताछ के लिए भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) के समक्ष पेश नहीं हुए। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। एसीबी ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं मनीष सिसोदिया और लोक निर्माण विभाग के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को पूछताछ के लिए बुलाया था।

### मणिपुर में 55.52 करोड़ के नशीले पदार्थ जब्त

**नई दिल्ली।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई), सीमा शुल्क, 37 बीएन असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए मणिपुर के चुराचांदपुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में ऑपरेशन व्हाइट वेल विशेष अभियान में लगभग 55.52 करोड़ रुपये मूल्य के नशीले पदार्थ और नकदी जब्त करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि पांच से सात जून के बीच अभियान चलाया गया था।

### ट्रेनिंग पूरी, नौसेना को मिले 18 पायलट

**अरक्कोणम।** आईएनएस राजाली स्थित हेलीकॉप्टर प्रशिक्षण स्कूल से एक महिला समेत नौसेना के 18 अधिकारियों ने पायलट का प्रशिक्षण पूरा किया। इन अधिकारियों ने भारतीय नौसेना के एयर स्क्वाड्रन-561 में प्रशिक्षण स्कूल में अपने 22 सप्ताह लंबे गहन उड़ान और जमीनी प्रशिक्षण के सफल समापन पर एक प्रभावशाली 'पासिंग आउट परेड' में हिस्सा लिया। सब-लेफ्टिनेंट सिद्धि हेमंत दुबे ने प्रशिक्षण के सफल समापन पर भारतीय नौसेना की दूसरी महिला हेलीकॉप्टर पायलट बनकर इतिहास रच दिया।

### वैष्णो देवी में सुरक्षा को बना एकीकृत कमांड सेंटर

**जम्मू।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को श्री माता वैष्णो देवी मंदिर के लिए सीसीटीवी निगरानी प्रणाली वाले 'एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र' का उद्घाटन किया। उपराज्यपाल ने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सही समय की निगरानी और भीड़ प्रबंधन को सक्षम करेगी।

# भारत सबसे तेज अर्थव्यवस्था और बड़े मुद्दों पर वैश्विक आवाज : मोदी

### तीसरे कार्यकाल का 1 वर्ष पूरा होने पर कहा- सुशासन से विविध क्षेत्रों में आया बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल में भारत न केवल सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है, बल्कि जलवायु कार्रवाई और डिजिटल नवाचार जैसे मुद्दों पर प्रमुख वैश्विक आवाज भी बन गया है। सोमवार को अपनी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला वर्ष पूरा होने के अवसर पर मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में सुशासन और परिवर्तन पर स्पष्ट ध्यान दिया गया है।

एक्स पर पोस्ट में प्रधानमंत्री द्वारा साझा एक लिंक में कहा गया है कि वर्तमान केंद्रीय मंत्रियों में से 60 प्रतिशत एससी, एसटी और ओबीसी श्रेणियों से हैं। इस संदेश का उद्देश्य कांग्रेस जैसे विपक्षी दलों द्वारा सरकार पर एससी, एसटी और ओबीसी के हितों के खिलाफ काम करने के आरोपों के बीच उनकी सरकार की सामाजिक न्याय संबंधी साख को उजागर करना है। एक्स पर अपने पोस्ट में मोदी ने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद और सामूहिक भागीदारी से भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखा है। उन्होंने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के सिद्धांत से प्रेरित होकर राजग सरकार ने तेज गति से, उचित अनुपात में और संवेदनशीलता के साथ पथ-प्रदर्शक परिवर्तन किए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 11 वर्षों में हमारी सरकार की हर योजना के केंद्र में गरीब भाई-बहनों का कल्याण सुनिश्चित करना रहा है। 'उज्ज्वला' हो या पीएम आवास, आयुष्मान भारत हो या जनऔषधि या फिर पीएम किसान सम्मान निधि, इन सभी योजनाओं ने देशवासियों की उम्मीदों को नए पंख दिए हैं।



### स्वर्णाक्षरों में लिखे जाएंगे मोदी सरकार के कार्य : नड्डा

**नई दिल्ली।** भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के 11 साल के कार्यकाल को 'स्वर्ण अक्षरों' में लिखा जाएगा। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 'गैर-जिम्मेदार' नेता करार दिया। मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने के मौके पर यहां भाजपा मुख्यालय में प्रेसवार्ता में नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश की राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया और एक जिम्मेदार और जवाबदेह सरकार प्रदान करके सुशासन की राजनीति शुरू की, जबकि कांग्रेस के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती संप्रग सरकार भ्रष्टाचार, घोटाले और तुष्टीकरण की राजनीति में लिप्त रही। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा केंद्र सरकार की विदेश नीति की आलोचनाओं और ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष में भारत के लड़ाकू विमानों के मार गिराए जाने की आशंका जताए जाने के बारे में पूछे जाने पर भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि वह बेबुनियाद सवाल पूछकर गैर-जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका निभा रहे हैं, भगवान उन्हें सद्बुद्धि दे।

### ठाणे में दो ट्रेनों की पासिंग के समय हुआ हादसा, पायदान पर खड़े हो कर रहे थे यात्रा

# महाराष्ट्र में भीड़ से भरी लोकल ट्रेन से गिरकर 4 की मौत, 9 घायल

मुंबई/नई दिल्ली, एजेंसी

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में सोमवार की सुबह बेहद व्यस्त समय के दौरान भीड़भाड़ वाली लोकल ट्रेन से गिरकर चार लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि हादसा मुंब्रा रेलवे स्टेशन के पास उस समय घटी जब ट्रेन तीखे मोड़ पर एक-दूसरे को पार कर रही थीं।

मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी स्वप्निल नीला ने बताया कि हादसे में मारे गए लोग दो ट्रेनों के पायदान पर यात्रा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि एक ट्रेन कसारा की ओर जा रही थी और दूसरी छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मुंबई की ओर जा रही थी। पुलिस ने बताया कि हादसा दो ट्रेन के पायदान से लटके यात्रियों और उनके बैग के एक-दूसरे से टकराने के कारण हुई।

पुलिस ने बताया कि ट्रेन से गिरे लोगों को निकटवर्ती अस्पतालों में ले जाया गया, जहां चार को मृत घोषित कर दिया गया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि रेलवे प्रशासन घटना के कारण की जांच कर रहा है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि पीड़ितों और उनके परिवारों की सहायता के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। मृतकों की पहचान केतन सरोज, राहुल गुप्ता, मयूर शाह और ठाणे जीआरपी कांस्टेबल विकी मुखीयाद के रूप में हुई है। वहीं, कांग्रेस की मुंबई इकाई की अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को इस्तीफा दे देना चाहिए।



परिजन को खोने पर बिलखती महिला।

### मृतकों के परिजनों को 5 लाख रुपये

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री गिरीश महाजन ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार ठाणे जिले में मुंब्रा के निकट उपनगरीय रेल से जुड़े हादसे में जान गंवाने वाले व्यक्तियों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये देगी। महाजन ने यह भी कहा कि राज्य सरकार घायलों का सभी चिकित्सा खर्च वहन करेगी।

### अब मुंबई में लोकल ट्रेनों के दरवाजे होंगे स्वचालित

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने मुंबई उपनगरीय क्षेत्र के लिए सभी मौजूदा और नई लोकल ट्रेनों के डिब्बों में स्वचालित दरवाजे की सुविधा देने का फैसला किया है। रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रचार विभाग के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने बताया कि महाराष्ट्र में घटी भयावह घटना के बाद मंत्रालय ने मुंबई उपनगरीय क्षेत्र के लिए निर्माणाधीन सभी लोकल ट्रेन में स्वचालित दरवाजों की सुविधा देने का फैसला किया है।

## छत्तीसगढ़ में बारूदी सुरंग में विस्फोट से एएसपी की मौत

सुकमा, एजेंसी

- नक्सलियों के हमले में डीएसपी और थाना प्रभारी घायल

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सोमवार को नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर बम में विस्फोट होने से एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की मौत हो गई तथा दो अन्य पुलिस अधिकारी घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक राज्य में पिछले 14 वर्ष में यह पहली बार है जब किसी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की मौत नक्सली घटना में हुई है।

अधिकारियों के मुताबिक, एएसपी आकाश राव गिरपुंजे और कोंटा के उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) भानुप्रताप चंद्राकर तथा निरीक्षक (थाना प्रभारी कोंटा) सोनल ग्वाला, जिले के कोंटा क्षेत्र में मिट्टी हटाने की एक मशीन को नक्सलियों द्वारा आग लगाने की सूचना पर आज सुबह जवानों के साथ पैदल मौके पर जा रहे थे। इसी दौरान कोंटा-एर्राबोर मार्ग पर डोंड्रा गांव के पास नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर बम (बारूदी सुरंग) में विस्फोट हुआ, जिससे एएसपी आकाश राव गिरपुंजे, चंद्राकर और ग्वाला घायल हो गए। तीनों को प्रारंभिक उपचार के लिए कोंटा अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान गिरपुंजे ने दम तोड़ दिया।

## घूस लेते सीजीएसटी अधीक्षक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने उप्र के अमरोहा से सीजीएसटी अधीक्षक समेत दो लोगों को एक निजी कंपनी पर जुर्माना माफ करने के लिए एक लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किया गया दूसरा व्यक्ति एक कर वकील है। सीजीएसटी अधीक्षक निशान सिंह मल्ली ने एक व्यवसायी को जीएसटी रिटर्न दाखिल न करने के कारण जुर्माना नोटिस जारी किया था। अधिकारियों ने बताया कि गजरौला में तैनात मल्ली ने कर वकील अमित खंडेलवाल के साथ मिलीभगत कर व्यवसायी से जुर्माना माफ करने के लिए चार लाख रुपये मांगे। मल्ली के पास अमरोहा का अतिरिक्त प्रभार है।

# स्वास्थ्य योजनाओं में 9.94 करोड़ का फर्जी भुगतान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान में इलाज के नाम पर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। इसका खुलासा विभागीय जांच में हुआ। 1 से 22 मई के बीच 39 अस्पतालों को फर्जी तरीके से 9,94,13,386 रुपये का भुगतान किया गया। यह भुगतान 6239 दावों के संबंध में किया गया है।

जांच में सामने आया कि यह सारे भुगतान इम्प्लीमेंटेशन सपोर्ट एजेंसी और कम्प्रीहेन्सिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटड सर्विसेज (साचीज) के अधिकारियों के लॉगिन से किया गया है। हकीकत सामने आने पर संबंधित योजनाओं के स्टेट नोडल अधिकारी डा. बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने हजरतगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

डॉ. बृजेश कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक इन योजनाओं के लाभार्थियों के उपचार के दावे प्रस्तुत करने के बाद भुगतान किए जाने की राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा विकसित एवं प्रबंधित पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन व्यवस्था है। जो दावे पोर्टल पर आते हैं, उनकी शुरुआती स्तर पर स्टेट एजेंसी साचीज द्वारा निविदा के माध्यम से चयनित इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (आईएसए) द्वारा ऑन लाइन संस्तुति पोर्टल पर ही साचीज को भेजा जाता है। इसकी जांच मेडिकल ऑडिटर लॉगिन पर करने के बाद लेखाधिकारी व प्रबंधक वित्त को भेजे जाने की व्यवस्था है। लेखाधिकारी व प्रबंधक वित्त की संस्तुति के बाद साचीज के सीईओ द्वारा अनुमोदन कर संबंधित बैंक के जरिए अस्पताल को ऑनलाइन भुगतान के लिए भेजा जाता है।



- 22 दिन में 39 अस्पतालों को किया गया यह भुगतान
- आयुष्मान भारत, पीएम व सीएम जन आरोग्य योजना में गड़बड़ी

### आधी रात को 6239 मामलों में भेजे गए पैसे

दावों की ऑन लाइन प्रोसेसिंग कई स्तरों पर जांची गई तो पता चला कि इम्प्लीमेंटेशन सपोर्ट एजेंसी, लेखाधिकारी, प्रबंधक वित्त साचीज और मुख्य कार्यपालक अधिकारी साचीज की लॉगिन से आधी रात को भुगतान की प्रक्रिया पूरी की गई। नोडल अधिकारी के मुताबिक 1 से 22 मई के बीच 39 अस्पतालों को 9.94 करोड़ रुपये का अनियमित भुगतान किया गया। इन अस्पतालों ने 6239 दावे भुगतान के लिए प्रस्तुत किए थे। इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह के मुताबिक स्टेट नोडल अधिकारी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। साइबर क्राइम सेल की टीम के साथ मिलकर मामले की जांच की जा रही है।

# गर्मी ने किया बेहाल, पारा $45^0$ पार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में सोमवार को भीषण गर्मी से लोग बेहाल रहे। झुलसा देने वाली धूप ने खूब परेशान किया। लखनऊ में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि आगरा और झांसी सबसे ज्यादा गर्म रहे। यहां अधिकतम तापमान 45.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बढ़ी गर्मी के कारण बिजली की मांग 30 हजार मेगावाट पार कर गई। 8 जून की रात बिजली की मांग 30,161 मेगावाट रही।

बुंदेलखंड, आगरा मंडल और दिल्ली एनसीआर के जिले प्रचंड गर्मी के साथ लू की भी चपेट में रहे। मौसम विभाग ने 10 जून के लिए प्रदेश के आगरा, झांसी, मथुरा, अलीगढ़, हाथरस, फिरोजाबाद, इटावा, जालौन, हमीरपुर, महोबा व ललितपुर में भीषण गर्मी के साथ लू चलने का 'आरेंज अलर्ट' जारी किया है। दक्षिणी व पश्चिमी यूपी के लगभग 14 जिलों में रातें सामान्य से ज्यादा गर्म रहने के आसार हैं। पश्चिमी यूपी और एनसीआर के लगभग 25 जिलों के लिए लू का 'यलो अलर्ट' जारी किया गया है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार राजधानी में मौसम शुष्क होने के कारण तापमान में बढ़ोतरी हो रही है।



- बिजली की मांग भी 30 हजार मेगावाट से ऊपर पहुंची
- प्रदेश में सबसे ज्यादा गर्म रहे झांसी और आगरा जिले

### और बढ़ेगा तापमान

मौसम विभाग के अनुसार 10 जून तक मौसम शुष्क बने रहने, गर्म सतही पछुआ हवा चलने और ऊपरी क्षोभमंडल के प्रतिचक्रवात के संयुक्त प्रभाव से तापमान में 2-3 डिग्री की और बढ़ोतरी होने के आसार हैं। ऐसे में 11 जून तक बुंदेलखंड, विंध्य आदि क्षेत्रों में लू चलने की संभावना है। 11 जून के बाद बंगाल की खाड़ी से उठी नमी से पूर्वांचल व अन्य हिस्सों में बूंदाबांदी का दौर शुरू होने की संभावना है।

# 22 हजार करोड़ के बजट से गांवों का कायाकल्प करेगी सरकार

### 10.5 हजार करोड़ की केंद्रीय और 11.5 हजार करोड़ रुपये की राज्य की योजनाओं से संवारे जाएंगे गांव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** योगी सरकार केंद्र और राज्य की योजनाओं से 22 हजार करोड़ रुपये खर्च करके गांवों का कायाकल्प करेगी। इस अभियान में बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ स्वच्छता, रोजगार, आवास और जलनिकासी जैसी जरूरी सेवाएं सुनिश्चित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कार्ययोजना में कोई भी गांव अछूता न रहने का सख्त निर्देश दिया है।

योगी सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के चहुंमुखी विकास के लिए बड़े अभियान पर काम कर रही है। इसमें 10 हजार 500 करोड़ रुपये की केंद्रीय योजनाएं और लगभग 11 हजार 500 करोड़ रुपये की राज्य योजनाएं शामिल हैं। इनके माध्यम से गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कोई भी ग्रामीण क्षेत्र विकास के लिहाज से अछूता न रहने पाए।

स्वच्छता सरकार की प्राथमिकता में शामिल है, जिसके लिए 2 हजार करोड़ रुपये विशेष रूप से स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत खर्च किए जाएंगे। इस धनराशि से शौचालय निर्माण, ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन, ग्राम स्वच्छता समितियों का सशक्तिकरण और जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे।



- 2 हजार करोड़ से स्वच्छ भारत मिशन को मिलेगी रफ्तार, सीएम का निर्देश कोई भी गांव अछूता न रहे

### 1 हजार करोड़ से अधिक की वित्तीय स्वीकृति

ग्रामीण विकास योजना के तहत अब तक 1 हजार करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय स्वीकृति दी जा चुकी है। इसके अलावा शुरुआती चरण में लगभग 900 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों की शुरुआत भी कर दी गई है। इसमें सड़क निर्माण, जलनिकासी, पंचायत भवनों का निर्माण, सामुदायिक शौचालय और पेयजल आपूर्ति जैसी परियोजनाएं शामिल हैं।

### ग्रामीणों को मिले हर आवश्यक सुविधा: योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि एक-एक गांव को विकसित किया जाए, जहां ग्रामीणों को हर आवश्यक सुविधा सुलभ हो। उन्होंने इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी है।

## आज का मौसम

आसमान साफ रहने और तेज धूप खिलने के आसार

41.0° अधिकतम तापमान | 30.0° न्यूनतम तापमान

## शहर में आज

- राज्य स्तरीय महिला टेबल टेनिस एवं तैराकी प्रतियोगिता को लेकर मंडल स्तरीय ट्रायल स्पोर्ट्स स्टेडियम में 11:15 बजे।
- ज्येष्ठ माह के पांचवें मंगलवार को श्री राधा संकीर्तन मंडल ट्रस्ट की ओर से बाग ब्रिगटान स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में सुंदरकांड का पाठ शाम 5:30 बजे
- भारतीय बौद्ध धम्म दर्शन सार सोसाइटी की ओर से भगवान बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण चंद्रमणि बुद्ध विहार में सुबह 11 बजे।
- रामपुर बाग स्थित आनंद आश्रम मंदिर में संगीतमय हनुमान चालीसा का पाठ शाम 6 बजे से।
- उत्तर प्रदेश महिला शिक्षा संघ की ओर से भंडारा का आयोजन त्रिवटी नाथ मंदिर में सुबह 11 बजे।
- माधोबाड़ी स्थित रामायण मंदिर में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा शाम 6:30 बजे।
- अग्रवाल परिवार की ओर से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ संजय नगर स्थित सत्यम बरात घर में शाम 5 बजे।

# यहां तो आज भी प्रतिदिन एक रुपये पर ड्यूटी कर रहे सफाई कर्मी

## आयुर्वेदिक अस्पतालों में 2009 में नियुक्त हुए थे पार्ट टाइम छह सफाई कर्मचारी, मानदेय लगा था 25 रुपये महीना, अब तक मानदेय में नहीं हुआ संशोधन

शब्या सिंह तोमर, बरेली

**अमृत विचार :** तमाम श्रम कानूनों, न्यूनतम वेतनमान निर्धारित होने के बावजूद कोई यह विश्वास नहीं कर सकता है कि जिले के तीन राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में पिछले 16 साल से पार्ट टाइम स्वच्छकों से मात्र एक रुपये प्रतिदिन के मानदेय पर नौकरी ड्यूटी कराई जा रही है। इन सफाई कर्मियों की 2009 में नियुक्ति के समय मानदेय 25 रुपये प्रतिमाह तय किया गया था और आज तक इसमें कोई संशोधन नहीं हुआ है। ये अलग बात है कि ये स्वच्छक आज भी मानदेय बढ़ोत्तरी और स्थायी होने की उम्मीद में ड्यूटी किए जा रहे हैं।

जिले के तीन राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में श्रम कानूनों की अनदेखी करके सफाई कर्मचारियों को एक रुपये प्रतिदिन के मानदेय पर रखकर काम लिया जा रहा है। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय दिवना में चंद्रपाल, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय भुता में हरीश और राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय मुड़िया जागीर में मुकेश कुमार पार्ट टाइम स्वच्छक के पद पर कार्यरत हैं। शुरुआत में छह कर्मचारी पार्ट टाइम में नियुक्त हुए थे, लेकिन नौकरी में पैसे नहीं बढ़ने के चलते इनका मोह भंग हो गया और वह छोड़कर चले गए।

**कई बार मांग पत्र भेजा, नतीजा सिफर ही रहा :** ऐसा नहीं कि इन कर्मचारियों ने अपना मानदेय बढ़वाने का प्रयास नहीं किया। कई बार वरिष्ठ अधिकारियों को मांग पत्र भेजा, लेकिन नतीजा सिफर ही रहा। वहीं, अब ये कर्मचारी वृद्ध हो चले हैं। उन्हें अपने भविष्य की चिंता सताने लगी है। इसके लिए वे क्षेत्रीय कार्यालय और लखनऊ निदेशालय में कई बार पत्र भेज कर मानदेय बढ़ाने की मांग कर चुके हैं।

- छह में तीन छोड़ गए काम, शेष स्वच्छक लगातार किए जा रहे ड्यूटी
- मानदेय बढ़ाने को कई बार स्वच्छक लगा चुके गुहार, नहीं हुई सुनवाई

### शासन ही मानदेय पर फैसला लेगा

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. अभिषेक सिंह ने बताया कि 2009 से पहले निदेशालय से जारी आदेश में नए अस्पतालों में पार्ट टाइम स्वच्छकों की भर्ती एक रुपये प्रतिदिन पर करने का नियम था। उसके बाद से आज तक नियम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। पार्ट टाइम स्वच्छकों का मानदेय बढ़वाने के लिए निदेशालय को पत्र लिखा जा चुका है। शासन ही इस विषय पर निर्णय करेगा। फिलहाल, अभी तक मानदेय में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

### आज भी उम्मीद, सरकारी हो जाएंगे या पैसा बढ़ेगा

राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय भुता के स्वच्छक हरीश ने बताया कि नियुक्ति के समय ये सोचा था कि एक दिन सरकारी हो जाएंगे, लेकिन आज भी वही 1 रुपया मानदेय है। गांव में थोड़ी जमीन है, उसी से गुजारा चल रहा है। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय दिवना के चंद्रपाल के पास जमीन भी नहीं है, अस्पताल में काम करने के साथ वह अन्य जगह पर भी काम कर परिवार का खर्च चला रहे हैं। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय मुड़िया जागीर के मुकेश कुमार के करीबियों ने बताया कि उनकी उम्र 60 वर्ष हो चली है। नाम मात्र मानदेय के चलते परिवार पालने के लिए शुगर मिल में भी कभी-कभी मजदूरी कर लेते हैं। कई बार लोगों ने कहा अस्पताल का काम छोड़ दो, लेकिन सरकारी होने की उम्मीद में लगातार ड्यूटी किए जा रहे हैं।

### पत्राचार के बाद भी 10 रुपये प्रतिदिन मानदेय की उम्मीद

विभागीय अधिकारियों की मानें तो ऐसा नहीं है कि एक रुपये प्रतिदिन मानदेय वाले सफाई कर्मचारी बरेली के आयुर्वेदिक अस्पतालों में ही तैनात हैं। ऐसे तमाम कर्मचारी पूरे प्रदेश में काम कर रहे हैं। सभी जगहों से लगातार पैसे बढ़ाने की मांग उठ रही है, लेकिन विभागीय सूत्रों के अनुसार ये मानदेय एक रुपये से बढ़कर अधिकतम 10 रुपये तक हो सकता है, तब भी ये मानदेय केवल 250 रुपये प्रति माह तक ही सीमित रहेगा।

### अमानवीय ही नहीं श्रम कानूनों का उल्लंघन भी

वर्तमान समय में एक रुपये में कुछ नहीं मिलता है। इन स्वच्छकों को एक रुपये प्रतिदिन के मानदेय पर किसी सरकारी विभाग द्वारा किन परिस्थितियों में पार्ट टाइम नियुक्त किया गया, इस पर टिप्पणी नहीं की जा सकती है, लेकिन यह मानवीय दृष्टि से दयनीय है और श्रम नियमों का उल्लंघन भी है। हालांकि ये सरकार का अधिकार है कि वह किसी विभाग के संविदा कर्मचारी के लिए क्या मानदेय तय करे। कर्मचारियों को अपने लिए आवाज उठानी चाहिए, क्योंकि आज के समय में भवन निर्माण में भी मजदूर 600 से 700 रुपये तक मजदूरी लेता है। **-आर के चतुर्वेदी**, श्रम प्रवर्तन अधिकारी

# पारा 40 डिग्री पार, अभी दो दिन और गर्मी झेलने को रहें तैयार

## दिन के साथ रात का भी तापमान बढ़ने से लोग गर्मी से हुए बेहाल, 12 जून से बारिश होने से गर्मी से मिल सकती है राहत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** जून के दूसरे सप्ताह में भीषण गर्मी से लोग बेहाल होने लगे हैं। दो दिन से लगातार तापमान में बढ़ोत्तरी हो रही है। सोमवार को पारा 40.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो इस साल जून में अब तक सबसे अधिक रहा। दिन के साथ रात में भी गर्मी पड़ रही है। मौसम विभाग ने दो दिन और तापमान बढ़ने का अलर्ट जारी किया है। इसके बाद 12 जून से बारिश होने से लोगों को राहत मिलेगी।

सोमवार को दिन की शुरुआत साफ मौसम से हुई। सुबह से ही सूरज की तपिश ने लोगों को पसीने में तर-बतर करना शुरू कर दिया। दोपहर में तापमान और बढ़ गया। हवाओं में भी गर्माहट होने से लोग धूप से बचने का साधन ढूंढते नजर आए। मोटरसाइकिल और साइकिल सवारों की त्वचा भी झुलसने लगी।

मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान सामान्य से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक 40.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.9 डिग्री सेल्सियस अधिक 29.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी सुबह 57 प्रतिशत और शाम को 46 प्रतिशत दर्ज की गई। जबकि हवाओं की रफ्तार 6-15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दर्ज हुई।

आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अभी मंगलवार और बुधवार को औसतन अधिकतम तापमान 41 और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज होने का पूर्वानुमान है। गुरुवार से मौसम में परिवर्तन हो सकता है। गुरुवार और शुक्रवार को हल्की बूंदाबांदी के आसार जताए जा रहे हैं। इस दौरान औसतन अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। उन्होंने बताया कि मानसून का असर अभी दक्षिण भारत तक ही नजर आ रहा है, जबकि उत्तर भारत में अभी मानसून का असर नहीं है। इसलिए अभी करीब दो सप्ताह तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गर्मी से राहत नहीं मिलने का पूर्वानुमान जताया गया है।



तेज धूप से बचने के लिए लोग छाता लगाकर घर से निकल रहे हैं।



गर्मी से बाइक सवार दिखे बेहाल।



देसी फ्रिज कहे जाने वाले मटके की बिक्री बाजार में तेज हो गई है। ● अमृत विचार

### भीषण गर्मी से छाया धान की नर्सरी पर संकट

**बरेली, अमृत विचार :** भीषण गर्मी से धान की नर्सरी प्रभावित हो रही है। खेतों में धान के बीज सही से अंकुरित नहीं होने से किसान परेशान हैं। लगातार सिंचाई से भी कोई असर नहीं पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो धान की रोपाई में देरी होगी। जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी ने बताया कि तेज गर्मी का असर धान की नर्सरी पर पड़ रहा है, लेकिन किसानों को घबराने की जरूरत नहीं है। किसान नियमित शाम के समय सिंचाई करें और नर्सरी वाले क्षेत्र में नमी बनाए रखें। जैसे ही मौसम में थोड़ी नमी आएगी या बारिश होगी, अंकुरण की प्रक्रिया तेज हो जाएगी।

## सभी विभागों में ई-ऑफिस प्रणाली सक्रिय करने के निर्देश

**बरेली, अमृत विचार :** डीएम अविनाश सिंह ने सोमवार शाम कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर सभी विभागों में ई-ऑफिस प्रणाली सक्रिय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आदेशानुसार सभी कार्यालयों में ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य होना है, जो इस कार्य में रूचि नहीं लेंगे, उनका वेतन रोका जाएगा।

उन्होंने ई-ऑफिस के संबंध में कार्रवाई नहीं करने वाले कार्यालय, कर्मचारी डाटा उपलब्ध होने पर भी फाइल हेड उपलब्ध नहीं होने, वीपीएन फार्म प्राप्त नहीं होने आदि के संबंध में विस्तार से समीक्षा की।

उन्होंने जिलों के सभी कार्यालयों की सरकारी ई-मेल आईडी, डिजिटल सिग्नेचर बनवाने और फाइल हेड डिसाइड कर भेजने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम सिटी सौरभ दुबे, एडीएम फाइनेंस संतोष कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## कटघर-काशीपुर रेलखंड पर ब्लॉक, दो ट्रेनों का समय बदला

**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल के कटघर-काशीपुर रेलखंड स्थित पीलपसाना, रोशनपुर एवं अलीगंज स्टेशनों के बीच रेल पथ संबंधी कार्य होगा। इसके लिए रेलवे ने 10 जून से 31 अगस्त तक प्रतिदिन चार घंटे का ब्लॉक घोषित किया है। इसकी वजह से दो पैसेंजर ट्रेनों के समय में परिवर्तन किया गया है। 65307 मुरादाबाद-काशीपुर सवारी गाड़ी को मुरादाबाद से 50 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाया जाएगा। 65306 रामनगर-मुरादाबाद सवारी गाड़ी को रामनगर से 50 मिनट की देरी से चलाया जाएगा। यह परिवर्तन 10 जून से 31 अगस्त तक प्रभावी रहेगा। रेलवे के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा के अनुसार ब्लॉक के दौरान पटरियों की जांच, मरम्मत और अन्य तकनीकी कार्य किए जाएंगे। यह ब्लॉक पूर्वाह्न 11:35 से 15:35 बजे तक प्रभावी रहेगा।

# रेलवे कॉलोनी के पास बनेगा टू लेन अंडरपास

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कैंट विधायक ने इंजीनियरों के साथ सुभाषनगर में किया निरीक्षण, मानचित्र देखा
- नाथ कॉरिडोर की सड़क को जोड़ने के लिए नई सड़क बनाने की कवायद तेज

**अमृत विचार :** नाथ कॉरिडोर को जोड़ने के लिए तपेश्वरनाथ मंदिर के पीछे से रेलवे की भूमि पर एप्रोच मार्ग बनाया जाएगा। इसके अलावा लोको पायलट रेलवे कॉलोनी के पास टू लेन अंडरपास बनाया जाएगा। इससे सुभाषनगर पुलिया के पास जलभराव की समस्या से होने वाली परेशानी से भी लोगों को राहत मिलेगी।

सोमवार को कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने एडीएम सिटी सौरभ दुबे, नगर निगम के अधिशासी अभियंता राजीव राठी, रेलवे के इंजीनियर चमन सिंह, लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर के साथ मौके पर निरीक्षण किया। उन्होंने तपेश्वरनाथ और धोपेश्वरनाथ मंदिर को जोड़ने वाले कॉरिडोर के मानचित्र भी देखा। इसके बाद लोको पायलट रेलवे कालोनी के पास बनने वाले अंडरपास पर भी चर्चा की। इंजीनियरों ने विधायक को बताया कि टू लेन का अंडरपास बनाया जाएगा। दोनों की लंबाई 9-9 मीटर होगी और चौड़ाई करीब 18 फुट होगी। रेलवे की बाउंड्री से सटी 12 मीटर की एक सड़क तपेश्वरनाथ मंदिर के पीछे से निकाली जाएगी, जो नाथ कॉरिडोर की सड़क को सुभाष नगर पुलिया के पास जोड़ेगी। जिससे आवाजाही में लोगों को राहत मिलेगी। इस दौरान भाजपा के पूर्व डिप्टी मेयर डॉ. सीपीएस चौहान, महानगर उपाध्यक्ष अरुण कश्यप, सोनू कलरा, पार्षद सौरभ कुमार, बृजेश पाल, सुभाष वर्मा, नरेश अग्रवाल, अशोक ठाकुर, ब्रजेश मिश्र, हर्षित गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



निरीक्षण के दौरान मानचित्र देखते कैंट विधायक संजीव अग्रवाल। ● अमृत विचार

# निर्माणाधीन पुलिया का एक्सईएन ने किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बीसलपुर चौराहे पर 84 लाख रुपये की लागत से बन रही पुलिया का सोमवार को पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन भगत सिंह ने निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिया का स्ट्रक्चर तैयार करने को बांधी जा रही सरिया के साथ अन्य कार्यों को देखा। उन्होंने ठेकेदार को निर्माण कार्य में और तेजी लाने के निर्देश दिए। एक्सईएन के मुताबिक काम की गुणवत्ता ठीक मिली।

बीसलपुर पुलिया में छोटा पाइप लगा होने के कारण जगतपुर नाला चोक हो जाता है और सहसवानी टोला, आकाशपुरम, रोहली टोला, चक महमूद, नई बस्ती, एजाजनगर, चक महमूद नगर सहित नौ वार्डों में जलभराव हो जाता है। इस समस्या के निस्तारण के लिए नगर निगम पीडब्ल्यूडी को बजट देकर पुलिया का निर्माण करा रहा है। एक्सईएन के मुताबिक कल्वर्ट बॉक्स तकनीक से पुलिया का निर्माण कराया जा रहा है। इसमें सरिया का फ्रेम बॉक्स के रूप में तैयार करने के बाद सीमेंट और कंक्रीट मिलाकर डाला जाएगा। आने वाले कुछ ही दिनों में मानसून की संभावना देख ठेकेदार को काम की गति बढ़ाने और अवर अभियंता को निगरानी के निर्देश दिए हैं।



निर्माणाधीन पुलिया का निरीक्षण करते एक्सईएन भगत सिंह।

- बीसलपुर चौराहे पर 84 लाख की लागत से नई पुलिया का चल रहा है निर्माण कार्य

# मेहरबानी : ब्लैक लिस्टेड फर्म को हो गया दो करोड़ रुपये का भुगतान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अफसरों ने आंख मूंदकर किया फाइल पर हस्ताक्षर
- 2020 में तैनात रहे एक अधिकारी की भूमिका संदिग्ध

**अमृत विचार :** स्मार्ट सिटी लिमिटेड कंपनी से ब्लैक लिस्टेड होने के बाद नगर निगम के उद्यान विभाग में ठेका लेकर कुछ अफसरों की मेहरबानी से दो करोड़ रुपये का भुगतान भी हो गया है। फर्म को करीब पांच साल पहले तत्कालीन सीईओ ने आगरा विकास प्राधिकरण का फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र लगाने पर ब्लैक लिस्ट किया था। इसके बाद यहां के कुछ कर्मचारी और अधिकारी फर्म की खामियों पर पर्दा डालकर चुप्पी साधे रहे।

आगरा की परमार्थ कंस्ट्रक्शन को नगर निगम के उद्यान विभाग में डिवाइडर, पार्क आदि स्थानों पर लगे पौधों की देखभाल, सिंचाई के लिए टेंडर मिला है। बरेली स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 2020 में इस फर्म को फर्जीवाड़ा करने के आरोप में ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया। इसके बाद भी नगर निगम में कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से टेंडर की शर्तों में हेरफेर कर फर्म 5 नवंबर 2024 को 5.28 करोड़ का उद्यान विभाग का ठेका लेने में कामयाब हो गई। विभागीय सूत्रों का दावा है कि टेंडर प्रक्रिया को पूरा करने के लिए आउटसोर्सिंग पर रखे गए कम्प्यूटर आपरेटर ने कुछ शर्तों को तकनीकी चार्ट से हटा दिया।

इसमें श्रम विभाग के नियमों की भी अनदेखी की गई। नियम है कि श्रमिकों की सप्लाई होने पर ईपीएफ और ईएसआई प्रमाण पत्र और पहले दिए गए कर्मचारियों के फंड आदि की प्रति टेंडर में लगाना होता है, लेकिन इसे शर्त के चार्ट से हटा दिया गया। इसके बाद टेंडर के दस्तावेज जांच करने की जिम्मेदारी संभालने वाले अधिकारी ने आंख बंद कर हस्ताक्षर कर दिया। इसके बाद जब फर्म ने टेंडर लेकर काम कराया तो भुगतान भी कर दिया गया। बताया यह भी जाता है कि ब्लैक लिस्टेड फर्म को भुगतान की फाइल पर हस्ताक्षर करने वाले एक जिम्मेदार अधिकारी स्मार्ट सिटी लिमिटेड से भी जुडे.हुए हैं। जांच के दौरान यह बात सामने आई है एक अधिकारी 2020 में तैनात थे, जिनको यह पता था कि फर्म ब्लैक लिस्टेड है। इतना नहीं नियमों बात करे तो ब्लैक लिस्ट होने के बाद फर्म के बारे में नगर निगम और जनपद के सभी स्थानीय निकायों को सूचना देनी चाहिए लेकिन कुछ कर्मचारियों और अधिकारियों की मिलीभगत से पत्र को दबा दिया गया। इसके कारण नगर निगम के उद्यान विभाग के बड़े अधिकारियों को धोखा देने में फर्म सफल हो गई। अब जांच के घेरे में आने के बाद मिलीभगत करने वाले कर्मचारी और अधिकारी सफाई देकर कार्रवाई से बचने का जुगाड़ लगा रहे हैं। पर नगर आयुक्त की सख्ती के बाद ऐसा करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

# 15 करोड़ रुपये से कराए जा रहे कटानरोधी काम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नदियों के किनारे कहीं बोल्डर स्पर निर्माण तो कहीं कराए जा रहे बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य

**अमृत विचार :** जिले को बाढ़ की आफत से बचाने के लिए 15 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। यह धनराशि सबसे अधिक बाढ़ प्रभावित 15 गांवों की सुरक्षा पर खर्च होगी। चिन्हित गांवों में नदियों के किनारे कटान निरोधक, बोल्डर स्पर निर्माण, बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य शुरू होने के साथ ही अफसर निगरानी में जुटे हैं।

बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता नीरज कुमार बताते हैं कि जिले में रामगंगा, किच्छा, बहगुल, देवहा नदियों से जनपद के करनपुर, गहबरा, बिहारीपुर समेत लगभग 15 गांवों को बाढ़ का खतरा है। इनमें रामगंगा नदी के दायें किनारे पर भगवानपुर रुकमपुर तटबंध पर ढाई करोड़ से कटान रोधी कार्य, पूर्वीगंगा के तहत दोजोरी नदी के दायें किनारे पर ग्राम करनपुर की सुरक्षा के लिए साढ़े तीन करोड़ रुपये से कटान निरोधक कार्य, कंचनपुर मधुकर में ढाई करोड़ से कटान निरोध कार्य होगा। इसके अलावा देवहा नदी के दायें किनारे पर ग्राम इनौनिया मोहनपुर, कस्बा शाही आदि की सुरक्षा के लिए कटान रोधी कार्य पर 1.90 करोड़, रामगंगा के दायें किनारे स्थित ग्राम गुजराही, ऐंठपुर, रम्पुरा इनायतपुर, गोठा की सुरक्षा के लिए दो बोल्डर स्पर के निर्माण पर पांच करोड़ रुपये, बहगुल नदी के किनारे ग्राम सैदपुर, पचौमी, भगवानपुर फुलवा की बाढ़ सुरक्षा के कार्य पर दो करोड़ रुपये खर्च होंगे। रामगंगा नदी के बायें स्थित गोविंदपुर एवं तोमड़िया में बाढ़ सुरक्षा परियोजना के लिए 1.10 करोड़ रुपये मिले हैं। सभी जगह कटान निरोधक कार्य चल रहे हैं।



कंचनपुर गांव में चल रहा बाढ़ सुरक्षा कार्य।

### बाढ़ की चपेट में आते हैं ये गांव

बरसात के दिनों में नदियों में आने वाली बाढ़ से बहेड़ी के गांव नगरिया कला, कबरा किशनपुर, बरीपुरा, रजपुरा, कस्बापुर, कमालपुर मीरपुर, धर्मपुरा, बैरमनगर, डुंगरपुर देहात, गौंटिया बैरमनगर, गौंटिया मोहम्मदपुर, मीरगंज में सुल्तानपुर, धर्मपुरा, मीरपुर, दुनका, बफरी अब्दुलनबीपुर, जुन्हाई, फरीदपुर में कपूरपुर, हाजीपुर, खेमुनगला, करनपुर, गहबरा, नवाबगंज में बिहारीपुर, इनौनिया मोहनपुर गुजराही, ऐंठपुर, रम्पुरा इनायतपुर, भगवानपुर आदि गांव बाढ़ से घिर जाते हैं।

### 35 शरणालयों का चयन, 49 चौकियां हैं प्रस्तावित

बाढ़ खंड के एक्सईएन नीरज कुमार ने बताया कि इस बार बाढ़ से निपटने की तैयारी विभाग ने शुरू कर दी हैं। 35 शरणालयों का चयन किया जा चुका है, जबकि 49 बाढ़ चौकी प्रस्तावित की हैं। सहायक अभियंताओं और अवर अभियंताओं की तटबंधों पर ड्यूटी आंवटित कर दी गई है। एक्सईएन के मुताबिक रामगंगा नदी में अब तक 2021 में बाढ़ के दौरान सबसे ज्यादा पानी आया था। बाढ़ आने के दौरान देवहा, बहगुल, किच्छा, अप्सरा, कैलाश, भाखड़ा, कुल्ली, पीलाखार, धौरा आदि नदियां जिले के करीब 150 गांव को अपनी जद में ले सकती हैं। इसको लेकर विभाग ने अपने स्तर से तैयारी शुरू कर दी है।

# सेफ सिटी बनाने की योजना, मगर इमरजेंसी वाइस कॉल बॉक्स हैं खराब

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- किसी का बटन गायब तो किसी में नेटवर्क ही नहीं

**अमृत विचार :** शहर को सेफ सिटी के रूप में विकसित करने के लिए करीब तीन साल पहले छह सार्वजनिक स्थलों इमरजेंसी वॉयस कॉल बॉक्स लगाए गए हैं लेकिन देखरेख के अभाव में अधिकांश जगहों पर बाक्स खराब पड़े हुए हैं। कुछ जगहों पर तो कॉल बॉक्स के बटन टूट चुके हैं।

स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत वर्ष 2022 में वॉयस कॉल बॉक्स लगाए गए थे ताकि आपात स्थिति में कोई सीधे पुलिस कंट्रोल रूम से संपर्क कर सकता है। कॉल बॉक्स का बटन दबाते ही वहां की लोकेशन पुलिस को मिल जाए और तुरंत मदद की जा सकें। यह सिस्टम महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष रूप से उपयोगी है क्योंकि यह जीपीएस आधारित है और 24 घंटे काम करता है।

मौजूदा समय में हालत यह है कि कई स्थानों पर ये बॉक्स खराब पड़े हैं। कई तो पूरी तरह निष्क्रिय हो चुके हैं। कई में वायरिंग की समस्या है, तो कई में न तो बिजली की आपूर्ति हो रही है और न ही नेटवर्क कनेक्टिविटी है।




नगर निगम के पास लगा कॉल बॉक्स।

### इन स्थानों पर लगे हैं कॉल बॉक्स

शहर में झुमका चौराहा, राजकीय गर्ल्स इंटर कॉलेज, सेटेलाइट बस स्टैंड, नैनीताल रोड पर मिनी बाइपास, फिनिक्स मॉल के पास, गांधी उद्यान में कॉल बॉक्स लगाए गए थे। इसमें से अधिकांश जगहों पर कई लोगों को पता भी नहीं है कि यहां पर यह सुविधा है।

## ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्रियों की दिक्कतें बढ़ीं

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली जंक्शन पर सोमवार को यात्रियों को ट्रेनों के देरी से आने से काफी परेशानी हुई।

22453 राज्यरानी सुपरफास्ट अपने निर्धारित समय से 45 मिनट देरी से बरेली जंक्शन पहुंची। इसके अलावा फिरोजपुर स्पेशल पांच घंटे, 04207 नई दिल्ली स्पेशल आठ घंटे, 12036 पूर्णागिरी जनशताब्दी एक्सप्रेस 45 मिनट, 15075 त्रिवेणी एक्सप्रेस आधा घंटा देरी से आई। इसके अलावा अवध असम 45 मिनट, 13152 कोलकाता एक्सप्रेस 40 मिनट देरी से आई। रेलवे अधिकारियों के अनुसार कुछ ट्रेनें अन्य स्टेशनों पर रोकने के कारण देरी से पहुंचीं। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से सहयोग की अपील की है।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
5 जून अयोध्या में दिव्य श्री रामदरबार विग्रह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

# सशक्त प्रयासों से एमएसएमई से जुड़ी समस्याओं का कराएंगे समाधान

## अभिनंदन समारोह में बोले आईआईए के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल, कहा, भरोसा दिलाते हैं, उद्योग की समस्या हमारी चिंता रहेगी, हर अड़चन को कराएंगे दूर

कार्यालय संवाददाता, बरेली



अभिनंदन समारोह में आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल का स्वागत करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार



सिविल लाइंस में एक होटल में आयोजित अभिनंदन समारोह में मौजूद उद्यमी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** आईआईए के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने कहा कि वह संस्था को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने की हर मुमकिन कोशिश करेंगे। संस्था के साथ 38 सालों का सफर है। इस सफर को आप सभी के सहयोग से और यादगार बनाने की कोशिश रहेगी। उद्योगों को बढ़ावा देने की प्राथमिकता रहेगी। उद्यमियों की समस्याओं के निदान के लिए हर स्तर पर पूरी मजबूती के साथ प्रयास करेंगे। भरोसा दिलाते हैं कि उद्यमियों की समस्या हमारी चिंता रहेगी।

उन्होंने ये बातें सोमवार रात सेंट्रल यूपी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से गांधी उद्यान स्थित एक होटल में आयोजित अभिनंदन समारोह में कहीं। बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उद्यमियों का दर्द और उनकी समस्या से भलीभांति वाकिफ हैं। हर चुनौतियों से पार पाने की कोशिश करेंगे।

इस मौके पर चैंबर के अध्यक्ष राजीव सिंघल ने कहा कि बरेली उद्योग जगत के लिए इससे बड़ा गौरवशाली क्षण और क्या होगा, जब हम सबके बीच से निकलकर अत्यंत प्रतिभाशाली, मेहनती और कर्मठ उद्योगपति दिनेश गोयल को आईआईए में राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया है। बोले कि यह हमारी संस्था के लिए गौरवान्वित करने वाली बात है कि वह चैंबर ऑफ कामर्स के पूर्व अध्यक्ष भी रह चुके हैं। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने बरेली के उद्योगों के विकास के लिए कई कार्य किए।

संस्था के सचिव अल्पित अग्रवाल ने कहा कि सभी को उम्मीद ही नहीं, बल्कि पूरा भरोसा है कि उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कई अच्छे कार्य होंगे। पूर्व अध्यक्ष सुरेश सुंदरानी ने कहा कि बरेली के औद्योगिक जगत के लिए यह गर्व का विषय है।

संस्था के उपाध्यक्ष रवि प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि उन्हें अब पूरी उम्मीद है कि एमएसएमई की समस्याओं के निस्तारण के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष का भरपूर सहयोग मिलता रहेगा। संस्था के वरिष्ठ सदस्य एसके सिंह ने कहा कि यह बड़ी उपलब्धि है। मेहनत और लगन से किया जाने वाला कोई भी काम व्यर्थ नहीं जाता। राष्ट्रीय अध्यक्ष के पुत्र सजल गोयल ने इस उपलब्धि को बरेली के साथ ही राज्य के उद्योगों के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण बताया।

संस्था के पूर्व अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक अभिनव अग्रवाल ने कहा कि दिनेश गोयल के आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होना बरेली के औद्योगिक जगत के विकास के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा।वह औद्योगिक विकास के साथ ही अब एमएसएमई से संबंधित समस्याओं को सरकार के सहयोग से समाधान कराने में अहम भूमिका निभाएंगे।

इससे पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया गया। पूर्व अध्यक्ष किशोर कटरू, वीएस अग्रवाल, रवि अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, राज गोयल, अजय शुक्ला, नीरज गोयल, शेखर अग्रवाल, उन्मुक्त सम्भव शील, अभिनव कटरू, अभिषेक कटरू, तनुज भसीन, रवि शर्मा, रविन्दर रायजादा, राजेश गुप्ता, अमित अग्रवाल, आलोक कुमार, पार्थो कुनार, भावेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### बाइक सवार को घेरकर पीटा, चाकू से किया हमला

**बरेली, अमृत विचार :** बाइक से जा रहे युवक के साथ चार लोगों ने घेरकर मारपीट की और चाकू मारकर घायल कर दिया। युवक की शिकायत पर थाना बारादरी पुलिस मामले की जांच कर रही है। एजाजनगर गौटिया निवासी उवैस बाइक से रविवार रात घर जा रहा था। रास्ते में पुराना कब्रिस्तान के पास उसे चार लोगों ने घेर लिया और मारपीट की। आरोपियों में से एक ने उसपर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया।

### पड़ोसी ने महिला पर किया चाकू से हमला

**बरेली, अमृत विचार :** महिला पर पड़ोसी के बेटे ने चाकू से हमला कर दिया। महिला ने थाना सुभाषनगर में तहरीर दी है। सुभाषनगर की गली नंबर 5 निवासिनी शालू अरोड़ा ने बताया कि उनका बेटा बसंत रविवार रात देर से घर आया। इस पर वह बेटे को डांट रहीं थी। इस दौरान पड़ोसी किरायेदार ने विरोध किया। विरोध करने पर बसंत और किरायेदार के बेटे के बीच कहासुनी हो गई। किरायेदार के बेटे ने बसंत पर चाकू से हमला कर दिया, उन्होंने बचाने का प्रयास किया तो उनके भी चाकू लग गया। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### देश विरोधी पोस्ट करने पर युवक पर मुकदमा

**बहेड़ी, अमृत विचार :** गांव सकरस निवासी एक युवक को इंस्टाग्राम पर खालिस्तान जिंदाबाद की स्टोरी लगाना महंगा पड़ गया, आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। गांव सकरस निवासी निखिल शर्मा ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर एक स्टोरी लगे जिस पर खालिस्तान जिंदाबाद लिखा गया था। जिस पर पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए आरोपी युवक दिनेश शर्मा के खिलाफ देश विरोधी संलिप्त व आम जनता की भावनाएं भड़काने की जिज्ञासा के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।

# लोकल फाल्टों से कई इलाकों में बिजली संकट

## भीषण गर्मी में परेशान होते रहे लोग, हेल्प डेस्क पर की शिकायतें लेकिन नहीं हुआ समय पर समाधान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** लोकल फाल्टों की वजह से शहर के कई इलाकों में बिजली संकट रहा। भीषण गर्मी में लोग परेशान होते रहे। दिनभर रामपुर बाग स्थित हेल्प डेस्क का फोन घनघनाता रहा। तमाम लोगों ने बिजली समस्या से जुड़ी शिकायतें दर्ज कराईं लेकिन समय पर समाधान नहीं हुआ।

सोमवार रात 8 बजे कुतुबखाना सब स्टेशन के ट्रांसफार्मर का फेस खराब होने से बांस मंडी, सरायखाम फीडर और कुमार टाकीज इलाके में आपूर्ति प्रभावित रही। शाहदाना सब स्टेशन क्षेत्र में नई बस्ती पानी की टंकी के पास पोल से बिजली खराब हो गई। वहीं, लोकल फाल्ट से सुरेश शर्मा नगर, चंद्र शेखर पार्क आदि स्थानों पर काफी देर तक बिजली गुल रही। इसके अलावा सिविल लाइंस के बरेली क्लब, आवास विकास कालोनी, कोहड़ापीर इलाके में फेस नहीं आने की समस्या रही। शाम 7 बजे हरूनगला में ट्रांसफार्मर में खराबी से एक घंटे बिजली गुल रही।

सीबीगंज और सनसिटी में भी फेस नहीं आने की समस्या रही। रामपुर



सीबीगंज में ट्रांसफार्मर ठीक करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

बाग, हिंद टाकीज, काजी टोला, डीडीपुरम, कटरा मान राय, कुंवरपुर, सुभाषनगर, मढ़ीनाथ, सर्किट हाउस चौराहा, जेल रोड, जगतपुर, पवन विहार, बन्नूवाल पार्ट 2, आशुतोष सिटी, दुर्गानगर, किला, परसखेड़ा, डेलापीर आदि स्थानों पर भी लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग की समस्या से उपभोक्ता परेशान हुए। शटडाउन लिए जाने के कारण बिहारीपुर, इस्लामिया रोड स्थित बाजार, बड़ी बमनपुरी, मलूकपुर, कृष्णपुरी, कुंवरपुर, मढ़ीनाथ, बदायूं रोड, शांति विहार समेत कई इलाकों में सप्लाई दोपहर दो से शाम 4 बजे तक बाधित रही। अफसर उपकेंद्रों पर लोड अधिक होने से शटडाउन लेने की बात कर रहे हैं।

**दुर्गानगर और कुतुबखाना में आज बंद रहेगी बिजली :** 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र दुर्गानगर पर मंगलवार को ट्रांसफार्मर का फ्यूज सेट बदलने के चलते जोगी नवादा, बनखंडीनाथ रोड, गोसाईं गौटिया, सुरेश शर्मा नगर, लक्ष्मी नगर, सैनिक कॉलोनी आदि की आपूर्ति सुबह 10 से 12 :00 बजे तक प्रभावित रहेगी। इसके अलावा कुतुबखाना विद्युत उपकेंद्र पर फ्यूज सेट लगाने का कार्य किया जाएगा। उपकेंद्र से जुड़े समस्त फीडर की आपूर्ति अपराह्न 1 से 3 बजे तक बाधित रहेगी। इससे कुतुबखाना, आलमगीरीगंज, बड़ी बामनपुरी, बड़ा बाजार, कोहड़ापीर आदि इलाकों में आपूर्ति बंद रहेगी।

### बिजली संकट से परेशान छात्रों का रुहेलखंड विश्वविद्यालय में कुलपति आवास पर देर रात में धरना, परीक्षा हुई स्थगित

- बिजली आपूर्ति प्रभावित होने से विश्वविद्यालय के मुख्य छात्रावास के छात्र गर्मी से हुए बेहाल
- परीक्षा की तैयारी हुई प्रभावित रात में तीन बजे छात्र संगठनों ने शुरू किया विरोध

**बरेली, अमृत विचार :** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के मुख्य छात्रावास में बिजली आपूर्ति बाधित होने से नाराज सैकड़ों छात्रों ने रविवार देर रात से सोमवार सुबह तक कुलपति आवास के बाहर जोरदार धरना प्रदर्शन किया। बिजली न आने से छात्र गर्मी में बेहाल हो गए और उनकी परीक्षा की तैयारी भी प्रभावित हुई। हालांकि बाद में विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा स्थगित कर दी गई। छात्रों का कहना था कि पूरी रात छात्रावास में बिजली नहीं आई और पंखे बंद रहे। मोबाइल भी चार्ज नहीं हो सके। भीषण गर्मी और उमस के कारण कई छात्र बीमार भी पड़ गए। छात्रों को सबसे अधिक चिंता सोमवार सुबह होने वाली परीक्षा की थी, क्योंकि गर्मी की वजह से वे तैयारी नहीं कर पा रहे थे। छात्रों के कई बार विश्वविद्यालय प्रशासन को सूचित करने के बाद भी कोई समाधान नहीं हुआ। इसके बाद रात तीन बजे छात्र समूह बनाकर कुलपति आवास पर पहुंचे और धरना शुरू कर दिया। छात्रों के समर्थन में छात्र संगठन भी पहुंच गए। हालांकि बाद में बिजली आई। छात्रों के प्रदर्शन को समर्थन देने समाजवादी छात्र सभा (सछास) के जिलाध्यक्ष अविनाश मिश्र और एबीवीपी के महानगर मंत्री आनंद कठेरिया अपने-अपने पदाधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और छात्रों की मांगों को प्रशासन के समक्ष रखा। छात्रों की प्रमुख मांगें नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना, जनरेटर की व्यवस्था करना और छात्रावास की बुनियादी सुविधाओं में सुधार करना थीं। प्रदर्शन को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन को सोमवार की परीक्षा स्थगित करनी पड़ी। मीडिया प्रभारी डॉ. अमित सिंह ने बताया कि विवि परिसर की 11 हजार वाली हाइटेंशन तार में समस्या आने से छात्रावास में बिजली संकट रहा। विवि परिसर के अधिकांश पाठ्यक्रमों की परीक्षा भी सोमवार को थी, परीक्षार्थियों की समस्याओं को देखते हुए परीक्षा को स्थगित किया गया। जल्द नई तिथि जारी होगी।

# ताजिया बवाल प्रकरण : शहजिल इस्लाम को तलब करने को कोर्ट में अर्जी

विधि संवाददाता, बरेली

- थाना शेरगढ़ क्षेत्र में 13 वर्ष पूर्व ताजिया उठने के दौरान हुआ था बवाल

**अमृत विचार :** थाना शेरगढ़ क्षेत्र में 13 वर्ष पूर्व ताजिया उठने के दौरान हुए बवाल में अभियोजन ने सेशन कोर्ट में अर्जी देकर धारा 319 सीआरपीसी के तहत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग कर विधायक भोजीपुरा शहजिल इस्लाम को बतौर अभियुक्त तलब किये जाने को अर्जी दी है। अदालत ने सुनवाई को 27 जून की तिथि नियत की है।

सरकारी वकील हरेन्द्र सिंह राठौर ने बताया कि तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक शेरगढ़ रामवीर सिंह यादव ने मुकदमा दर्ज कराया था कि 24 नवम्बर 2012 को कस्बापुर ग्राम में ताजिया जुलूस रखने के स्थान पर विवाद हुआ था। संभ्रांत व्यक्तियों के सहयोग से विवाद का निस्तारण कराया गया था। 25 नवम्बर 2012 को रात करीब 9:30 बजे मुस्लिम पक्ष द्वारा प्रस्तावित भूमि पर ताजिया न रखकर विवादित भूमि पर रख दिया गया। इसका हिंदू समुदाय के लोगों ने विरोध किया। इसके बाद मामला बिगड़ गया। पथराव और आगजनी की कोशिश की गई। आरोप लगाया है कि 25 नवम्बर 2012 को भोजीपुरा के विधायक शहजिल इस्लाम ने इंस्पेक्टर को सीयूजी नम्बर पर फोन कर धमकी भरे शब्दों में कहा था कि कस्बापुर का ताजिया विवादित भूमि पर नहीं रखने दिया गया तो शेरगढ़ कस्बे में विभिन्न गांवों से आए हुए ताजिये रोक दिये जाएंगे।

इसके बाद कस्बापुरवासियों ने अपने गांव के ताजिये को विवादित भूमि पर रखने की जिद की। पुलिस के ऐसा न करने देने पर आसपास से आए ताजियेदारों ने विभिन्न मार्गों पर ताजिये रखकर सभी मार्ग अवरुद्ध कर दिये थे। इससे दोनों पक्षों में पथराव कर आगजनी की कोशिश की गई थी, पुलिस पार्टी के ऊपर भी पथराव किया गया। सीओ बहेड़ी का वाहन क्षतिग्रस्त कर दिया था। बवाल प्रकरण में पुलिस ने 18 नामजद व 30-35 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। इसमें एफआईआर में विधायक को भी अभियुक्त बनाया था।

अभियोजन ने कोर्ट में दी अर्जी में उल्लखित किया कि विधायक शहजिल ने अपनी शक्ति का नाजायज इस्तेमाल कर विवेचना से अपना नाम हटवा दिया था, जबकि उनके उकसावे के कारण ही बवाल हुआ था। कोर्ट में तीन गवाहों ने शहजिल इस्लाम की धमकी का जिक्र भी किया है।

# कनाडा में एमबीबीएस में दाखिला कराने के नाम पर 16 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आरोपियों ने फर्जी हस्ताक्षर करके बना लिया समझौतानामा

**अमृत विचार :** कनाडा में एमबीबीएस में एडमिशन कराने के नाम पर पीलीभीत के जालसाज ने एक व्यक्ति से 16 लाख रुपये ठग लिए। जब व्यक्ति ने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर व्यक्ति के फर्जी हस्ताक्षर कर समझौतानामा तैयार कर लिया। आरोपी ने पीड़ित और उसके बेटे को जान से मारने की धमकी दी। एसएसपी के निर्देश पर थाना बिथरी चैनपुर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बिथरी थाना क्षेत्र के गांव किशनपुर निवासी भीमसेन ने बताया कि उन्होंने अपने बेटे संतोष कुमार वर्मा को पढ़ाई के लिए कनाडा भेजने के लिए लवप्रीत सिंह खोसा निवासी मोरनिया गांधी थाना पूरनपुर जनपद पीलीभीत से 16 अगस्त 2024 को संपर्क किया था। तब उसने झांसा देकर उससे झूठे प्रपत्रों पर हस्ताक्षर करा लिए थे। आरोपी ने उससे 10 लाख रुपये एडमिशन फीस और छह लाख रुपये जीआईसी का लिया, लेकिन संतोष का दाखिला नहीं हो सका। इस पर जब उन्होंने आरोपी से पैसे वापस मांगे तो उसने कहा कि 2.75 लाख काट कर रुपये वापस करेगा। उस समय गवाह रुद्र प्रताप सिंह था। इसके बाद आरोपी ने फोन उठाना बंद कर दिया। सामने मिलने पर आरोपी ने कहा कि तुम अपने पैसे भूल जाओ। गवाह रुद्र प्रताप सिंह भी मुकर गया। आरोपी ने धमकी दी कि यदि पैसे मांगे तो तुम्हें और तुम्हारे बेटे को मौत के घाट उतार दिया जाएगा। एसएसपी के निर्देश पर बिथरी पुलिस ने आरोपी लवप्रीत सिंह खोसा और रुद्र प्रताप सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# युवती के भागने की भ्रामक सूचना देने पर पिता-पुत्र पर रिपोर्ट दर्ज

**बहेड़ी, अमृत विचार :** एक व्यक्ति ने फर्जी नाम से युवती का रिश्ता तुड़वाने के लिए उसके होने वाले दामाद को भ्रामक सूचना देने पर पिता और पुत्र के खिलाफ बहेड़ी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पीड़ित व्यक्ति ने बताया उसने बेटी का रिश्ता महाराजपुर पिंदारी के रहने वाले एक युवक से तय किया है। उसका कहना है गांव के ही एक सद्दाम उर्फ जलील ने फर्जी नाम से उसके दामाद को फोन करके कह दिया कि उसकी होने वाली पत्नी घर से भागने के 25 दिन बाद लौटी है। उसने जब सद्दाम से इस बात की शिकायत की तो सद्दाम और उसका पुत्र झगड़ा करने लगे और गलियां देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे।

# आर्मी कैंटीन में नौकरी लगवाने के नाम पर साढ़े सात लाख ठगे

संवाददाता, कैंट

**अमृत विचार :** एमईएस कर्मी ने नौकरी लगवाने के नाम पर युवक से 7.5 लाख रुपये की ठगी कर ली। उसे फर्जी ज्वाइनिंग लेटर भी दे दिया। ढाई साल तक नौकरी न लगने पर पीड़ित ने अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने मामले की शिकायत डीआईजी से की। डीआईजी के आदेश पर थाना कैंट पुलिस ने सोमवार को आरोपी और उसके बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

थाना हाफिजगंज के गांव कमुआ हरहरपुर मटकली निवासी प्रवेश कुमार ने बताया उनकी जान पहचान के थाना नवाबगंज के जादौंपुर गांव निवासी विजेंद्र कुमार ने थाना कैंट क्षेत्र के निवासी राम बहोरन और उसके बेटे अमन से मुलाकात कराई थी। राम बहोरन ने उससे कहा वह एमईएस में कार्यरत है और उसकी नौकरी आर्मी कैंटीन में लगवा देगा। नौकरी लगवाने के बदले में 9 लाख रुपये की मांग की। उन्होंने फरवरी 2023 में 5 लाख रुपये नकद थाना भुता के कीरतपुर निवासी विजेंद्र कुमार और वेदपाल के सामने कैंट स्थित गरुड़ द्वार पर दिए थे। इसके अलावा अलग-अलग तिथियों में ढाई लाख रुपये ऑनलाइन आरोपी के खाते में भेजे। दिसंबर 2023 में आरोपी ने कूटरचित, फर्जी ज्वाइनिंग लेटर पीड़ित को दे दिया और कहा 2 से 4 दिन में उसे ज्वाइनिंग मिल जाएगी। जब उसे ज्वाइनिंग नहीं मिली, तो उसने आरोपियों से अपनी रकम वापस मांगी, पहले तो आरोपी आजकल करके टाल मटोल करते रहे। ढाई साल बीत जाने के बाद रकम मांगने पर गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने मामले की शिकायत डीआईजी से की।

# स्कूल और कालेजों के समीप 216 दुकानदार नशीले पदार्थ बेचते पकड़े

**बरेली, अमृत विचार :** युवा पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभाव से बचाने और स्वस्थ समाज के निर्माण के उद्देश्य से बरेली पुलिस ने सोमवार से 15 दिवसीय अभियान शुरू किया है। इसमें समस्त थाना क्षेत्रों में शैक्षणिक संस्थानों के आसपास सिगरेट, तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री करने वालों के विरुद्ध विशेष चेकिंग कर कार्रवाई की जाएगी। पहले दिन 242 स्कूल-कालेज के समीप चेकिंग की गई। इसमें 216 दुकानदार नशीले पदार्थ बेचते पकड़े गए। 44 हजार रुपये समन शुल्क वसूला। तीन मामलों में मुकदमा दर्ज किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देशन में थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में स्कूलों-कॉलेजों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में स्थित दुकानों की चेकिंग की। अभियान सिगरेट और



दुकान पर जांच करती पुलिस।

- शैक्षणिक संस्थानों के आसपास सिगरेट-तंबाकू विक्रेताओं के विरुद्ध चला अभियान

अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन और वाणिज्य नियमन) अधिनियम, 2003 (सीओटीपीए) के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए चलाया गया। इसमें शैक्षणिक संस्थानों के निकट तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर सख्त प्रतिबंध है। अभियान के दौरान कई दुकानों पर अनियमितताएं मिलीं। संबंधित दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस की ओर से जारी थानावार की गई कार्रवाई के अनुसार कोतवाली क्षेत्र में 11, प्रेमनगर क्षेत्र में 7, कैंट थाना क्षेत्र में 9, किला क्षेत्र में 5, सुभाषनगर क्षेत्र में 3, सीबीगंज क्षेत्र में 7, बारादरी क्षेत्र में 52, इज्जतनगर क्षेत्र में 22, मीरगंज क्षेत्र में 8, सिरौली क्षेत्र में 9, शाही क्षेत्र में 2 मामले पकड़े। यहां 2 मुकदमे भी दर्ज किए। आंवला क्षेत्र में 10, अलीगंज में पकड़े गए मामले में मुकदमा दर्ज कर 2000 रुपये समन शुल्क वसूला। भमौरा क्षेत्र में 8, विशारतगंज में 2, फरीदपुर में 5, फतेहगंज पूर्वी में 4, फतेहगंज पश्चिमी में 4, भोजीपुरा में 11, बहेड़ी में 5, शीशगढ़ में 14, शेरगढ़ में 2, नबावगंज में 7, हाफिजगंज में 8 मामले पकड़े गए। अभियान के दौरान सभी थानों में 154 टीमें गठित की गईं।

# बरेली से राजस्थान तक नफरत फैलाने का काम कर रहा हैदरी दल

कार्यालय संवादाता, बरेली

- नफरत फैलाने के लिए इंस्टाग्राम पर कई नाम से बना रखी हैं आईडी
- स्टेटस पर डाला सीओ प्रथम का फोटो लिखा-मामला निपट गया है

**अमृत विचार :** देश में नफरत फैलाने की फिराक में हैदरी दल ने कई आईडी बनाई हैं। इसका नेटवर्क बरेली से लेकर राजस्थान तक फैला है। इंस्टाग्राम पर हैदरी दल राजस्थान, हैदरी दल बरेली यूपी और हैदरी दल बरेली यूपी 25 के अलावा अन्य नाम से आईडी बनी हैं। सभी आईडी पर नफरत फैलाने के लिए ही लोगों को उकसाया जा रहा है। यही नहीं पिछले दिनों हैदरी दल के सदस्यों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होने के बाद स्टेटस पर सीओ प्रथम का फोटो डालकर लिखा कि मामला सॉल्व हो गया है।

बकरीद के दिन गांधी उद्यान में मुस्लिम लड़कियों का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित करने वाला हैदरी दल बरेली ही नहीं बल्कि राजस्थान तक फैला हुआ है। ये और बात है कि बकरीद वाले दिन इसके सदस्य अपनी हरकतों की वजह से समाज के सामने बेनकाब हो गए। मामला मीडिया में आने और सोशल मीडिया साइट एक्स पर शिकायत किए जाने के बाद पुलिस ने हैदरी दल के सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। यह मामला साइबर सेल को ट्रांसफर करने के




इंस्टाग्राम आईडी पर भड़काऊ पोस्ट।

बाद जांच कराई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ये दल बरेली ही नहीं बल्कि देश के अन्य हिस्सों में नफरत फैलाने के लिए बनाया गया है, इसलिए इस पर कार्रवाई जरूरी है।

**खुफिया एजेंसियां हुई फेल :** इंस्टाग्राम पर कई माह से चल रहा हैदरी दल अब तक किसी भी खुफिया एजेंसी के सामने नहीं सका है। इसकी वजह से ये दल खुलेआम यूपी से लेकर राजस्थान तक दूसरे समुदाय की युवतियों की आजादी पर पाबंदी लगा रहा है। लोगों का कहना है कि आखिर इन्हें हक किसने दिया कि किसी बहन बेटी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करें।

### नफरत फैलाने वाले वीडियो पोस्ट किए

हैदरी दल यूपी और राजस्थान में नफरत फैलाने का काम कर रहा है। इंस्टाग्राम पर इसकी कई आईडी हैं। इनमें हैदरी दल राजस्थान, हैदरी दल बरेली यूपी, हैदरी दल यूपी 25 बरेली और जंग-ए-बदर नाम से हैं। सभी इंस्टाग्राम आईडी पर पोस्ट किए गए अधिकांश वीडियो में नफरत फैलाने वाली बातें कही गईं हैं। जंग ए बदर नाम से बनी इंस्टाग्राम आईडी के बायो में लिखा है कि तुम्हारे आका की शान में गुस्ताखियां हो रही है, उठो जिहाद की तैयारी करो। वहीं इसी आईडी पर लिखा है कि गुस्ताख को सिर्फ एक ही भाषा समझ आती है और वह जुबान है तलवार की। इसी आईडी पर लिखा है कि आई लव जिहाद। इंस्टाग्राम पर इन आईडी से की जा रही भड़काऊ बयानबाजी से संभ्रांत और शिक्षित लोग नाराज हैं। लोगों का कहना है कि नफरत फैलाने वाले हैदरी दल के लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। हैदरी दल बरेली नाम के अकाउंट पर 8 भड़काऊ पोस्ट पड़ी हैं।

### स्टेटस पर लगाया सीओ प्रथम का फोटो




हैदरी दल के सदस्य इतने बेखौफ हैं कि उन्हें पुलिस अधिकारियों की भी परवाह नहीं है। ये ही वजह है कि हैदरी दल बरेली नाम के इंस्टाग्राम अकाउंट के स्टेटस पर सीओ प्रथम की फोटो लगाकर लिखा है कि अल्हम्दुलिल्लाह केस साल्व हो गया है। डरने की कोई बात नहीं है। हम कस्गस्त नहीं हैं। सीओ का फोटो लगाने से ये निश्चित हो गया है कि इस दल के हौसले बढ़े हुए हैं। बताया जाता है कि ये संगठन देश के कई प्रांतों में सक्रिय है।

# भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारी पर दुष्कर्म के प्रयास का आरोप

- एसएसपी को दिया शिकायती पत्र पांच घंटे बंधक बनाने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारी पर महिला ने दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगाते हुए अपने पति समेत चार लोगों के खिलाफ सोमवार को एसएसपी को शिकायती पत्र दिया है। उधर, एक ऑडियो वायरल हो रहा है, जिसमें महिला के साथ गाली-गलौज की जा रही है। यह ऑडियो भी भाजयुमो नेता का बताया जा रहा है।

इज्जतनगर थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला का अपने पति से विवाद चल रहा है। पीड़िता ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 1 जून को वह अपनी स्कूटी सही कराने के लिए जा रही थी। शाम को 6 बजे वापस आते वक्त रास्ते में उसका पति और भाजपा युवा मोर्चा के नेता के साथ दो अज्ञात युवक मिले। उन्होंने उसे रोका और जबरन कार में डाल लिया। इसके बाद एक मकान में ले गए और वहां बंद कर दिया। इसके बाद पति ने मारपीट की और दोबारा उसे भाजयुमो नेता के साथ कमरे में बंद कर दिया। महिला का आरोप है कि भाजयुमो नेता ने उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया और कपड़े फाड़ दिए। शोर मचाने पर मकान मालकिन ने उन्हें बचाया। पीड़िता ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

# मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली



सैयद उम्मे कुलसुम
क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट

मिलने का समय
सोमवार–बुधवार
पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक एवं 6 से 8 बजे तक
गुरूवार–शनिवार
दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- पागलपन
- बेवजह शक, भ्रम चिन्ता करना
- शीघ्र पतन, तनाव न आना
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद, मेनिया
- नशे की आदत
- याददाश्त कम होना, डिमेंशिया
- बच्चों में चंचलता
- बिस्तर गीला करना
- नींद न आना, ज्यादा आना
- बार-बार हाथ धोना OCD

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लिनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400


# चकबंदी अधिकारी सहित कई अफसरों की शिकायतें, जांच के आदेश

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील सदर में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस, शिकायतों के फर्जी निस्तारण पर जाहिर की नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 80 शिकायतें पहुचीं, डीएम ने सभी मामलों में जांच बैठाई
- राजस्व विभाग की 5 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर में सोमवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में चकबंदी अधिकारी, तहसीलदार, लेखपाल, कानूनगो सहित कई अन्य अधिकारी-कर्मचारियों की शिकायतें पहुंचीं। तालाब पर अवैध कब्जा कराकर पक्का निर्माण कराने, खलियान की भूमि पर कब्जा, अधिग्रहण की गई भूमि की धनराशि नहीं मिलने समेत 80 शिकायतें पहुचीं। जिलाधिकारी ने सभी प्रकरणों में एडीएम जे, एसडीएम, सीओ आदि अफसरों को जांचें सौंपी हैं।

बहेड़ी के ग्राम आमखेड़ा माजरा जोतपुर निवासी कमलेश पत्नी स्व. श्याम लाल ने शिकायत कर कहा है कि राजस्व अभिलेखों में खलियान में दर्ज गाटा संख्या 473, रकवा 0.575 की भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण कर लिया। लेखपाल और कानूनगो के संरक्षण में अवैध कब्जे हो रहे हैं।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने एसडीएम बहेड़ी को कार्रवाई के आदेश दिए हैं। फरीदपुर के ग्राम गिरधरपुर जयदेव राम निवासी हीरालाल ने शिकायत की कि 26 मई को उसने रजिस्टर्ड डाक से खाता, गाटा संख्या व खसरा पर आबादी शब्द के जुल्म से संबंधित प्रार्थना पत्र भेजा। चकबंदी अधिकारी पर फर्जी निस्तारण कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजने का आरोप लगाया। डीएम ने जिला बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी को जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।



सदर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस में सुनवाई करते डीएम। ● अमृत विचार

### कोई फाइल तीन दिन से अधिक न रोकें

डीएम ने तहसील दिवस में प्राप्त हुई शिकायतों के रजिस्टर की समीक्षा की। एक-एक कर शिकायतकर्ताओं से फोन पर वार्ता की। उन्होंने पाया कि कुछ शिकायतों का निस्तारण अभी नहीं हुआ, लेकिन रजिस्टर पर निस्तारित दिखा दी गई हैं। इस पर नाराजगी व्यक्त की। मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश हैं कि कोई भी फाइल तीन दिन से अधिक रोकी न जाए।

### इतनी शिकायतें पहुंचीं

समाधान दिवस में 80 शिकायतें पहुचीं। इनमें राजस्व विभाग की 48, पुलिस विभाग की 15, विकास विभाग की 3, शिक्षा विभाग की 1, स्वास्थ्य विभाग की 2 व अन्य विभाग से जुड़ी 11 शिकायतें शामिल हैं। राजस्व विभाग की 5 शिकायतें मौके पर निस्तारित की गईं।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक, उपजिलाधिकारी सदर प्रमोद कुमार, तहसीलदार सदर आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

### इनकी शिकायतों पर जांच के आदेश

1- ग्राम बंडिया निवासी अब्दुल हमीद ने शिकायत देकर नगर निगम के अधिकारियों पर राजस्व विभाग के अधिकारियों से साठ-गांठ कर भूमि पर कब्जा करने का आरोप लगाया।

2- रम्पुरा माफी के ग्राम बैकुंठापुर निवासी जावेद ने शिकायत की कि वह कुष्ठ रोगी है। पेंशन के लिए आय प्रमाणपत्र बनाने को आवेदन किया, लेकिन तहसील सदर के लोग उसे चक्कर कटवा रहे हैं। एसडीएम को जांच दी गई।

3- ग्राम पंचायत पदारथपुर की प्रधान कमर जहां ने शिकायत कर बंदरों से क्षेत्रवासियों को छुटकारा दिलाने की मांग की।

4- बेहटी देहा जागीर निवासी केहर ने शिकायत की कि उसकी 8 बीघा जमीन हाईवे में अधिग्रहण की गई। खेत नंबर 2 एवं 11 है। कुछ लोगों ने फर्जीवाड़ा करके उसके हिस्से की जमीन की मिलने वाली धनराशि धोखाधड़ी कर अपने नाम में लेने की साजिश की।

5- अशोक विहार, नई दिल्ली निवासी नरेंद्र चंद्रा व राजेश चंद्रा के प्रबंधक राधेश्याम पुत्र राम विलास ने शिकायत की है कि फरीदपुर के ग्राम पचौमी स्थित गाटा संख्या 122 व 123 नंबर की कृषि भूमि 2010 में राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण के लिए अधिग्रहण की गई। इसका मुआवजा अभी तक नहीं मिला है।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002



डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai





मिलने का समय
(सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 8 बजे से 9 बजे तक
नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री
सुविधायें
- नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
- गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
- कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
- थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी

पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786


# जनता दर्शन में पहुंच रहीं शिकायतों का किया जा रहा फर्जी निस्तारण

- स्थानीय स्तर पर न्याय नहीं मिल पाने पर शिकायतकर्ता मुख्यमंत्री दरबार में पहुंच रहे
- लखनऊ और गोरखपुर पहुंचने पर मुख्यमंत्री कार्यालय ने जिलाधिकारी को भेजी चिट्ठी

**बरेली, अमृत विचार :** रोज सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक कलेक्ट्रेट और तहसीलों में आयोजित होने वाले जनता दर्शन में पहुंच रहीं शिकायतों का निस्तारण फर्जी तरीके से करने के मामले सामने आए हैं। स्थानीय स्तर पर न्याय नहीं मिल पाने की वजह से जनपद के तमाम शिकायतकर्ता गर्मी में मुख्यमंत्री के दरबार में शिकायत करने के लिए लखनऊ और गोरखपुर पहुंच रहे हैं। बड़ी संख्या में लोगों के मुख्यमंत्री के जनता दरबार में पहुंचने पर मुख्यमंत्री कार्यालय ने जिलाधिकारी को चिट्ठी भेजी है। इसके बाद जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को शिकायतों के सही निस्तारण के सख्त निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कहा कि अधिकारी जनता दर्शन, थाना दिवस व समाधान दिवस में नहीं बैठ रहे हैं। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए जनता दर्शन, समाधान दिवस, थाना दिवस में उपस्थित रहकर शिकायतकर्ताओं की समस्या का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। कहा कि जिस शिकायतकर्ता की शिकायत का निस्तारण करें, उसकी आख्या रजिस्टर में जरूर दर्ज करें। अधिकारियों को जारी की गई चिट्ठी में डीएम ने कहा कि अक्सर देखा गया कि कलेक्ट्रेट के जनता दर्शन एवं आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाले शिकायती पत्रों पर विभागाध्यक्षों के स्तर से प्राप्त होने वाली जांच आख्याएं पूर्ण एवं गुणवत्तापरक प्राप्त नहीं हो रहीं।

जिलाधिकारी ने कहा है कि अधिकांश आख्याएं शिकायतकर्ता को बिना सुने भेजी जा रहीं। जब ये आख्याएं शासन स्तर पर पहुंचती हैं, तब शिकायत का निस्तारण न होने के कारण शासन आख्याओं को सी श्रेणी में रखकर वापस भेज दे रहा है। यह स्थिति अत्यंत ही आपत्तिजनक है। आख्याओं की जिला स्तर पर समीक्षा करने पर यह संज्ञान में आया है कि शिकायतों की निस्तारण आख्याएं बिना दोनों पक्षों को सुने, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग का आपस में बिना समन्वय के शिकायत का निस्तारण एक ही विभाग कर रहा।

ग्राम समाज व चकरोड आदि पर कब्जे की शिकायतों का बिना स्थलीय निरीक्षण कर आख्या भेज देना शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं माना जाएगा। अधिकारी समझ लें, यदि कोई शिकायत दो विभागों से संबंधित है तो संबंधित विभाग एक दूसरे से समन्वय कर शिकायत का निस्तारण करते हुए सही आख्या भेजें। चिट्ठी में डीएम ने कहा, शिकायत के निस्तारण के संबंध में कई प्रकरणों में शिकायतकर्ताओं से फोन पर वार्ता की, जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि उन्हें बिना सुने शिकायत निस्तारित कर दी गई।

# मुंशीनगर की जर्जर सड़कों को ठीक कराया जाए



मेयर को ज्ञापन देने पहुंचे सम्राट मिहिर भोज समाज पार्टी के पदाधिकारी।

- सम्राट मिहिर भोज समाज पार्टी के नेताओं ने मेयर को सौंपा ज्ञापन

**बरेली, अमृत विचार:** वार्ड 10 बड़ी विहार के मुंशी नगर की खराब सड़कों को ठीक कराने की मांग को लेकर सम्राट मिहिर भोज समाज पार्टी के नेताओं ने सोमवार को मेयर को ज्ञापन सौंपा।

सम्राट मिहिर भोज समाज पार्टी की महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सुषमा शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता नगर निगम पहुंचे। जहां कुछ देर प्रदर्शन करने के बाद उन्होंने मेयर डॉ. उमेश गौतम से मुलाकात की। उन्हें ज्ञापन देते हुए बताया कि बड़ी विहार के मुंशी नगर में गोकुल डेयरी तक की सड़क जर्जर हो चुकी है, जो कई साल से खराब है, लेकिन नगर निगम के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसके अलावा कई अन्य सड़कें है, जहां हल्की बारिश में ही जलभराव हो जाता है। इसकी वजह से लोगों को दिक्कत होती है।

प्रदेश संगठन मंत्री जय पाल सिंह यादव ने बताया कि कई जगहों पर हमेशा गंदा पानी भरा रहता है, इसके कारण मच्छर पनप रहे हैं। संक्रामक रोग फैलने की आशंका है। महिला मोर्चा की सुषमा ने बताया कि बारिश के दिन में लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो जाता है। कई बार शिकायत की जा चुकी है मगर अभी तक समस्या का निदान नहीं हुआ है।

# बिना लाइसेंस दवा बेचने पर करें कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई। इसमें खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के खाद्य और औषधि की प्रवर्तन संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। डीएम ने बिना लाइसेंस के दवा बेचने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

डीएम ने औषधि विक्रेता संघ के प्रतिनिधि रितेश मोहन गुप्ता सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ विभागीय कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने आदेश दिया कि आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ और आवश्यक औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं और बिना औषधि लाइसेंस संचालित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कार्रवाई करें।

उन्होंने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिया कि वह अपने स्तर से दुकानों को एफएसएस एक्ट के तहत लाइसेंस बनवाने के लिए आदेश दें। जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिया कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का (आईसीडीएस) पंजीकरण एफएसएस एक्ट के तहत कराएं। एफएसडीए के अधिकारियों को बैठकों में प्रवर्तन कार्य की रिपोर्ट में प्रतिष्ठान वार सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में संचालित मीट प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करके पंजीकरण और लाइसेंस जारी करने और प्रतिष्ठानों पर अनियमितता पाये जाने पर कार्रवाई के निर्देश दिए। खाद्य एवं औषधि संगठन के आमंत्रित सदस्यों से फीडबैक लेकर प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई के लिए निर्देशित किया।

बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी, निरीक्षक बाट माप, जिला कृषि अधिकारी, संयुक्त आयुक्त कर वाणिज्य विभाग, मत्स्य एडीएफ, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, खाद्य एवं रसद, जिला सूचना अधिकारी समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।





जिला स्तरीय समिति की बैठक करते डीएम अविनाश सिंह।

### जाकिर हुसैन संग्रह अमीन संघ के तहसील सदर अध्यक्ष



**बरेली, अमृत विचार :** संग्रह अमीन संघ इकाई तहसील सदर के दो वर्ष पूर्ण होने पर सोमवार को बैठक हुई। तहसील सदर में हुई बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष सर्वेश कुमार, मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश, जिलाध्यक्ष अशोक कुमार गंगवार, जिला मंत्री जोरावर सिंह, जिला कोषाध्यक्ष प्रेमराज और अन्य पदाधिकारियों की देखरेख में तहसील सदर बरेली का चुनाव कराया गया। पदाधिकारियों ने संघ के प्रति अपने अपने विचार रखे। इस दौरान सर्वसम्मति से जाकिर हुसैन तहसील अध्यक्ष, कस्तूरी लाल उपाध्यक्ष प्रथम, संजय कुमार वर्मा उपाध्यक्ष द्वितीय, समरपाल सिंह तहसील मंत्री, आसिफ अली तहसील उप मंत्री, विनीत कुमार सिंह तहसील संगठन मंत्री, जगदीश सिंह बिष्ट तहसील कोषाध्यक्ष, रैइफै खान तहसील ऑडिटर चुने गए। प्रदेश अध्यक्ष ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण करायी।

### पार्षद ने बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की

**बरेली, अमृत विचार :** वार्ड-18 सिद्धार्थनगर में लटके हुए तारों और बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पार्षद सुधा सक्सेना ने नगर आयुक्त संजीव मौर्य को पत्र सौंपा है। पार्षद का कहना है कि घरों के ऊपर से गुजर रही 11 हजार की लाइन से हादसा होने का डर बना हुआ है। बार-बार कोशिश करने के बाद भी समस्या का निदान नहीं हो पा रहा है। बिजली विभाग से शिकायत की तो लाइन को किनारे से शिफ्ट करने के लिए 22 लाख रुपये का बजट बना दिया गया है। इतनी मोटी रकम वार्ड के लोग कैसे जुटा पाएंगे। उन्होंने समस्या के निदान की मांग की है।



### पीएम आवास योजना के गलत आंकड़े पेश करने पर डीएम हुए नाराज

**बरेली, अमृत विचार :** डीएम अविनाश सिंह ने सोमवार शाम कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा बैठक की। डीएम ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि जो भी पात्र और अपात्र लाभार्थी हैं, उनकी सूची बनाएं। जिन पात्र लोगों को आवास दें, उनकी फीडिंग पोर्टल पर अवश्य करें। बैठक में ईओ आंवला ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी का आंकड़े गलत प्रस्तुत कर दिए। इस पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए एसडीएम आंवला को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में पाया कि फरीदपुर नगर पंचायत, बहेड़ी नगर पंचायत में स्थिति अच्छी नहीं है, जिसमें सुधार करने के निर्देश दिए।

डीएम ने लीड बैंक मैनेजर वीके अरोरा को निर्देश दिए कि पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को ऋण देने में स्थिति अच्छी नहीं है, इसमें सुधार करने की आवश्यकता है। एडीएम फाइनेंस संतोष कुमार सिंह, एडीएम नगर सौरभ दुबे, अपर नगर आयुक्त शशि भूषण, पीओ डूडा राम जनम यादव आदि उपस्थित रहे।

# पार्टी ही सर्वोपरि, गुटबाजी से कमजोर होगा संगठन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** समाजवादी छात्रसभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं आंवला विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी दिग्विजय सिंह देव ने कहा कि एक बात सभी लोग समझ लें पार्टी ही सर्वोपरि है, इससे बढ़कर कुछ भी नहीं। पार्टी से सभी का वजूद है। जरूरी है कि सभी लोग मिलकर पार्टी हित में काम करें। गड़बड़ी और गुटबाजी किसी भी सूरत में शीर्ष नेतृत्व बर्दाश्त नहीं करेगा। अगर आपस में कोई बात है तो मिलकर बैठक सुलझा लीजिए।

वह सोमवार को मिशन कंपाउंड सिविल लाइंस स्थित पार्टी कार्यालय पर आयोजित मासिक समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर बैठक में पहुंचे दिग्विजय सिंह को संगठन के अंदर गुटबाजी की खबरें मिलीं। उन्होंने कहा कि 2027 के चुनाव को लेकर पार्टी गंभीर है। अगर संगठन में ही बिखराव होगा तो इससे पार्टी को ही नुकसान होगा। कहा कि वरिष्ठ नेताओं को भी कार्यकर्ताओं को एक समान सम्मान देना होगा। सभी को साथ लेकर चलेंगे तो पार्टी मजबूत होगी और चुनाव में एकजुटता हमें जीत दिलाने का काम करेगी।





सपा कार्यालय पर बैठक को संबोधित करते आंवला प्रभारी दिग्विजय देव। ● अमृत विचार

- समीक्षा बैठक में बोले समाजवादी छात्रसभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष
- कहा, सभी कार्यकर्ता एक समान, वरिष्ठ नेता दें सम्मान

अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष शिव चरन कश्यप ने संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। पूर्व विधायक सुल्तान बेग, पूर्व विधायक विजय पाल ने भी विचार रखे। संचालन जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव ने किया। रविन्द्र यादव, मनोहर पटेल, बृजेन्द्र यादव, डॉ. अनीस बेग, डॉ. देवेंद्र यादव, सुरेंद्र सोनकर, चौधरी बृजेंद्र सिंह, नदीम अली, श्यामवीर यादव, स्मिता यादव, संजीव कश्यप, सम्राट अनुज मौर्य, आशु गंगवार, शशि चंद्रा समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### सपा सरकार बनने पर छात्र संघ के चुनाव के लिए खुलेंगे ताले

समीक्षा बैठक के बाद दिग्विजय सिंह देव ने मीडिया से बातचीत करते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधा। कहा कि, यह पार्टी दलितों, अल्पसंख्यकों को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। गरीबों को मुफ्त में राशन बांटकर सरकार उनकी प्रतिभा को खत्म कर रही है। आरोप लगाया कि, इससे लोग आगे नहीं सोच पाएंगे। एक सवाल के जवाब में बोले कि, 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर छात्र संघ के चुनाव के लिए ताले फिर से खोले जाएंगे। महासचिव के बैठकों से गायब रहने के उठे सवाल पर कहा कि सभी को पार्टी लाइन में चलना होगा। पार्टी से बड़ा कोई नहीं है।

# टेंट लगाने का एकदिनी शो खत्म, भीषण गर्मी में धूप से मरीज बेहाल

## जिला अस्पताल की ओपीडी में भीषण गर्मी में धूप में खड़े होकर पर्चा बनवाने से लेकर दवा ले रहे मरीजों की किसी भी जिम्मेदार ने नहीं ली सुध

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कुछ दिन पहले 20 मजिस्ट्रेट संग जिला अस्पताल के कोने-कोने की ग्राउंड रिपोर्ट तैयार कराई। मरीजों को धूप में लाइन में लगते देख अफसरों को मरीजों के लिए टेंट लगवाने के निर्देश दिए। अफसरों ने डीएम के निर्देश पर मरीजों के लिए एक दिन ही टेंट लगाया। उसके बाद टेंट हटवा दिया। टेंट लगने का एक दिनी शो खत्म हुए कई दिन बीत गए लेकिन भीषण गर्मी में धूप में खड़े होकर पर्चा बनवाने से लेकर दवा ले रहे मरीजों की सुध किसी ने नहीं ली। जिला अस्पताल के जिम्मेदारों ने मरीजों की भीड़ को राहत पहुंचाने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की। इसका आलम यह है कि दो दिनों से अधिकतम पारा 40 डिग्री रह रहा है। उमस भरी गर्मी में मरीज बेहाल हैं।

सोमवार को सुबह से जिला अस्पताल में मरीजों की भीड़ नजर आई। ओपीडी हाल में इतने ज्यादा मरीज थे कि पैर रखने की जगह नहीं मिल रही थी। पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 1 बजे तक ज्यादा स्थिति बेहाल थी। पर्चा काउंटर संकरा होने से बाहर तक मरीजों की लाइनें लगी थीं, जबकि बीते सप्ताह एक दिन यहां पर टेंट लगवाकर मरीजों को राहत दी गई थी, उसके बाद सोमवार को टेंट गायब नजर आया, जिससे मरीज काफी परेशान दिखे। साथ ही फार्मेसी से लेकर टीन शेड के बाहर तक भीषण धूप में बड़ी संख्या में मरीज लाइन में लगने को मजबूर नजर आए।नये मरीजों की संख्या 1531 पार विभागीय रिपोर्ट के अनुसार सोमवार को ओपीडी में इलाज के लिए 3 हजार से भी अधिक मरीज पहुंचे, लेकिन नये मरीजों के पंजीकरण इस सीजन का सर्वाधिक रहा। जिला अस्पताल की ओपीडी में 1531 नये मरीजों का पंजीकरण हुआ जो कि इस सीजन का सर्वाधिक है। डॉक्टरों के अनुसार, ओपीडी में सर्वाधिक मरीज हीट एग्जॉर्शन यानि गर्मी के लक्षण वाले आ रहे हैं, इसके साथ ही 200 से अधिक मरीज डायरिया और बुखार की चपेट में आकर भी इलाज कराने पहुंचे।


जिला अस्पताल में दवा काउंटर के बाहर धूप में लाइन में लगे मरीजों को परेशानी से जूझना पड़ा। ● अमृत विचार

- पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 1 बजे तक इलाज को मरीजों की बेतहाशा रही भीड़
- पर्चा काउंटर संकरा होने से मरीजों-तीमारदारों की बाहर तक लगीं लाइनें

### डायरिया वार्ड : एक बेड पर दो-दो मरीज

ओपीडी के साथ ही आईपीडी यानि भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। आलम ये है कि जिला अस्पताल के सभी बेड लंबे समय से फुल चल रहे हैं, बढ़ाए गए बेड भी फुल हो गए हैं। डायरिया वार्ड में मरीजों को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। यहां 17 बेड फुल होने के बाद मरीजों की संख्या बढ़ने पर एक बेड पर दो-दो मरीज भर्ती करना पड़ रहे हैं।

### गर्मी का प्रकोप : शिविर में दिव्यांगों की संख्या काफी कम नजर आई

सीएमओ कार्यालय में आयोजित दिव्यांग शिविर में भी गर्मी का असर देखने को मिला, यहां अन्य दिनों की तुलना में दिव्यांगों की संख्या काफी कम नजर आई, हालांकि टीन शेड के नीचे गर्मी से राहत के इंतजाम कम होने से दिव्यांगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।



### प्रसव कक्ष और वार्ड में गर्मी से बेहाल हो रहीं मरीज



बरेली, अमृत विचार : जिला महिला अस्पताल में भर्ती मरीज भीषण गर्मी में परेशान हो रही हैं। पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड में सोमवार को 33 प्रसूताएं भर्ती थीं लेकिन यहां गर्मी से बचाव के लिए सिर्फ दो कूलर लगे थे। वार्ड की नर्सिंग प्रभारी ने सीएमएस को एसी लगवाने के लिए पत्र लिखा लेकिन ध्यान नहीं दिया गया। पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड में भर्ती मरीजों को ऑपरेशन के बाद जो टांके लगाए गए हैं, उनमें पसीने और अन्य परेशानियों की वजह से संक्रमण फैलने की आशंका बनी हुई है। वार्ड में जो पंखे हैं, वे गर्म हवा फेंक रहे हैं। जो दो कूलर लगे हुए हैं, इनकी हवा की ठंडक पाने के लिए मरीजों में तीखी नोकझोंक भी हो रही है। इस संबंध में कई बार तीमारदार वार्ड प्रभारी से शिकायत दर्ज करा चुके हैं, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है।

#### प्रसव कक्ष के एसी ठप, बेहाल मरीज

इसके अलावा सामान्य प्रसव कक्ष में लगे दोनों एसी कई दिनों से शोपीस बने हुए हैं। इसकी वजह से मरीजों को परेशानी हो रही है।

वार्ड प्रभारी ने मरीजों की समस्या से अवगत कराया है। लगातार संचालन से एसी में खराबी आ रही है। सभी वार्डों में कूलरों की संख्या बढ़ाई गई है। जरूरत होने पर एसी भी लगवाए जाएंगे। - **डॉ. त्रिभुवन प्रसाद, सीएमएस**, जिला महिला अस्पताल

## मंडल रेल प्रबंधक ने की समर स्पोर्ट्स कैंप की शुरुआत

**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल के मंडल रेलवे क्रीड़ा संघ की ओर से सोमवार को रेलवे स्टेडियम में समर स्पोर्ट्स कैंप का आयोजन हुआ, जिसकी शुरुआत मंडल रेल प्रबंधक वीणा सिन्हा ने की। डीआरएम ने कहा कि शिविर न सिर्फ बच्चों को मनोरंजन और स्वास्थ्य लाभ देगा बल्कि ''खेलो इंडिया'' और ''फिट इंडिया'' जैसे राष्ट्रीय अभियानों को भी मजबूती प्रदान करेगा।

मंडल क्रीड़ा अधिकारी एवं वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक डॉ. रत्नेश कुमार सिंह ने बताया कि कैंप में क्रिकेट, हॉकी, बास्केटबॉल, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, स्केटिंग, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कबड्डी, ताइक्वांडो, सेपकटाकरा जैसे खेलों में कोच बच्चों को प्रशिक्षित कर रहे हैं। समापन पर प्रतिभागी बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। वरिष्ठ मंडल कार्मिक प्रबंधक संदीप सिंह, संरक्षा अधिकारी डॉ. हरीश रेडतौलिया, विद्युत इंजीनियर राजकुमार, मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन श्रीवास्तव मौजूद रहे। संचालन डॉ. रत्नेश कुमार सिंह व मंडल क्रीड़ा सचिव गीता शर्मा ने किया।

## त्याग की मूर्ति हैं सुमित्रा : बृजेश पाठक



**बरेली, अमृत विचार :** श्री हरि मंदिर में चल रही श्री राम कथा के नौवें दिन सोमवार को समापन हुआ। पंडित बृजेश पाठक ने कहा कि माता सुमित्रा त्याग की प्रतिमूर्ति हैं। रामायण में सुमित्रा का त्याग अतुल्य है। उन्होंने लक्ष्मण से कहा कि जीवन का फल राम की सेवा है, इसलिए प्रभु राम के साथ वन जाकर उनकी सेवा करके जीवन का फल प्राप्त करो। जब युद्ध में लक्ष्मण घायल हुए तब सुमित्रा भगवान राम के पास अपने दूसरे पुत्र शत्रुघ्न को भेजने को तैयार थीं, तब गुरुदेव वशिष्ठ ने रोक दिया। आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। सुशील अरोरा, रवि छाबड़ा, अश्विनी ओबेरॉय, संजय आनंद, गोविंद तनेजा, रंजन इलाबादी, योगेश ग्रोवर, अनिल चड्ढा, गिरीश आनंद आदि मौजूद रहे।

## सच्चे प्रेम से ही ईश्वर की प्राप्ति संभव



**बरेली, अमृत विचार :** संजय नगर के एक बरात घर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन सोमवार को श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। कथा व्यास आचार्य रमाकांत दीक्षित ने कहा कि परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है। उन्होंने बताया कि पूतना राक्षसी ने बालकृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी। श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते-करते ही पुतना का वध कर उसका कल्याण किया। उन्होंने बताया कि गीता, रामायण पढ़ने से संस्कारों को बढ़ावा मिलता है। राधे कृष्ण गोविंद, गोपाल राधे राधे, राधे तेरे चरणों की...आदि भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। अरविंद अग्रवाल, यश अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, दीपेश अग्रवाल, विष्णु शुक्ला, देव दीक्षित, अनुराग अवस्थी, प्रवीण अग्रवाल, विवेक मित्तल आदि मौजूद रहे।

## श्रीराम के आदर्श चरित्र का वर्णन करती है रामचरितमानस



**बरेली, अमृत विचार :** श्री रामायण मंदिर माधोबाड़ी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन सोमवार को आचार्य शशांक भारद्वाज ने भक्त प्रह्लाद की भक्ति, राम के आदर्श चरित्र और कृष्ण के जन्म की लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भक्त प्रह्लाद के चरित्र को भक्ति और दृढ़ विश्वास के लिए जाना जाता है। रामचरितमानस प्रभु राम के आदर्श चरित्र का वर्णन करता है। राम की मर्यादा, न्याय और कर्तव्यनिष्ठा को उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। आयोजक पूनम, अवधेश अग्रवाल, मंदिर प्रबंध समिति के सचिव नवीन अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

## ऑनलाइन प्रक्रिया में उलझा शिक्षकों का चयन वेतनमान



**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला इकाई ने सोमवार को पात्र शिक्षकों का चयन वेतनमान नहीं मिलने पर वित्त लेखाधिकारी और बीएसए कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार ने बताया कि जनवरी 2025 में चयन वेतनमान की स्वीकृति के आदेश हुए, लेकिन ऑनलाइन प्रक्रिया की वजह से किसी को लाभ नहीं मिला है। इसलिए ऑफलाइन स्वीकृति मिलनी चाहिए जैसा कि अन्य जिलों में हो चुका है। मांडलिक मंत्री केसी पटेल ने बताया यदि इस बार सुनवाई नहीं हुई तो 17 जून को संगठन बीएसए कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेगा। वहीं लेखा अधिकारी नीरज पाठक ने बताया कि चयन वेतनमान की डुप्लीकेट आईडी बनाने के लिए महानिदेशक लखनऊ को लिखा जा चुका है लेकिन अब तक नहीं बनी है। आईडी बनाने के लिए रिमाइंडर भेजा जा रहा है। इस दौरान देशबंधु गंगवार, प्रियंका भास्कर, गजेंद्र राठौर, नवल किशोर, मोर किशोर, संतोष पांडे, रूपेंद्र राठौर, अनिल कुमार सिंह, पुष्प राज सिंह आदि उपस्थित रहे।

## अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू, बरेली की जीत से शुरुआत



**बरेली, अमृत विचार :** स्कूल क्रिकेट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में सोमवार को डिस्ट्रिक्ट स्कूल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से अंडर-14 प्रतियोगिता की शुरुआत की गई। पहले दिन निशांत पटेल स्पोर्ट्स हब (जीपी क्रिकेट एकेडमी) और मां शांति क्रिकेट एकेडमी के खेल मैदान पर छह मैच खेले गए। जिसमें बरेली के अलावा दूसरे जिलों से भी टीमें पहुंची। पहले दिन बरेली, मैनपुरी, हापुड़, झांसी, वाराणसी,अलीगढ़ ने अपने मैच जीते। इस दौरान मुख्य अतिथि डॉ. निशांत कुमार, विशिष्ट अतिथि डॉ. कामेंद्र सिंह, कुणाल, स्कूल क्रिकेट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के सचिव अखिल दीक्षित ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। मैच में अंपायरिंग अजय गुप्ता, पिंटू चौधरी, पुष्पेंद्र गुप्ता, सरोज ने की। इस दौरान स्कोरर सचिन पटेल व देवांश पटेल, अब्दुल समद, राजू खड़े आदि मौजूद रहे।

# फैक्टर इंजेक्शन के लिए भटकता रहा हीमोफीलिया मरीज, थम गई सांसें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिला अस्पताल में 10 दिन पहले फैक्टर इंजेक्शन लगवाने आया था बदायूं निवासी मरीज
- फैक्टर उपलब्ध न होने से परिजन ले गए दिल्ली, नोएडा के निजी अस्पताल में तोड़ा दम

**अमृत विचार :** हीमोफीलिया मरीजों को निशुल्क फैक्टर इंजेक्शन लगाने का आदेश शासन ने दिया है। वहीं इन इंजेक्शनों की उपलब्धता अस्पताल में हर समय बनी रहने को भी कहा गया है। बदायूं के मरीज ने 10 दिन पूर्व जिला अस्पताल बरेली में संपर्क किया लेकिन फैक्टर इंजेक्शन की उपलब्धता न होने पर परिजन उसे दिल्ली ने गए। जहां हालत गंभीर होने पर रविवार देर रात उसकी मौत हो गई।

**सोसाइटी अध्यक्ष से किया था संपर्क :** बदायूं के उसैत निवासी सरनाम सिंह का 15 वर्षीय बेटा अमरजीत हीमोफीलिया से ग्रसित था। दस दिन पूर्व उसके परिजनों ने जीवन रेखा हीमोफिलिया सोसाइटी में संपर्क किया तो जानकारी मिली कि जिला अस्पताल में फैक्टर नहीं हैं। सोसाइटी की अध्यक्ष रेखा रानी ने बताया कि सोसाइटी में अमरजीत का पंजीकरण था, दो सप्ताह पहले उसके परिजनों ने जानकारी तो बताया गया कि जिला अस्पताल में फैक्टर-8 खत्म हो गया है। उसी दौरान अमरजीत के ब्रेन में ब्लीडिंग होने लगी। हालत गंभीर होने पर परिजन अमरजीत को दिल्ली के निजी अस्पताल ले गए जहां फैक्टर लगा, लेकिन हालत बिगड़ती चली गई। दिल्ली में कई चिकित्सकों से संपर्क करने के बाद परिजन अमरजीत को नोएडा के अन्य निजी अस्पताल ले गए, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ और इलाज के दौरान रविवार देर रात अमरजीत ने दम तोड़ दिया।

### इसलिए होती है फैक्टर की जरूरत

हीमोफीलिया में, चोट लगने या सर्जरी के बाद रक्तस्राव लंबे समय तक चलता है, जिससे गंभीर जटिलताएं हो सकती हैं। फैक्टर थेरेपी रक्तस्राव को रोकने में मदद करती है, इसलिए मरीज को फौरन फैक्टर इंजेक्शन लगना अनिवार्य होता है।

## जिला अस्पताल के सभी वार्डों में भेजे तकिया

**बरेली, अमृत विचार:** डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के आदेश के बाद जिला अस्पताल के सभी वार्डों में तकिया भिजवा दिए गए हैं। एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि सभी वार्डों में मरीजों की संख्या के आधार पर तकिया भेज दी गईं हैं। वहीं वार्ड प्रभारियों को आदेश दिया है कि सभी मरीजों को हर हाल में तकिया और अन्य संसाधन मुहैया कराए जाएं, अगर मरीजों की संख्या बढ़ती है तो तुरंत कार्यालय में सूचना दें ताकि तकिया भिजवा दी जाएं।

कर्मचारियों के अनुसार जिला अस्पताल में एक दर्जन से अधिक वार्ड हैं। इन सभी वार्डों में 20-20 तकिया भेज दी गई हैं। वहीं जिन वार्ड में इससे अधिक मरीज हैं तो वहां अतिरिक्त तकिया दी गई हैं। सोमवार को एडीएसआईसी ने इमरजेंसी, ऑर्थो, फीमेल मेडिकल समेत अन्य वार्डों का निरीक्षण भी किया।

# मलेरिया का दोहरा शतक मझगवां में हालात बदतर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिले में रोज चार से पांच मरीजों में हो रही मलेरिया की पुष्टि

**अमृत विचार:** मलेरिया के मरीज लगातार बढ़ते जा रहे हैं। रोजाना चार से पांच मरीजों में मलेरिया की पुष्टि हो रही है। अब तक 211 मरीज मलेरिया के सामने आ चुके हैं। विभाग के तमाम प्रयासों के बावजूद मामले कम नहीं हो रहे हैं।

जिले में मलेरिया पिछले कई साल से कहर बरपा रहा है। इस साल भी मामलों ने रफ्तार पकड़ ली है। मलेरिया विभाग से मिली रिपोर्ट के अनुसार जिले में जनवरी से अब तक मलेरिया के मामलों की संख्या 211 तक पहुंच गई है। मलेरिया को लेकर संवेदनशील ब्लॉकों में शामिल मझगवां में स्थिति काफी खराब है। यहां रोजाना एक से दो मरीज सामने आ रहे हैं और यहां अब तक 62 मरीजों में मलेरिया की पुष्टि हो चुकी है। इसके साथ ही फतेहगंज पश्चिमी में 26, मीरगंज में 24, शेरगढ़ में 17 और क्यारा में सात मलेरिया रोगी अब तक सामने आ चुके हैं। वहीं जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में सोमवार सुबह भमोरा निवासी बुखार पीड़िता महिला पहुंची। जांच में वह मलेरिया से ग्रसित मिली। उसे मलेरिया वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया।

बीते बरसों की तुलना में इस बार अभी मलेरिया के मरीजों की संख्या कम है। अल्फा साइपर मेथ्रिन से इस बार निरोधात्मक कार्रवाई कराई जा रही है। जिससे मच्छरों के प्रकोप पर अंकुश लग रहा है। **सत्येंद्र सिंह**, जिला मलेरिया अधिकारी

## महिला खेलोत्सव के लिए टेबल टेनिस के ट्रायल में नहीं पहुंची कोई खिलाड़ी

**बरेली, अमृत विचार :** खेल निदेशालय की ओर से 13 और 14 जून को सिद्धार्थनगर में महिला खेल उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रतिभाग करने के लिए स्पोर्ट्स स्टेडियम में सोमवार को टेबल टेनिस और तैराकी के जिला स्तरीय ट्रायल हुए। टेबल टेनिस में कोई खिलाड़ी नहीं पहुंची, जबकि तैराकी में चार खिलाड़ी पहुंची। जिसमें 50 मीटर फ्री स्टाइल में रोजिल खान, 100 व 50 मीटर फ्री स्टाइल में अनुश्री, 200 मीटर आईएएम में वैष्णवी और 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में स्तुति नौटियाल का चयन किया गया। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी जितेंद्र यादव ने बताया ये खिलाड़ी मंगलवार को मंडल स्तरीय ट्रायल में भाग लेंगे।

- स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तरीय ट्रायल का आयोजन

# तिरुपति बालाजी मंदिर का 55 वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया

**बरेली, अमृत विचार :** पटेल नगर स्थित श्री तिरुपति बालाजी मंदिर में सोमवार को 55 वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। वैदिक परंपराओं के अनुसार पूजन किया गया।

सबसे पहले सुप्रभातम् मंत्रोच्चार के जरिए देव प्रतिमाओं को जगाया गया। इसके बाद पुजारियों ने सभी देव प्रतिमाओं को घी, दही, शहद और गंगाजल आदि से वैदिक परंपराओं के अनुसार स्नान कराया। सभी देव प्रतिमाओं का श्रृंगार किया गया। मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर की मुख्य प्रतिमा के समक्ष यज्ञ कर विश्व कल्याण और भक्तों की मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना की गई। आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। सायं सत्र की शुरुआत कल्याणोत्सव के साथ हुई। इसमें भगवान वेंकटेश्वर का विवाह कराया गया। पुजारी मध्यम कुमार पाण्डेय ने बताया कि इस पूजा को देखने मात्र से भक्तों को जन्म जन्मान्तर के पापों से मुक्ति मिल जाती है। यह पूजा मोक्षदायिनी मानी जाती है।

कल्याणोत्सव के बाद भगवान वेंकटेश्वर, देवी पद्मावती और भूदेवी की प्रतिमाओं को पालकी में सजा कर मंदिर परिसर में शोभायात्रा निकाली गई। अनिल कुमार एडवोकेट, मेयर डॉ. उमेश गौतम, पार्षद शशि सक्सेना, गुलशन आनंद, गायत्री सिंह, विपुल सिंह, मयंक सिंह, आरए शर्मा, शंकरदास, प्रवीन शर्मा, निर्भय सक्सेना आदि मौजूद रहे।


तिरुपति बालाजी मंदिर में आयोजित यज्ञ में लोगों ने दीं आहुतियां।

- दो सत्रों में वैदिक परंपराओं के अनुसार पूजन किया गया
- उत्साह के साथ बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया

## कीर्तन गायन से संगत को किया निहाल

**बरेली, अमृत विचार :** जनकपुरी स्थित गुरुद्वारा में सोमवार को गुरु हरगोबिन्द साहिब को समर्पित कार्यक्रम की शुरुआत श्री रहिरास साहब से हुई। जिसमें पहले हजूरी रागी भाई सतवंत सिंह ने कीर्तन गायन किया। अमृतसर से आए इंद्रजीत सिंह ने कीर्तन से संगत को निहाल किया। संगत ने गुरु का लंगर ग्रहण किया। कमेटी ने बताया कि मंगलवार को इंद्रजीत सिंह कीर्तन करेंगे। रात के दीवान में 10 बजे तक सुखनिन्दर सिंह कीर्तन से संगत को निहाल करेंगे। सेवादार हरनाम सिंह, रमिंद्र सिंह, रणजीत सिंह, निरमान सिंह बग्गा, परमजीत सिंह दुआ, हरविंदर सिंह, रविन्द्र सिंह बग्गा, रविन्द्र पाल सिंह आदि का विशेष सहयोग रहा।

# नेत्रदान कर दूसरों की जिंदगी से दूर किया अंधेरा

विश्व नेत्रदान दिवस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 23 साल में करीब 15 सौ लोग एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज की नेत्र बैंक में नेत्र दान के लिए कर चुके हैं आवेदन
- मृत्यु उपरांत करीब छह सौ लोगों की आंखें हो चुकी डोनेट, एक हजार से अधिक लोगों की जिंदगी में आई रोशनी

**अमृत विचार :** नेत्र दान कर आप दूसरों की जिंदगी रोशन कर सकते हैं। आपकी आंखों से दूसरे इस दुनिया की चकाचौंध को देख सकते हैं। एक आंख की कॉर्निया तीन लोगों को ट्रांसप्लांट की जा सकती है। आपका इस दिशा में उठा एक कदम तीन लोगों की जिंदगी से अंधेरा दूर कर सकता है। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में 2002 में स्थापित नेत्र बैंक में अब तक करीब 1500 लोग नेत्रदान के लिए आवेदन कर चुके हैं। छह सौ लोगों की मृत्यु उपरांत आंखें डोनेट हो चुकी हैं। कॉर्निया ट्रांसप्लांट के जरिये करीब एक हजार लोगों की जिंदगी से अंधेरा दूर किया जा चुका है।


डॉ. नीलिमा मेहरोत्रा।

एसआरएमएस मेडिकल कालेज के आप्थैल्मोलाजी विभाग की एचओडी डॉ. नीलिमा मेहरोत्रा ने बताया कि कॉर्निया की बीमारियां, मोतियाबिंद और ग्लूकोमा के बाद होने वाली दृष्टि हानि और अंधापन के प्रमुख कारणों में से एक हैं। स्मार्ट फोन का ज्यादा इस्तेमाल भी इसमें एक नई वजह बन कर सामने आ रहा है। ज्यादातर मामलों में दृष्टि की हानि को 'नेत्रदान' से ठीक किया जा सकता है। किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसके विभिन्न अंगों को दान किया जा सकता है। उन अंगों को उन रोगियों में प्रत्यारोपित किया जाता है, जिन्हें उनकी जरूरत हो। 'आंख' भी ऐसा ही एक अंग है। मृत्यु के बाद नेत्रदान से कार्निया रहित अंधा व्यक्ति शल्य प्रक्रिया के माध्यम से कार्निया प्रत्यारोपण द्वारा फिर से देख सकता है।

### नेत्रदान करने की यह है प्रक्रिया

कोई भी व्यक्ति चाहे वह किसी भी उम्र, लिंग, रक्त समूह और धर्म का हो, नेत्रदान कर सकता है। लेंस या चश्मे का उपयोग करने वाले व्यक्ति या जिन व्यक्तियों की आंखों की सर्जरी हुई हो, वो भी नेत्रदान कर सकते हैं। कमजोर दृष्टि नेत्रदान में बाधा नहीं है। मधुमेह, उच्च रक्तचाप, अस्थमा, मोतियाबिंद से पीड़ित भी नेत्र दान कर सकते हैं। मृत्यु के चार घंटे के भीतर नेत्रदान ज्यादा बेहतर है, लेकिन फिर भी मृत्यु के छह से आठ घंटे तक कॉर्निया सही होती है। इस अवधि तक नेत्रदान हो सकता है। नेत्र दान के लिए आपको शपथ पत्र भरना होता है, जिसे अपने नजदीकी नेत्र बैंक को भेजना होता है। एक बार नेत्र दाता के तौर पर पंजीकृत होने के बाद आपको नेत्रदाता कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा। यदि नेत्र दान का फार्म नहीं भरा है तो भी नेत्र दान संभव है।







## विधानसभा की उप समिति 12 को आएगी, तैयारी में जुटे अफसर

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में 12 जून को विधानसभा की उप समिति सरकारी विभाग के कार्यों की समीक्षा करने के लिए आ रही है। शासन से पत्र जारी होने के बाद संबंधित विभाग के अधिकारी तैयारियों में जुट गए हैं।

संयुक्त सचिव उत्तर प्रदेश शासन आरपी सिंह की ओर से जिलाधिकारी को पत्र भेजा गया है, जिसमें बताया गया है कि है विधानसभा की उप समिति के 12 जून को बरेली आएगी। सर्किट हाउस में समिति राज्य कर विभाग, नगर विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, वन विभाग, पर्यटन विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, परिवहन विभाग, चिकित्सा, शिक्षा विभाग, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करेगी। समिति बैठक के दौरान इन विभागों के लंबित मामलों की समीक्षा करेगी, जिसमें मामलों के निस्तारण न होने की वजह भी जानेगी। दरअसल, विधानसभा की उप समिति उन मामलों को लेकर आती है, जो विधानसभा में विधायकों की ओर से उठाए जाते हैं और जिनका लंबे समय तक निस्तारण नहीं हो पाता है।

# आज से विधि विभाग में जमा होगी प्रवेश फार्म की हार्डकॉपी

## बरेली कॉलेज में विद्यार्थियों को पश्चिमी गेट से मिलेगा प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में एलएलबी की परीक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए अब विधि विभाग में प्रवेश फार्म की हार्ड कापी जमा की जाएगी। फार्म जमा करने आने वाले विद्यार्थियों को पश्चिमी गेट से ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके अलावा अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय की मेडिकल प्रवेश परीक्षा होने की वजह से 11 जून को हार्ड कॉपी जमा नहीं होगी।

शनिवार और रविवार को अवकाश की वजह से कॉलेज दो दिन बंद रहा। इसकी वजह से सोमवार को सेमिनार कक्ष में 257 विद्यार्थी हार्ड कॉपी जमा करने के लिए पहुंचे। प्रवेश समन्वयक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि दो दिन कॉलेज बंद होने से सोमवार को विद्यार्थियों की भीड़ अधिक रही। एलएलबी परीक्षाओं की संवेदनशीलता को देखते हुए अब हार्ड कॉपी विधि विभाग में जमा की जाएगी। इसके लिए विद्यार्थियों को पश्चिमी गेट से ही प्रवेश मिलेगा। पूर्वी गेट से प्रवेश पूरी तरह से वर्जित रहेगा। प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि अब तक 4,486 आवेदनों की हार्ड कॉपी जमा की जा चुकी हैं। इनमें बीएससी मैथ के 296, बॉयोलॉजी के 792, बीकॉम के 632, बीए के 1,996, बीबीए के 263, बीसीए के 293, बीकॉम ऑनर्स के 214 विद्यार्थियों ने आवेदन की हार्ड कॉपी जमा कर दी है। हार्ड कॉपी की प्रक्रिया खत्म होने के बाद मेरिट जारी करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बताया कि सभी आवेदनकर्ताओं को प्रवेश समन्वयक समिति के सदस्यों की ओर से प्रवेश के साथ ही काउंसिलिंग कर कॉम्बिनेशन विषयों के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। सेल्फ फाइनेंस कोर्स के निदेशक प्रो. एपी सिंह ने बताया कि सभी सेल्फ फाइनेंस कोर्स के लिए शिक्षकों की कमेटी बनाकर विद्यार्थियों को जानकारी दी जा रही है।

- **मेडिकल प्रवेश परीक्षा की वजह से 11 जून को नहीं जमा होंगे प्रवेश फार्म**

### एलएलबी की परीक्षा आज से

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में मंगलवार से एलएलबी की परीक्षा शुरू होगी। परीक्षा को लेकर कॉलेज प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। बरेली कॉलेज क्लासिक लॉ कॉलेज, मोहन लॉ कॉलेज, सिल्वर लॉ कॉलेज के छात्रों का परीक्षा केंद्र बनाया गया। परीक्षा पूर्वाह्न 11 से 2 बजे तक चलेगी। परीक्षा निगरानी के लिए 33 सदस्यीय फ्लाइंग स्काउट तैनात की गई, जो केंद्र का औचक निरीक्षण करेगी। इस संबंध में प्राचार्य प्रो ओपी राय की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। परीक्षा नियंत्रक प्रो राजेंद्र सिंह ने बताया कि मंगलवार को करीब 1300 विद्यार्थी एलएलबी की परीक्षा देंगे। प्राचार्य ने बताया कि सभी परीक्षा कक्षों में बैठने की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। परीक्षा शुरू होने के आधे घंटे बाद तक ही केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा।

## सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वुमन स्टडीज में दो कोर्स में दाखिले शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वुमन स्टडीज (महिला उत्कृष्टता विशेष अध्ययन केंद्र ने सत्र 2025-26 के लिए दो प्रमुख प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों में दाखिले की घोषणा की है, जिसमें इन वुमन लीडरशिप और इन वुमन राइट्स एंड लीगल अवेयरनेस सर्टिफिकेट कोर्स शामिल है। दोनों कोर्स की अवधि छह महीने रखी गई है। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12 वीं निर्धारित की है।

इन कोर्सों के माध्यम से महिलाओं को नेतृत्व कौशल, अधिकारों की जानकारी, संचार शैली, आत्म-निर्भरता और आत्म-सम्मान जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं में प्रशिक्षित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. अमित सिंह ने बताया कि ऑनलाइन एडमिशन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और सीटें सीमित हैं। इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। पाठ्यक्रमों के तहत महिला नेतृत्व कार्यशालाएं, आत्मरक्षा प्रशिक्षण एवं अधिकारों पर जागरूकता सत्र भी आयोजित किए जाते हैं, ताकि प्रतिभागियों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हो सके।

# यूपी बोर्ड : अब हाईस्कूल के छात्रों को पढ़ने होंगे 10 विषय

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **डीआईओएस बोले-पहले कोर्स में छह विषयों को ही पढ़ना होता था**
- **नए विषयों में कला शिक्षा, स्वास्थ्य शिक्षा और व्यावसायिक शिक्षा शामिल**

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद ने नई शिक्षा नीति के तहत हाईस्कूल के कोर्स में बदलाव किया है। अब छह की जगह 10 विषयों की छात्रों को पढ़ाई करनी होगी। नए विषयों में कला शिक्षा, शारीरिक एवं स्वास्थ्य शिक्षा और व्यवसायिक शिक्षा शामिल है। कला शिक्षा में छात्रों को चित्रकला, रंगमंच कला, गायन या वादन में से कोई एक विषय चुनना होगा। इसके साथ संस्कृत या अंग्रेजी में से कोई एक भाषा और 17 भारतीय भाषाओं में से एक भाषा का अध्ययन करना अनिवार्य होगा।

डीआईओएस डॉ. अजीत कुमार के अनुसार यूपी बोर्ड हाईस्कूल में इस बार त्रिभाषा फॉर्मूला लागू किया गया है, जिसमें सभी छात्रों को हिंदी पढ़ना अनिवार्य होगा। उनके मुताबिक गणित, विज्ञान, और सामाजिक विज्ञान भी सभी छात्रों के लिए अनिवार्य विषय होंगे। अन्य में गृह विज्ञान, मानव विज्ञान, वाणिज्य, एनसीसी, कंप्यूटर, कृषि या पर्यावरण विज्ञान में से कोई एक विषय छात्रों को चुनना होगा। कला शिक्षा के तहत चित्रकला, रंगमंच कला, गायन या वादन में से कोई एक विषय छात्र ले सकेंगे। वहीं, शारीरिक एवं स्वास्थ्य शिक्षा में नैतिक शिक्षा, योग, खेल और शारीरिक शिक्षा और सोशल सर्विस सभी के लिए अनिवार्य कर दिए गए हैं। विषयों में बदलाव का उद्देश्य छात्रों को हर स्तर पर सक्षम बनाना है, ताकि पढ़ाई के साथ उन्हें व्यवसायिक गतिविधियों की जानकारी होगी और उन्हें आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।

## बरेली और मुरादाबाद की औद्यानिक गोष्ठी 14 को

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के अटल सभागार में 14 जून को औद्यानिक गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इसमें बरेली और मुरादाबाद मंडल का कार्यक्रम होगा। कृषि नवाचार में अहम भूमिका निभाने वाले उद्यान विभाग के 50 वर्ष पूरे हो गए हैं।

यह दिवस शासन स्तर पर गोल्डन जुबली के तहत मनाया जा रहा है। गोष्ठी में मुख्य अतिथि उद्यान एवं कृषि विपणन राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह और अन्य उच्च अधिकारी शामिल होंगे।

उप निदेशक उद्यान एसके गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में दोनों मंडलों से लगभग एक हजार किसानों और कृषि विज्ञानियों को आमंत्रित किया है। कृषि विज्ञानी औद्यानिक फसलों की गुणवत्ता, नकदी उपार्जित फसलों से आय वृद्धि व निर्यात की संभावनाओं पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। साथ ही कृषि संस्थाएं किसानों को शिक्षित करेंगी।

# टुकड़ों में बजट : बा स्कूलों में कंप्यूटर लैब और डॉरमेट्री का निर्माण अटका

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **10 में कंप्यूटर लैब और 14 कस्तूरबा विद्यालयों में होना है डॉरमेट्री का निर्माण**
- **दो किस्तों में कार्यदायी संस्था के लिए 60 फीसदी धनराशि हो चुकी है जारी**

**अमृत विचार :** बजट रुक-रुक कर आने से जिले में कस्तूरबा आवासीय विद्यालयों में कंप्यूटर लैब और डॉरमेट्री का निर्माण अटक गया है। कार्यदायी संस्था यूपीसीएलडीएफ एक साल में भी काम को पूरा नहीं कर पाई है। इसके पीछे बजट टुकड़ों में मिलना बताया जा रहा है। यही वजह है कि अधिकांश स्थानों पर काम थम गया है।

मझगवां, रामनगर, क्यारा, बहेड़ी शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के बा स्कूलों में डॉरमेट्री और आलमपुर जाफराबाद, फरीदपुर शहरी और ग्रामीण क्षेत्र, भुता, भदपुरा, नवाबगंज, भोजीपुरा, रिच्छा, फतेहगंज पश्चिमी के बा स्कूलों में डॉरमेट्री और कंप्यूटर लैब दोनों स्वीकृत हैं। जबकि शेरगढ़ में कंप्यूटर लैब प्रस्तावित है। कुल 14 में डॉरमेट्री और 10 बा स्कूलों में कंप्यूटर लैब का निर्माण होना है। डॉरमेट्री के लिए 18 लाख और कंप्यूटर लैब निर्माण के लिए 14 लाख रुपये का बजट स्वीकृत हुआ है।

### 80 फीसदी काम पूरा होने का दावा

अब तक मझगवां व रामनगर के बा स्कूल में ही डॉरमेट्री का काम पूरा हो पाया है। अन्य में निर्माण कार्य थम सा गया है। कार्यदायी संस्था के जेई दिनेश सिंह का दावा है कि 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। टुकड़ों में बजट मिलने से कम धीमा पड़ जाता है। पिछले साल से अब तक दो किस्तों में 60 फीसदी ही पैसा आया है। 40 फीसदी बाकी है। पैसा आते ही तेजी से काम पूरा कराया जाएगा। डीसी बालिका वर्षा ने बताया कि शासन स्तर से ही कार्यदायी संस्था को पैसा जाता है। दो माह के भीतर कार्य पूरा होने की उम्मीद है।

# राजनीतिक दलों को चंदा देने वाले 11 जिलों के धनवान आए आयकर के निशाने पर

अनुपम सिंह, बरेली

- **दिल्ली सेंट्रल कार्यालय से बरेली आयकर विभाग में 1500 लोगों की भेजी गई सूची**
- **सूचनाओं को और संकलित कर रहे अधिकारी, सभी को जल्द जारी होंगी नोटिस**

**अमृत विचार :** टैक्स बचाने के लिए गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को चंदा देने वाले बरेली समेत 11 जिलों के सैकड़ों लोग आयकर विभाग के रडार पर आ गए हैं। इनकम टैक्स के दिल्ली कार्यालय से बरेली कार्यालय को इन लोगों की सूची भेजी गई है। इसके बाद आयकर विभाग के अधिकारी और जानकारियां एकत्रित करने के साथ ऐसे लोगों को नोटिस भेजने की तैयारी कर रहे हैं।

दरअसल, पूरा मामला वित्तीय वर्ष 2020-21 से लेकर 2024-25 के मध्य का है। जानकारों के मुताबिक आयकर विभाग के केंद्रीय कार्यालय में विजिलेंस यूनिट की ओर से गैर मान्यता प्राप्त दलों को चंदा देने वाले लोगों के बारे में अपने नेटवर्क के जरिए जानकारियां संकलित की जाती हैं। यूनिट ने बरेली जोन से जुड़े सभी जिलों के ऐसे लोगों की सूचना एकत्रित करने के बाद सूची कार्यालय को भेजी हैं, जिसमें बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर, पीलीभीत, लखीमपुर, मुरादाबाद, संभल, चंदौसी, बिजनौर सीतापुर और हरदोई जिले के सरकारी और गैर सरकारी व्यक्ति शामिल हैं। अनुमानित तौर पर ऐसे लोगों का आंकड़ा 1500 के करीब है। टैक्स बचाने के लिए इन लोगों ने राजनीतिक दलों को चंदा दिया है। अब बरेली आयकर विभाग की ओर से इन सभी लोगों को दबाए गए टैक्स को जमा करने के लिए जागरूक करने के साथ ही नोटिस भेजने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

**गैर मान्यता प्राप्त दलों को नहीं दे सकते चंदा :** आयकर विभाग से जुड़े जानकारों के मुताबिक मान्यता प्राप्त दलों को नियमानुसार चंदा दिया जा सकता है, मगर गैर मान्यता प्राप्त दलों को चंदा देने का प्रावधान नहीं है।

ऐसे में माना जा रहा है कि टैक्स बचाकर चंदा देने के लिए चिह्नित किए गए अधिकांश लोगों ने गैर मान्यता राजनीतिक दलों को ही चंदा दिया है।

### 11 जिलों से 50 करोड़ के करीब वसूलेंगे टैक्स

आयकर विभाग के अधिकारी के अनुसार विजिलेंस की ओर से वित्तीय वर्ष 2023-24 की तैयार की गई सूची में ही 18 से 20 करोड़ का टैक्स बचाने का प्रयास इन लोगों ने किया है। जबकि 2020-21 से लेकर 2024-25 के मध्य तक करीब 50 करोड़ का टैक्स बन रहा है। इसकी वसूली के लिए अधिकारियों ने प्रयास तेज कर दिए हैं। सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय कार्यालय से भेजी गई सूची में किस पार्टी को किस जिले से कितने लोगों ने चंदा दिया है, इसका उल्लेख किया गया है।

> गैर मान्यता प्राप्त दलों को 2020-21 से लेकर 2024-25 के बीच चंदा देने वाले लोगों की सूची केंद्रीय कार्यालय से संकलित करके भेजी गई है। 11 जिलों के 1500 लोग हैं। दबाए गए टैक्स को जमा कर ब्याज और जुर्माने जैसी कार्रवाई से बच सकते हैं। विभाग की ओर से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। नोटिस भी जारी किए जाएंगे। -**अभय मिश्रा**, आयकर अधिकारी टीडीएस

# फ्यूचर यूनिवर्सिटी और एसीसीए यूके के बीच हुआ एमओयू

**बरेली, अमृत विचार :** फ्यूचर यूनिवर्सिटी ने एसोसिएशन ऑफ चार्टर्ड सर्टिफाइड अकाउंटेंट्स (एसीसीए) यूके के साथ एक सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत विश्वविद्यालय अब छात्रों को पारंपरिक बीकॉम डिग्री के साथ अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त एसीसीए क्वालिफिकेशन भी प्रदान करेगा।

एमओयू के दौरान विश्वविद्यालय के चांसलर मुकेश गुप्ता ने कहा कि यह साझेदारी बरेली जैसे शहर में पढ़ने वाले छात्रों को भी लंदन, दुबई और सिंगापुर जैसे वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धा करने योग्य बनाएगी। उन्होंने कहा, हमारा सपना है कि हमारे छात्र सिर्फ डिग्री धारक नहीं, बल्कि इंटरनेशनल लेवल के फाइनेंस प्रोफेशनल बनें। प्रो. वाइस चांसलर डॉ. पंकज कुमार मिश्रा ने बताया कि बीकॉम के साथ एसीसीए कार्यक्रम छात्रों को वित्त, लेखांकन, टैक्सेशन और वैश्विक ऑडिटिंग जैसे क्षेत्रों में व्यावसायिक दक्षता देगा। एसीसीए इंडिया के प्रतिनिधि अरिदमन ने कहा कि फ्यूचर यूनिवर्सिटी के साथ यह समझौता उत्तर भारत के छात्रों के लिए गेमचेंजर साबित होगा। एसीसीए उत्तर भारत के क्षेत्रीय प्रमुख जयंत सिंह ने भी विचार रखे।



एमओयू के साथ फ्यूचर यूनिवर्सिटी के चांसलर मुकेश गुप्ता।

- **चांसलर बोले- छात्रों को वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धा करने योग्य बनाएगी यह साझेदारी**

## उधार सामान न देने पर किया हमला

**बरेली, अमृत विचार :** उधार सामान न देने पर दबंग ने साथियों के साथ महिला की दुकान में तोड़फोड़ की। आरोपी ने गल्ले में रखे रुपये भी निकाल लिए। थाना बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। महिला ने बताया कि उसकी परचूनी की दुकान है। 26 मई को करीब 3 :30 बजे मोहल्ले का ही नासिर उनकी दुकान पर आया और आटा और चावल मांगने लगा। जब पिछला हिसाब मांगा तो नासिर भड़क गया। कुछ देर वह अपने साथ आसिव, मोनू, सादाब और 5-6 अज्ञात लोगों को लेकर दुकान पर आया और मारपीट करने लगा।

## शराबियों ने घर में घुसकर की मारपीट

**बरेली, अमृत विचार :** चार शराबी नशे की हालत में एक व्यक्ति की घर में घुस गए और महिलाओं और अन्य लोगों के साथ मारपीट की। शिकायत पर थाना सुभाषनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

तिलक कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उनकी बहन का घर भी तिलक कॉलोनी में ही है। दो भांजी उनकी बहन के घर पर आई थीं। शनिवार देर रात रितिक, शरद, जयपाल, जितेंद्र, अरुण और लालू उर्फ शालू घर के सामने से निकले और उनके भांजे को गाली देने लगे।

# वंश इंटरप्राइजेज के मालिक पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **शिकायत पर बारादरी पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट**
- **कार के किराये का भुगतान न करने का आरोप**

**अमृत विचार :** एक व्यक्ति ने वंश इंटरप्राइजेज के मालिक पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। शिकायत पर बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

भमोरा के गांव घिलौरा निवासी आर्येंद्र कुमार ने बताया कि उन्होंने 28 जून 2024 को वंश इंटरप्राइजेज के मालिक छोटेलाल निवासी आनंद पार्क सुपरसिटी को 16 हजार रुपये प्रति माह किराये पर कार दी थी। दो माह तक आरोपी ने रुपये दिए और बाद में देने बंद कर दिए। उनके छोटेलाल पर 1.65 लाख रुपये बकाया रह गए। मांगने पर छोटेलाल बहाना बनाते रहे। करीब 20 दिन पहले उन्होंने ने अपनी कार डोहरा मोड़ पर देखी तो वह टूटी फूटी थी। पूछने पर उसने बताया कि चालक की गलती से कहीं लग गई और वह उसे ठीक करा देगा। इसके बाद पीड़ित अपनी गाड़ी ले गया, लेकिन छोटेलाल ने न रुपये दिए और न ही स्टेपनी। मांगने पर चेक दे दिया, जो बाद में बाउंस हो गया। पीड़ित छोटेलाल से रुपये मांगने गया तो उसने जान से मारने की धमकी दी।

**इन्हें भी लगाया चूना :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र के पटेल विहार निवासी रक्षपाल और बल्लिया निवासी रामकृष्ण ने समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर वंश इंटरप्राइजेज के मालिक पर रुपये न देने का आरोप लगाया है। रक्षपाल और रामकृष्ण का आरोप है कि उन दोनों ने वंश इंटरप्राइजेज के माध्यम से अपनी अपनी गाड़ियां बेसिक शिक्षा अधिकारी के यहां वर्ष 2024-25 में लगाई थीं, लेकिन उनकी गाड़ियों को भुगतान अब तक नहीं किया गया है। रक्षपाल के अनुसार वंश इंटरप्राइजेज के मालिक छोटेलाल पर उनके 2 लाख 33 हजार 700 रुपये और रामकृष्ण के 1.80 लाख रुपये बकाया हैं। दोनों पीड़ितों ने समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर रकम दिलाने की मांग की है। डीएम ने बीएसए को जांच कर सात दिन में आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

# दोस्त ने उधार लेकर हड़पे 12 लाख, मांगने पर किया हमला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **एडीजी के निर्देश पर थाना बारादरी पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** उधार मांगने पर दोस्त ने युवक और उसकी मां को जान से मारने की धमकी दी। एडीजी के निर्देश पर थाना बारादरी पुलिस ने आरोपी दोस्त समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कटरा चांद खां निवासी वीना श्रीवास्तव ने बताया कि उनके बेटे प्रियांशु श्रीवास्तव की थाना कैंट क्षेत्र के गांव वारीनगला निवासी मोहन स्वरूप से दोस्ती थी। मोहन स्वरूप ने उनके बेटे और उनसे 12 लाख रुपये जमीन खरीदने के लिए उधार लिए थे। कहा कि एक माह बाद रुपये वापस कर देगा। तय समय पर रुपये वापस न करने पर जब उन लोगों ने फोन किया तो फोन उठाना बंद कर दिया। तब वह प्रियांशु के साथ मोहन स्वरूप के घर पर तकादा करने गईं तो मोहन स्वरूप ने उन्हें 3.50 लाख और 2.60 लाख रुपये के चेक दिए जो बाउंस हो गए। तब उन्होंने थाना बारादरी में शिकायत की। इसके बाद आरोपी मोहन स्वरूप, उसके पिता रामबहादुर और चाचा लाल करन ने 1 जनवरी को पैसे वापस करने का वादा किया। जब तय समय पर पैसे नहीं मिलने तो 2 मई को वह आरोपी के यहां पैसे मांगने गईं तो मोहन स्वरूप, राम बहादुर और लाल करन गालीगलौज करने लगे और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उन्होंने एडीजी को शिकायती पत्र दिया। एडीजी के निर्देश पर बारादरी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


Admission Open
Session 2025-26
BIU COLLEGE OF PHARMACY BIUCOP BAREILLY Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)



FOPS BAREILLY Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
■ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
■ BRIT (Intake-80 Seats)
■ BPT (Intake-40 Seats)
■ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
■ BOTT (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
■ MPT (Intake-20 Seats)
■ MMLS (Intake-20 Seats)
Admission Open
Session 2025-26
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
■ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
■ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
■ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
■ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## एक नजर

### महिला के अपहरण की कोशिश में रिपोर्ट दर्ज

**कैंट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया उसकी पत्नी 7 जून को रात करीब 8:30 बजे थाना बारादरी के ईसाइयों की पुलिया से नकटिया मोहनपुर स्थित अपने घर आ रही थी। रास्ते में जुबैर नाम के व्यक्ति ने उसके साथ जबरदस्ती करते हुए उठाकर ले जाने की कोशिश की। महिला के विरोध पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। जब महिला ने पुलिस में शिकायत करने की बात कही, तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पीड़ित महिला के पति ने कैंट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### किशोरी को भगा ले गया युवक, रिपोर्ट दर्ज

**बहेड़ी, अमृत विचार :** एक किशोरी को एक युवक प्रेमजाल में फंसाकर भगा ले गया। किशोरी के पिता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़ित पिता ने बताया उसकी 13 वर्षीय बेटी को गांव सकरस निवासी एक युवक घर से भगा ले गया। किशोरी के पिता का आरोप है उसकी बेटी को भगाकर ले जाने में आरिफ, शोएब, शाहीन और जुबैर का भी हाथ है। पुलिस ने तहरीर के के आधार पर आरोपी जुबैर, व उसके दोस्त शोएब, आरिफ, शाहीन निवासी अकबराबाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### भतीजे से मजाक करना पड़ा भारी, चले लाठी-डंडे

**आंवला, अमृत विचार :** एक व्यक्ति को भतीजे से मजाक करना महंगा पड़ गया। मजाक -मजाक में दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों के छह लोगों को गिरफ्तार कर शांति भंग की कार्रवाई की है। देवीपुरा गांव निवासी सत्यपाल ने भतीजे राजपाल से मजाक में कह दिया वह अपनी मां को उसके पास बुला लाए तो वह उसे एक लाख रुपये देगा। भतीजे ने एक लाख रुपये मांगे तो झगड़ा हो गया। मजाक मजाक में दोनों में कहासुनी हो गई। बात बढ़ने पर दोनों पक्षों की ओर से परिवार के और लोग आ गए। उनमें जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों ने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। वहीं पुलिस ने एक पक्ष के सत्यपाल, वीरपाल, राजपाल और दूसरे पक्ष के सोनू, सत्यपाल, जगमोहन के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की है।

### प्रेम जाल में फंसाकर किशोरी को लेकर भागा

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** क्षेत्र एक गांव से रात में एक किशोरी घर से गायब हो गई। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही एक युवक के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने जांच के बाद गांव के चार युवकों को हिरासत में लिया है। किशोरी के पिता ने बताया उनकी बेटी रात 2 बजे अचानक गायब हो गई। जानकारी होने पर परिजन ने उसको संभावित स्थलों पर काफी खोजा, लेकिन वह नहीं मिली। किशोरी के पिता के अनुसार उन्हें किसी ने बताया उनकी बेटी को गांव का युवक बरेली जंक्शन पर लेकर खड़ा है। परिजन वहां पहुंचे तो दोनों वहां पर भी नहीं मिले। पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बरेली जंक्शन तक किशोरी को पहुंचाने वाले गांव के चार युवकों को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

### हिंदू संगठन की शिकायत पर आरोपी गिरफ्तार

**आंवला, अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल की ओर से दूसरे समुदाय के एक युवक पर चप्पल पहने भीम गदा पर खड़े होने की तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर भावनाएं आहत करने की शिकायत की गई थी। पुलिस ने सोमवार को आरोपी को गिरफ्तार कर शांति भंग की कार्रवाई की है। संगठन की ओर से दी गई शिकायत में बताया गया था कि रामनगर अहिच्छत्र क्षेत्र जैन आस्था का केंद्र है। यहां जैन समाज के साथ महाभारत कालीन पांचाल प्रदेश की प्राचीन निशानियां मौजूद है। चंपतपुर गांव के उवैस ने रामनगर स्थित किला की भीम गदा पर चप्पल पहनकर खड़े होकर एक तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी है। जिससे उनकी भावनाएं आहत हुई है। वहीं उवैस ने बताया वह किला क्षेत्र में घूमने गया था, अनजाने में चप्पल पहनकर चढ़ गया, उससे यह गलती हो गई। उसने जान बूझकर नहीं किया था। वहीं पुलिस ने आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर शांति भंग की कार्रवाई की।

# बस से टकराया कैंटर, हेल्पर घायल

## हादसे के बाद केबिन में फंसा सहायक, कैंटर की बॉडी को काटकर निकाला गया

संवाददाता, मीरगंज


कैंटर में फंसे सहायक को निकालते लोग। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** हाईवे किनारे खड़ी होकर सवारियां उतार रही रोडवेज बस को तेज रफ्तार कैंटर ने पीछे से टक्कर मार दी, हादसे में कैंटर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और क्लीनर (सहायक) उसमें फंसकर घायल हो गया। पुलिस ने राहगीरों की मदद से कैंटर काटकर उसे निकाला। पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस से नजदीकी सीएचसी में भर्ती कराया। कुछ देर तक यातायात प्रभावित रहा।

सोमवार सुबह 5:30 बजे रामपुर बरेली हाईवे पर बस अड्डे पर शाहजहांपुर डिपो की रोडवेज बस मीरगंज की सवारियां उतारने को रुकी।सवारियां उतारी ही थीं, इसी दौरान हरियाणा नंबर की अमिया भरे कैंटर (डीसीएम) चालक ने रोडवेज बस में टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि कैंटर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में रोडवेज बस का पिछला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। रोडवेज चालक विजय कुमार थाना कलां जिला शाहजहांपुर ने बताया कि वह दिल्ली से सवारियां भरकर ला रहे थे, मीरगंज बस अड्डे पर कुछ सवारियों को उतारा, उसी वक्त कैंटर ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद रोडवेज में 17 सवारियां बैठी थी। उन्हें दूसरी बस में बैठाया गया।पुलिस ने रोडवेज को अनुबिस चौकी पर खड़ा कराया। कैंटर को एहसान निवासी ग्राम मुजफ्फराबाद जिला सहारनपुर चला रहा था। उसका कंडक्टर आसिफ भी उसके साथ बैठा था। टक्कर लगने के बाद चालक कूद गया, लेकिन कंडक्टर केबिन में फंस गया। सूचना पर मौके पर पुलिस और अग्निशमन फोर्स पहुंची। पुलिस ने राहगीरों की मदद से कंडक्टर को क्रेन की मदद से कैंटर का अगला हिस्सा सीधा करके बाहर निकलवाया, उसके पैरों में ज्यादा चोट लगी। उसे एंबुलेंस से प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी सीएचसी में भेजा गया। रोडवेज बस में 17 सवारी बैठी थीं। चालक एहसान ने बताया कि वह अमिया भरकर रुड़की हरिद्वार से बरेली मंडी जा रहे थे।

### टक्कर के बाद हुई तेज आवाज

बस में बैठे मुस्तकिम निवासी ग्राम दुनका ने बताया कि वह मीरगंज बस अड्डे से उतर रहे थे जैसे ही उतरे तो पीछे से कैंटर ने बस के टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बहुत तेज आवाज हुई और करीब सौ मीटर तक रोडवेज बस खिंचती हुई चली गई। प्रभारी निरीक्षक प्रयागराज सिंह ने बताया कि हादसे की सूचना हुई थी मौके पर पुलिस फोर्स पहुंची थी। घायल को सीएचसी भिजवाया गया। यातायात सुचारू रूप से चल रहा था। क्रेन की मदद से कंडक्टर को केंटेनर से निकलवाया गया।

# खुले में पशु के अवशेष फेंकने वाला गिरफ्तार

**आंवला, अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों ने बताया रविवार दोपहर दो व्यक्ति ई- रिक्शा से एक बोरा लाए और अलीगंज रोड पर सड़क के किनारे खाई में फेंक दिया। उन लोगों ने उन्हें देखा तो भागने लगे। उन्हें रोकने का प्रयास किया, परंतु वह लोग नहीं रुके।

भागने के कारण उन्हें प्रतिबंधित पशुओं के अवशेष होने का संदेह हुआ। इसी बीच फोन कर अन्य कार्यकर्ताओं को सूचना दी गई। कार्यकर्ताओं ने दो को मोहब्बत गंज गौंटिया स्थित मंदिर के समीप रोक लिया। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने फेंके गए बोरे की छानबीन की तो उसमें काले पशु के अवशेष मिले। पुलिस ने सोमवार को एक आरोपी मुकतसिद निवासी मोहल्ला कुरैशियान आंवला को गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई कर न्यायालय भेजा है।

# सीडीओ और एसडीएम ने सुनीं जनशिकायतें

संवाददाता, मीरगंज


मीरगंज तहसील परिसर में लोगों की शिकायतें सुनतीं सीडीओ और एसडीएम।

**अमृत विचार:** ईद- उल-अजहा के चलते सोमवार को तहसील सभागार में आयोजित हुए संपूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ देवयानी, एसडीएम मीरगंज तृप्ति गुप्ता, तहसीलदार आशीष कुमार सिंह, नायब तहसीलदार अरविंद कुमार, सीओ अंजनी कुमार तिवारी ने लोगों की शिकायतों को सुना।

सीडीओ देवयानी ने कहा सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा। और ऐसा कोई भी काम न करें जिससे प्रशासन की छवि पर सवाल उठे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण होने के बाद उसकी पूरी रिपोर्ट रजिस्टर में जरूर दर्ज करें। शिकायत के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता से उसकी समस्या का फीडबैक जरूर लें। जनसमस्याओं के निस्तारण में कोई कोताही न बरती जाए। संपूर्ण समाधान दिवस में 30 शिकायतें पंजीकृत हुईं, जिनमें से मौके पर पांच का निस्तारण किया गया। इस दौरान राजस्व विभाग की 11, पुलिस की 6, पूर्ति विभाग की 6, विकास विभाग की तीन, विद्युत विभाग की दो,चकबंदी विभाग की एक, लोक निर्माण विभाग की एक रही।इस दौरान बीडीओ भगवान दास, आपूर्ति निरीक्षक रवि सक्सेना, प्रभारी एडीओ पंचायत गजेंद्र वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

### आंवला में आईं 54 शिकायतें, पांच का मौके पर निस्तारण

**आंवला, अमृत विचार :** माह के पहले शनिवार को बकरीद के अवकाश के कारण सोमवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें 54 शिकायतें दर्ज की गईं। अधिकारियों ने मौके पर पांच शिकायतों का निस्तारण कर दिया ।दिवस में राजस्व विभाग की 25, पुलिस विभाग की 12, विकास विभाग की 7 और अन्य विभागों की 10 शिकायतें शामिल रहीं। इस दौरान एडीएम एफ आर संतोष कुमार सिंह, एसडीएम एन राम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, आदि अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# नहीं हट सकी ब्रह्मदेव स्थल से आंबेडकर की प्रतिमा

संवाददाता, नवाबगंज

• सुरक्षा के लिए समर्थकों ने स्थल पर लगवाया सीसीटीवी कैमरा


गांव में लगी आंबेडकर की प्रतिमा।

**अमृत विचार:** बड़े गांव के मजरा ग्राम गंगापुर में ब्रह्मदेव स्थल पर बिना अनुमति के लगाई गई बाबा साहेब की प्रतिमा सोमवार को भी नहीं हटाई जा सकी। वहीं बाबा साहेब के अनुयायियों ने प्रतिमा की सुरक्षा के लिए स्थल पर सीसीटीवी कैमरा भी लगवा दिया हैं, वहीं सोमवार को सीओ ने गांव का निरीक्षण किया।

फलैक्सी के बाद लगाई गई बाबा साहेब की प्रतिमा को लेकर प्रशासन और आंबेडकर वादियों के बीच छिड़ी जंग थमने का नाम नहीं ले रही है । एक पक्ष की शिकायत पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने बिना अनुमति के लगाई गई इस प्रतिमा को हटवाने के लिए आंबेडकर वादियों को कड़ी चेतावनी भी दी थी , लेकिन ये पक्ष प्रतिमा हटाने पर सहमत नहीं हुआ । जिस पर प्रशासन की ओर से लेखपाल ने प्रधान सहित सात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बावजूद बाबा साहेब के समर्थक प्रतिमा न हटाने की अपनी जिद पर अड़े हुए हैं और प्रतिमा की सुरक्षा के लिए स्थल पर एक सीसीटीवी कैमरा भी लगा दिया है । कोतवाल राहुल सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज होने के बाद मामले की विवेचना की जा रही है ।

## सार-संक्षेप

### आरएसएस ने मनाया हिंदू साम्राज्य दिनोत्सव



**फरीदपुर अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर पीतांपरपुर की ओर से हिंदू साम्राज्य दिनोत्सव सरस्वती शिशु मंदिर फरीदपुर में मनाया गया। कार्यक्रम को मुख्यवक्ता गौसेवा के सहप्रांत प्रमुख दिलीप शर्मा एवं नगर संघ चालक ब्रह्मेन्द्र मिश्रा ने संबोधित किया गया, उन्होंने शिवाजी के जीवन पर प्रकाश डाला। शिवाजी ने बिखरे हुए हिंदू समाज को संगठित करके आतंकी मुगलों के विरुद्ध खड़ा किया नगर संघचालक ब्रह्मेन्द्र मिश्रा ने वर्तमान में देश धर्म पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का आरंभ शिवाजी और संघ संस्थापक डॉ . साहब के पुष्पार्चन से हुआ उसके बाद गण गीत, एकल गीत और अमृत वचन के उपरांत उद्बोधन हुआ। कार्यक्रम के समापन प्रार्थना के साथ हुआ। कार्यक्रम में जिला कार्यवाह अभिमन्यु सिंह, सह नगर कार्यवाह रुद्रांश त्रिगुणायत, तुषार अग्रवाल, नवल मिश्रा, सुरेन्द्र भुवनेश,आलोक सक्सेना, आयुष अग्रवाल, सुखदेव वाल्मीकि, दिव्यांश नरेंद्र प्रमोद बलधारी, आयुष, वीरेंद्र , प्रतुल अग्रवाल, ब्रह्मा शंकर गुप्ता समेत अन्य मौजूद रहे।

### सफाई किट दिलाने की मांग, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**बिथरी चैनपुर,अमृत विचार :** दो साल से सफाईकर्मियों को सफाई किट उपलब्ध नहीं कराई गई है, जिससे उनमें रोष है। जिसको लेकर उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ने ब्लॉक प्रमुख, बीडीओ को ज्ञापन सौंपा है। वहीं 15 दिनों में किट न मिलने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। सोमवार को बिथरी चैनपुर संघ के जिला अध्यक्ष राम लाल कश्यप के नेतृत्व में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि हरेंद्र पटेल एवं बीडीओ अंजना सिरोही को सौंपे गए ज्ञापन में बताया दो साल से कर्मचारियों को सफाई उपकरण किट नहीं दी गई, जिससे सफाई करने में परेशानी हो रही हैं। राम लाल कश्यप ने कहा अगर सफाई कर्मियों को15 दिन में सफाई उपकरण नहीं मिले तो सभी कर्मचारी ब्लॉक परिसर में इकट्ठे होकर आंदोलन करेंगे। रनवीर सिंह पटेल, राजेंद्र सिंह कोली, भगवान दास कश्यप,रामजीत यादव, जकील अहमद, कमल किशोर कश्यप, राम मोहन कश्यप, तेज प्रकाश लोधी,निहाल सिंह, देवकीनंदन मौर्य, सतीश कुमार वाल्मीकि, फ़रीद अख़्तर, मो . अकील, विमला वर्मा, कंचन भारती आदि मौजूद रहे।

### हजरत नयाज उल्लाह शाह मियां का उर्स संपन्न



**नवाबगंज, अमृत विचार :** कस्बे के गांधी टोला बस्ती स्थित दरगाह हजरत नयाज उल्लाह शाह मियां पर चले तीन रोजा सालाना उर्स का सोमवार को कुल शरीफ के साथ समापन हो गया। 7 जून से शुरू हुए उर्स का सोमवार को कुल शरीफ की फातिहा हुई, जिसमें दरगाह के सज्जादा नशीन हाफिज तौफीक अहमद ने देश में अमन और शान्ति की दुआ कराई। इससे पहले अकीदत मंदों ने दरगाह शरीफ पर चादर पेशी कर खिराजे अकीदत पेश की। कुल शरीफ की फातिहा में हाजी अशफाक अहमद अंसारी, हाजी इरशाद अहमद इदरीसी, हाजी सलीम अशर्फी, सूफ़ी मुन्ने, खुर्शीद अहमद कोटेदार,मो क़ासिम अंसारी, मो उस्मान सब्ज़ी वाले, मो कमर सहित बड़ी तादात में अकीदत मंदों ने शिरकत की। सज्जादा नशीन हाफिज तौफीक अहमद ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

### महिला ने मां- बेटे पर लगाया मारपीट का आरोप

**आंवला, अमृत विचार :** एक महिला ने पति और उसके साथ रहने वाली महिला और उसके बेटे पर मारपीट करने और संपत्ति हड़पने की रिपोर्ट दर्ज कराई। देवी गांव निवासी अनीता देवी ने बताया कि उसके पति अमित सिंह गलत संगत में पड़ गए है, वह बदायूं निवासी रीना नाम की महिला के साथ रहने लगे हैं। उस महिला के भी बच्चे हैं। रीना और उसका बेटा अंकित उसे और उसके बच्चों को मार कर उसकी संपत्ति हड़पना चाहते हैं। तीन दिन पहले रीना का बेटा और उसके ही गांव के शीलेंद्र सिंह उर्फ सील्लू सिंह दो तीन अन्य लोगों के साथ हाथों मे लाठी डंडे लेकर उसके घर में घुस आए और उसे एवं उसके बच्चों को मारने– पीटने लगे। चीख –पुकार सुनकर आस पड़ोस के लोग आ गए। तभी वह लोग जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### बार-बार क्रॉसिंग बंद होने से लगा जाम



**फतेहगंज पूर्वी , अमृत विचार :** ट्रेनों के अधिक निकलने और वाहनों की अधिकता के चलते सोमवार को नगर से दातागंज बदायूं को जाने वाले मार्ग पर फिर जाम के हालात बने रहे । नगर में इन दिनों बदायूं– दातागंज मार्ग पर ओवरब्रिज निर्माण कार्य के चलते वनवे ट्रैफिक गुजारा जा रहा है । ओवरब्रिज का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, जिसके चलते सड़क पर निकलने की जगह भी नहीं है। जिसकी वजह से सोमवार को रेलवे फाटक से अधिक ट्रेनें गुजरने और वाहनों की अधिकता के चलते फाटक के अधिक देर बंद रहने से जाम लगा रहा । जिस कारण क्रॉसिंग के दोनों ओर वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग गई, काफी काफी देर तक लोगों को जाम से जूझना पड़ा। इस भीषण गर्मी में विकराल जाम लगने से लोग अपने घरों पर काफी असुविधा के साथ पहुंच पाए ।

# मूर्तियां चुराने वाले और खरीददार कबाड़ी को भेजा जेल

संवाददाता, आंवला

• पुलिस ने कबाड़ी से अष्टधातु की सभी मूर्तियां बरामद कीं


मूर्ति के साथ चोर और कबाड़ी।

**अमृत विचार:** नौ दिन पहले प्राचीन मंदिर से अष्टधातु की मूर्तियां चोरी करने वाले खरीदने वाले कबाड़ी को पुलिस ने गिरफ्तार करके सोमवार को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

कस्बे के मोहल्ला पक्का कटरा ठाकुरद्वारा गली स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर के पुजारी राजीव त्रिपाठी निवासी रतनलाल वाली गली गंज त्रिपोलिया आंवला ने बताया था कि एक जून की सुबह करीब 5:35 बजे मंदिर से एक व्यक्ति ने अष्टधातु की आठ मूर्तियां चोरी कर लीं। सीसीटीवी में वह चोर थैले में रखकर मूर्तियां ले जाते हुए दिख रहा है। पुजारी की शिकायत पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोर की तलाश शुरू की थी। 5 जून की शाम रामनगर रोड रोडवेज बस स्टॉप के समीप पुलिस ने आरोपी को टहलते हुए पकड़ लिया था। पूछताछ में आरोपी ने कोई जानकारी नहीं दी तो उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा था। इंस्पेक्टर आंवला कुंवर बहादुर सिंह ने बताया राजेश उर्फ हरीशंकर निवासी होली चौक संजयनगर थाना बारादरी ने मंदिर से मूर्तियां चोरी की थीं। आरोपी को पकड़ने अथवा जानकारी देने वाले को एसएसपी बरेली ने 20 हजार का इनाम घोषित किया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने मूर्तियों को सूफी मर्दान हसन निवासी अलीगंज स्टैंड कस्बा आंवला को बेचने की बात कही। पुलिस ने आरोपी कबाड़ी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोरी की गईं मूर्तियों को बरामद कर लिया है और दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा है।

# गोदाम का ताला तोड़कर अनाज चोरी

संवाददाता, भुता

• लगातार चोरियों से ग्रामीणों में आक्रोश, जल्द खुलासे की मांग


गोदाम के टूटे ताले।

**अमृत विचार :** वैष्णो धाम कॉलोनी में स्थित गल्ला गोदाम की दुकान से चोरों ने शटर काटकर गेहूं, सरसों की बोरी चुरा ले गए। पीड़ित ने आज्ञात के खिलाफ तहरीर। पुलिस कर रही मामले की जांच कर रही है।

पीड़ित गोदाम मालिक अलीबाबू ने बताया मेरी वैष्णो धाम कॉलोनी में गल्ला खरीदने की दुकान है। जिसमें हमेशा अनाज की भरी बोरी जमा रहती हैं। रविवार रात चोरों ने दुकान का शटर के ताले तोड़कर 70 क्विंटल गेहूं, 8 कुंतल लाही और लाटा की बोरियां चुरा कर ले जाने में सफल रहे। गोदाम मालिक जब सुबह वहां पहुंचा तो बोरियां गायब देखकर उसके होश उड़ गए। शोर शराबा सुन आसपास के ग्रामीण एकत्र हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर आसपास के इलाके में जांच की, लेकिन कोई भी सफलता हाथ नहीं लग पाई। गोदाम मालिक ने बताया मेरे गोदाम में ग्राम दौलतपुर निवासी रोहित गंगवार की 20 बोरी खाद भी रखी थी। चोरों ने उसे भी नहीं छोड़ा पूरे गोदाम को खाली कर दिया। इधर क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में पुलिस के खिलाफ काफी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है जल्द ही इस चोरी का खुलासा अगर नहीं हुआ तो प्रशासन के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। थाना प्रभारी निरीक्षक भारत सिंह का कहना है पीड़ित ने चोरी की तहरीर दी है। जल्द ही चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# कार की टक्कर से तीन लोग घायल

**आंवला, अमृत विचार:** आंवला भमोरा रोड पर एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे तीन लोग घायल हो गए।

भमोरा के गांव कुड्डा निवासी अरबाज, मैसर और अमन बाइक से आंवला गए थे। वापस लौटते समय पथरा गांव के समीप उनकी बाइक को एक कार ने टक्कर मार दी, जिससे तीनों घायल हो गए।

# मारपीट में तीन लोग घायल

**अलीगंज, अमृत विचार :** राजपुर कलां गांव में रविवार दोपहर रंजिशन तीन युवकों पर जानलेवा हमला किया गया, जिससे वे घायल हो गए।

बरा सिरसा गांव निवासी शिवम सिंह, विकास सिंह और आकाश राजपुर कलां गांव में बाल कटवाने गए थे। इसी दौरान राजपुर कलां गांव के कुछ लोगों ने उन पर लाडी- डंडे, लोहे की रॉड, धारदार हथियारों से हमला कर दिया। चीख पुकार पर आसपास के लोग पहुंच गए। परिजनों ने बताया तीन माह पहले उन लोगों से मारपीट हो गई थी। जिसकी रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें समझौता करने के लिए दूसरा पक्ष दबाव बना रहा है। समझौता न करने से नाराज होकर मारपीट की। थाना प्रभारी राजित राम ने बताया कि दोनों तरफ से तहरीर आई है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# निकाह का झांसा देकर युवती का किया शोषण

संवाददाता, राजपुर कलां

• गर्भवती होने पर युवती के भाई ने थाने पहुंचकर दी तहरीर

**अमृत विचार:** अलीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती से उसी समुदाय के एक व्यक्ति ने निकाह का झांसा देकर एक साल तक अवैध संबंध बनाए, जिससे वह गर्भवती हो गई। युवती के भाई ने पुलिस को कार्रवाई के लिए तहरीर दी।

सोमवार शाम लगभग 8:30 बजे प्रधान एवं दर्जनों लोगों के साथ थाना अलीगंज पहुंचे युवती के भाई ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसके मकान के पास लकड़ी की टाल चलाने वाले एक व्यक्ति ने निकाह का झांसा देकर उसकी बहन से अवैध संबंध बना लिए ,इसका खुलासा तब हुआ जब उसकी बहन के पेट में दर्द हुआ और वह उसे लेकर अलीगंज आया। जहां डॉक्टरों ने उसे 8 महीने की गर्भवती बताया, युवती के भाई ने बताया कि पूछताछ में उसकी बहन ने बताया कि टाल संचालक उसे अब तक निकाह का झांसा देता चला आया, जब उसने स्वयं के गर्भवती होने की बात उसे बताई तो वह निकाह से मुकर गया और पुलिस से शिकायत पर धमकियां देने लगा युवती के भाई ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी ने बताया पुलिस को तहरीर मिल गई है, जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

अनदेखी | स्वीपिंग मशीन खरीदे जाने के बाद कभी भी सड़क पर नहीं दिखी सफाई करती हुई

# कमीशन के खेल में खरीदी मशीन हो रही कबाड़

संवाददाता,फरीदपुर



खरीदे जाने के बाद कभी भी सफाई के लिए नहीं निकाली गई स्वीपिंग मशीन ।

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद ने कस्बे की सड़कों को साफ रखने के लिए रोड स्वीपिंग मशीन लाखों रुपये खर्च करके खरीदी, लेकिन उपयोग नहीं होने से एक ही स्थान पर खड़ी-खड़ कबाड़ होती जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया इस मशीन का उपयोग कभी नहीं किया गया, इसे चलते हुए कभी नहीं देखा गया, इससे स्पष्ट है केवल सरकारी धन को ठिकाने लगाने के लिए इसे मनमानी दाम पर खरीदा गया।

कस्बे के एक समाजसेवी ने आरोप लगाया इस मशीन को केवल निजी लाभ के लिए खरीदा गया, ताकि कुछ लोगों को मोटा कमिशन मिल सके, इसकी जांच होनी चाहिए। ताकि पता चले इसकी खरीद और रखररखाव में कितना खर्च हो रहा है। कही ऐसा तो नहीं इसे कागजों में चलाकर निगम के बजट को ठिकाने लगाया जा रहा है। ऐसा केवल एक स्वीपिंग मशीन का नहीं है अन्य कई ऐसी और मशीनें है जो खरीदी तो गई जिनका आज तक कोई अता-पता ही नहीं है । जिसमें सक्शन मशीन ( टैंक साफ ) करने वाली का भी खरीदारी के बाद उपयोग नहीं हुआ। सूत्रों के अनुसार एक मशीन की कीमत 15 लाख रुपये है, एक मशीन का उपयोग नहीं किया गया, उसके बावजूद कमीशन के लिए दूसरी मशीन खरीद ली गई। इन मशीनों का नगर की जनता को आज तक कोई लाभ नहीं मिला।

> स्वीपिंग मशीन खासतौर से चौड़ी सड़कों और डिवाइडर के आसपास जमा कूड़ा कचरा साफ करने के काम आती है और सर्दियों के मौसम में इसका प्रयोग किया जाता है। फरीदपुर में डिवाइडर नहीं है और न ही सड़के चौड़ी है, फिर भी समय-समय पर इसका प्रयोग किया जाता है और यह प्रोजेक्ट हमारे आने से बहुत पहले का खरीदा गया है। सक्शन मशीन दोनों काम कर रही हैं।
>
> **-शैलेंद्र मिश्रा** ईओ नगर पालिका परिषद फरीदपुर

# बंटवारे को लेकर मारपीट, चार लोगों पर रिपोर्ट

**आंवला, अमृत विचार:** बंटवारे को लेकर एक ही परिवार के दो पक्ष भिड़ गए। मारपीट में एक व्यक्ति बेहोश हो गया। जिसका इलाज चल रहा है। इस मामले में एक पक्ष ने परिवार के ही चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

भीमलौर रसूलपुर निवासी महावीर सिंह ने बताया दो दिन पहले वह भाइयों और पिता के साथ ट्रैक्टर से खेत को समतल करने के लिए जाने की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान परिवार के शीतल सिंह, मनवीर सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, जितेन्द्र सिंह हाथ में फावड़ा, डंडे, कांता लेकर उसके घर में घुस आए और उसके खेत की जुताई कराने की धमकी देने लगे। विरोध करने पर उन्होंने उसके परिवार पर हमला कर दिया। मारपीट में उसके पिता बेहोश हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैं उमा पाण्डेय पत्नी JC3688876X स्व. सूबेदार अमित पाण्डेय, नि0 म नं. 1 रेंज कॉलोनी भरतौल, पो0 पी.ए.सी. डी.एस. सी. नकटिया, थाना कैन्ट पर0 तह. व जिला बरेली (उ.प्र.)-243123. की हूँ, मेरे पति से सर्विस रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम EAKLIVYA PANDEY गलत दर्ज है जबकि सही नाम EKALAVYA PANDEY है। कृपया सही नाम दर्ज हों।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट नम्बर 6104437 जारी दिनांक 26.11.2012 में पिता का नाम त्रुटिवश नन्हें खां दर्ज हो गया है जबकि उनका सही नाम हाकिम अली है। आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में भी मेरे पिता का नाम हाकिम अली ही दर्ज है। **मो. आरिफ पुत्र श्री हाकिम अली निवासी 141 पिपरिया रामदयाल तुलसीपुर थाना भोजीपुरा तहसील व जिला बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यथाशक्ति चिकीर्षन्ति यथाशक्ति च कुर्वते।
न किञ्चिदवमन्यन्ते नराः पण्डितबुद्धयः॥

विवेकशील और बुद्धिमान व्यक्ति सदैव ये चेष्टा करते हैं की वे यथाशक्ति कार्य करें और वे वैसा करते भी हैं तथा किसी वस्तु को तुच्छ समझकर उसकी उपेक्षा नहीं करते, वे ही सच्चे ज्ञानी हैं।

## संपादकीय

# खतरनाक मोड़ पर युद्ध

तीन साल से ज्यादा समय से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध खतरनाक मोड़ पर है। रूस ने युद्ध के दौरान एक रात में अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया जिसके तहत बमबारी के लिए 479 ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। हमले में 24 घंटे में 200 से अधिक यूक्रेनी सैनिकों की मौत की खबर है। साथ ही रूस ने अमेरिका द्वारा यूक्रेन को दिए गए 26 अब्राम्स टैंकों को नष्ट कर दिया। अब्राम्स अमेरिका का मुख्य युद्धक टैंक है। हवाई हमला दोनों देशों के सैनिकों के शवों की अदला-बदली के बीच हुआ है, जिससे नए सिरे से शांति वार्ता की संभावनाओं पर चिंताएं बढ़ गई हैं। रूस का कहना है कि ये हमले यूक्रेन द्वारा पिछले आठ दिनों में किए जा रहे लगातार हमलों के जवाब में किए गए हैं। इन हमलों में रूस के ऊर्जा क्षेत्र, तुला में एक केमिकल प्लांट, मास्को में एक लुब्रिकेंट कंपनी का गोदाम, और नोवगोरोड में एक ऑयल रिफाइनरी को निशाना बनाया गया। यूक्रेन ने भी क्रीमिया पर कब्जे की तैयारी शुरू कर दी है जिससे युद्ध और भीषण होने की आशंका बढ़ गई है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि रूस आम लोगों को निशाना बना रहा है। यह युद्ध अब केवल यूक्रेन का नहीं, मानवता का युद्ध है।

अमेरिका, यूरोप और पूरी दुनिया को अब निर्णायक दबाव बनाना होगा। निर्णायक कार्यवाही का समय है केवल समर्थन से युद्ध नहीं रुकेगा। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार 2022 से अब तक रूस-यूक्रेन के हजारों नागरिक मारे गए, लाखों लोग विस्थापित हुए। इससे यूक्रेन की अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढांचा बुरी तरह प्रभावित हुआ है। अगर रूस लड़ाई के मैदान में तेजी दिखा रहा है, तो यूक्रेन भी दिलेर बना हुआ है। वैसे भी रूस ने इस कार्रवाई को अपने बमवर्षकों पर यूक्रेन द्वारा किए गए हमलों का प्रतिशोध बताया। अभी तक ट्रंप की शांति कायम करने की कोशिशों में बहुत कम प्रगति हुई है। लेकिन उन्हें हार नहीं माननी चाहिए। मतभेदों को कम करने और एक स्थायी युद्धविराम की दिशा में काम करने में अमेरिका की महत्वपूर्ण भूमिका है। अगर जंग जारी रही, तो दोनों पक्षों का नुकसान और भी बढ़ जाएगा। यूक्रेन कमजोर हवाई सुरक्षा, जनशक्ति के गहरे संकट और अमेरिकी समर्थन को लेकर अनिश्चितता से जूझ रहा है। वैसे भी यूक्रेन युद्ध ने देश को अस्थिर कर दिया है, पश्चिम को अलग-थलग कर दिया है और विश्व भर में युद्ध ने आर्थिक असुरक्षा को बढ़ावा दिया है।

# इंजीनियरिंग के आकाश पर भारत का परचम



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

> इतिहास की दृष्टि से देखें तो जम्मू-कश्मीर में रेलवे नेटवर्क स्थापित करने के प्रयास 19वीं सदी में शुरू हुए थे। 1897 में जम्मू से सियालकोट (अब पाकिस्तान) तक पहली रेललाइन बनी, जो 1947 के विभाजन के बाद समाप्त हो गई।

> अभी तक जम्मू-कश्मीर जाने वाली ट्रेनें श्रीनगर तक नहीं, जम्मू तवी तक ही जाने की सुविधा देती थी, उसके आगे या तो लोगों को सड़क मार्ग के जरिए श्रीनगर तक का 350 किलोमीटर का रास्ता तय करना होता था या हवाई मार्ग का सहारा लेना पड़ता था। ठंड के मौसम में बर्फबारी के बाद सड़क मार्ग के बंद होने का खतरा पैदा हो जाता था।

भारत के सबसे दुर्गम और रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक, जम्मू-कश्मीर का रियासी जिला, इसी रियासी जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ऐतिहासिक चिनाब ब्रिज का उद्घाटन किया गया, जिससे भारत के सबसे कठिन रेलवे प्रोजेक्ट 'उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक' (यूएसबीआरएल) का सबसे जटिल और निर्णायक भाग पूरा हो गया। यह परियोजना भारतीय रेलवे के इतिहास में अब तक की सबसे जटिल और महत्वपूर्ण परियोजना मानी जाती है।

अभी तक जम्मू-कश्मीर जाने वाली ट्रेनें श्रीनगर तक नहीं, जम्मू तवी तक ही जाने की सुविधा देती थी, उसके आगे या तो लोगों को सड़क मार्ग के जरिए श्रीनगर तक का 350 किलोमीटर का रास्ता तय करना होता था या हवाई मार्ग का सहारा लेना पड़ता था। ठंड के मौसम में बर्फबारी के बाद सड़क मार्ग के बंद होने का खतरा पैदा हो जाता था। चिनाब रेलवे ब्रिज को बनाने में दो दशक का समय जरूर लगा लेकिन अब इसके शुरू होने के बाद कश्मीर घाटी और जम्मू के बीच सीधा रेल लिंक बनने से लोग कन्याकुमारी से सीधा कश्मीर घाटी तक जा सकेंगे।

चिनाब नदी पर बना चिनाब रेलवे ब्रिज न केवल एक तकनीकी चमत्कार है बल्कि यह भारत की इंजीनियरिंग शक्ति, वैज्ञानिक कौशल, राष्ट्रीय संकल्प और कूटनीतिक दूरदृष्टि का भी प्रतीक बन गया है। यह पुल अब वैश्विक पटल पर भारत की उपलब्धियों का जीवंत प्रमाण है क्योंकि यह विश्व का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज है, जिसकी ऊंचाई एफिल टॉवर से भी अधिक है। यह पुल न केवल भारत के लिए सामरिक और रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है बल्कि यह देश की विकास यात्रा में एक युगांतरकारी मील का पत्थर भी है। चिनाब ब्रिज चिनाब नदी के ऊपर 359 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है, जो एफिल टॉवर (324 मीटर) से 35 मीटर अधिक ऊंचा है। इसकी कुल लंबाई 1315 मीटर है और मुख्य आर्क का फैलाव 467 मीटर है। यह पुल आर्क ब्रिज तकनीक पर आधारित है, जिसमें स्टील की दो विशाल कमानी संरचनाओं को नदी के दोनों किनारों पर बनाए गए एंकरों से जोड़कर मध्य में स्थिर किया गया है। यह तकनीक इतनी जटिल थी कि इसे अंजाम देने में दुनियाभर के विशेषज्ञों की मदद लेनी पड़ी।

इस ब्रिज की संरचना में 63 मिलीमीटर मोटी स्टील प्लेट्स का इस्तेमाल किया गया है, जो ब्लास्ट-प्रूफ हैं और सामरिक दृष्टि से अत्यधिक मजबूत हैं। इस ब्रिज का डिजाइन इस तरह से किया गया है कि यह 8 रिक्टर स्केल तक के भूकंप और 260 किलोमीटर प्रतिघंटा की अत्यधिक तेज रफ्तार वाली हवाओं को भी सहन कर सकता है। यह पुल यूरोपीय मानक सीईएन श्रेणी का पालन करता है, जो विश्व की सबसे कठिन इंजीनियरिंग परियोजनाओं के मानकों में से एक है। इस ब्रिज का निर्माण कार्य वर्ष 2004 में शुरू हुआ था किंतु भूगर्भीय जटिलताओं, प्राकृतिक आपदाओं और आतंकवाद जनित बाधाओं के कारण यह कार्य कई बार रुका और डिजाइन में परिवर्तन की आवश्यकता पड़ी। वर्ष 2008 में फिर से इसकी इंजीनियरिंग संरचना पर पुनर्विचार किया गया और नवीनतम तकनीकों का सहारा लेते हुए इसे दोबारा आरंभ किया गया।

इस परियोजना की कुल लागत अब तक 35 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो चुकी है, जिसमें केवल चिनाब ब्रिज पर ही लगभग 1,486 करोड़ रुपये का खर्च आया है। इसके निर्माण में 28,660 मीट्रिक टन स्टील का उपयोग हुआ है और 10 मिलियन क्यूबिक मीटर से अधिक खुदाई का कार्य किया गया है। पुल की संरचना तैयार करने में कुल मिलाकर 17 स्टील के खंभों का सहारा लिया गया है। चिनाब ब्रिज के निर्माण में कई अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग किया गया है। इसमें केबल क्रेन प्रणाली का उपयोग किया गया। यह विश्व की सबसे ऊंची केबल क्रेन प्रणाली थी, जो 3000 फीट की ऊंचाई पर कार्य कर सकती थी। इसके अलावा जियोटेक्निकल रडार सिस्टम और स्ट्रेस मॉनिटरिंग तकनीक इस्तेमाल की गई, जो पुल की संरचनात्मक स्थिरता की निगरानी के लिए स्थापित की गईं। पूरे पुल पर ऐसी सेंसर प्रणाली लगाई गई है जो मौसम, कंपन और बाह्य आघातों की निगरानी करती है। पुल की संरचनात्मक मजबूती की पुष्टि के लिए 700 से अधिक 'ब्लास्ट लोड टेस्टिंग और वाइब्रेशन एनालिसिस' किए गए।

इस परियोजना में भारत की एफकॉन इंफ्रास्ट्रक्चर, कोंकण रेलवे, डीआरडीओ और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञता का भी सहयोग लिया गया। जर्मनी की लियोनहार्ट एंड्रा, कनाडा की डब्ल्यूएसपी तथा डेनमार्क और दक्षिण कोरिया की इंजीनियरिंग कंपनियों ने भी इस चुनौतीपूर्ण कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इतिहास की दृष्टि से देखें तो जम्मू-कश्मीर में रेलवे नेटवर्क स्थापित करने के प्रयास 19वीं सदी में शुरू हुए थे। 1897 में जम्मू से सियालकोट (अब पाकिस्तान) तक पहली रेललाइन बनी, जो 1947 के विभाजन के बाद समाप्त हो गई। 1975 में पठानकोट-जम्मू लाइन शुरू हुई और 1983 में जम्मू-उधमपुर परियोजना शुरू की गई, जिसे पूरा करने में दो दशक लगे। 1994 में यूएसबीआरएल परियोजना की घोषणा हुई और 1995 में इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया गया। तब से लेकर अब तक 20 से अधिक सुरंगें और 158 पुल इस परियोजना के अंतर्गत बनाए जा चुके हैं। इनमें बनिहाल सुरंग (पीर पंजाल) की लंबाई 11.2 किमी है, जो देश की सबसे लंबी रेलवे सुरंग है।

पुल के निर्माण में भौगोलिक और पर्यावरणीय चुनौतियां अत्यधिक जटिल थी। चिनाब नदी के किनारों पर गहरी खाइयों, चट्टानी भूगर्भीय परिस्थितियों और खराब मौसम ने कार्य को अत्यंत जोखिमपूर्ण बना दिया था। 1.1 लाख मीट्रिक टन स्टील का ऑर्डर दिया गया और उसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर जांच की गई। इस पुल की विशेषता यह है कि इसमें तापमान परिवर्तन को सहने के लिए थर्मल एक्सपेंशन की सुविधा है। इसके साथ ही इसमें विशेष ग्रोव और एंटी-बकल प्लेट्स का प्रयोग किया गया ताकि वातावरणीय प्रभाव से संरचना को क्षति न पहुंचे। चिनाब ब्रिज केवल एक संरचना नहीं है, यह भारत की सुरक्षा रणनीति का भी अभिन्न हिस्सा है। एलओसी के निकट होने के कारण यह पुल सेना को सीमांत क्षेत्रों में त्वरित और निर्बाध आपूर्ति, लॉजिस्टिक्स और सैनिकों की तैनाती में सहायता प्रदान करेगा और आतंकवाद प्रभावित क्षेत्रों में सैन्य कार्रवाइयों के लिए यह पुल एक गेम-चेंजर साबित हो सकता है।

आर्थिक दृष्टिकोण से भी यह पुल कश्मीर घाटी को भारत के बाकी हिस्सों से जोड़ने का माध्यम बनता है। इससे सेब, अखरोट, हस्तशिल्प, कागज और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में व्यापार में वृद्धि होगी। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और भारत के मुख्य महानगरों दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता से कश्मीर की दूरी रेल मार्ग से कम हो जाएगी। इस परियोजना में पर्यावरणीय दृष्टिकोण से विशेष सावधानी बरती गई है। सुरंगों के निर्माण में 'एनएटीएम' (न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मैथड) जैसी पर्यावरण के प्रति संवेदनशील तकनीकों का उपयोग किया गया। वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की रक्षा हेतु कई कदम उठाए गए। हरियाली की बहाली और निर्माण स्थलों के पास पर्यावरणीय प्रभाव का आकलन कर उपयुक्त कदम उठाए गए। कुल मिलाकर देखा जाए तो यह केवल एक पुल नहीं बल्कि कश्मीर को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का एक जीवंत प्रयास है। इससे वहां की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक समरसता को मजबूती मिलेगी और एक नया युग आरंभ होगा। चिनाब ब्रिज अब न केवल इंजीनियरिंग का आश्चर्य है बल्कि यह भारत के आत्मविश्वास, दृढ़संकल्प और तकनीकी क्षमता का प्रतीक है।

## प्रसंगवश

# मिलावट: मुंह में नहीं जमीर में घुला जहर



प्रियंका सौरभ
स्तंभकार, हिसार

मिलावट शब्द सुनते ही ज़हन में नकली दूध, पत्थर मिली मूंगफली, चायपत्ती में रंग, और मसालों में धूल की तस्वीरें दौड़ जाती हैं। पर ये तस्वीरें सिर्फ़ पेट तक सीमित नहीं हैं। आज जो सबसे बड़ी मिलावट हो रही है, वह हमारी सोच, ज़मीर और व्यवस्था में हो रही है। बाज़ार में बिकने वाले हर उत्पाद के साथ-साथ हमारी संवेदनाएं, ईमानदारी और नैतिकता भी धीरे-धीरे प्रदूषित हो रही हैं। और मज़े की बात देखिए- इस मिलावट को हमने इतना आम मान लिया है कि अब जब असली चीज़ सामने आती है, तो हमें शक होने लगता है। नीयत में मिलावट, नफे में धोखा, और ग्राहक की सेहत की बलि।

गांव की गलियों से लेकर शहर के शोर तक, हर ओर वही अफ़सोसनाक कहानी है। अचार में पड़ी लाल मिर्च चमकती है, लेकिन असल में वह रंग ऐसा होता है जो कपड़े रंगने के लिए होता है। दूध में जो झाग है, वह डेयरी की ताजगी नहीं बल्कि डिटर्जेंट का कमाल है। और सब्ज़ियों पर जो हरियाली दिखती है, वह प्रकृति की नहीं, रसायनों की देन है। हम जो खाते हैं, वह शरीर में नहीं, धीरे-धीरे हमारी आत्मा में ज़हर घोल रहा है।

एक समय था जब किसी के घर से दूध, घी या अनाज आता था तो उसे आंख मूंदकर स्वीकार कर लिया जाता था। आज तो रिश्तेदार की लाई हुई मिठाई को भी जांचने की ज़रूरत है -कहीं वह मिलावटी न हो। बाज़ार में "शुद्धता" अब सिर्फ एक ब्रांडिंग टूल है, हकीकत से उसका कोई लेना-देना नहीं। "100 प्रतिशत शुद्ध" लिख देने से चीजें शुद्ध नहीं हो जातीं, लेकिन उपभोक्ता की आंखों पर ऐसी पट्टी बंध चुकी है कि वह सोचता भी नहीं।

बच्चों की टॉफियों में लेड की मात्रा, आटे में चूना, हल्दी में सिंथेटिक रंग-ये सिर्फ स्वास्थ्य के सवाल नहीं हैं, ये समाज के नैतिक पतन की निशानियां हैं। और अफ़सोस ये है कि इस मिलावट पर सिर्फ दुकानदारों या कंपनियों की जिम्मेदारी नहीं बनती, हमारे सहनशील समाज की भी बनती है जो सब कुछ जानते हुए चुप रहता है। जो "चलता है" वाली मानसिकता में जीता है, और धीरे-धीरे मरता है।

मिलावट सिर्फ खाने-पीने तक सीमित नहीं है। भावनाओं में मिलावट, रिश्तों में स्वार्थ की मिलावट, इबादतों में दिखावे की मिलावट और सबसे खतरनाक- राजनीति में विचारधाराओं की मिलावट। पहले लोग विचारों के लिए जिए और मरे, अब विचार तो 'पैकेज' में आते हैं। आजकल 'सेक्युलर' और 'राष्ट्रवादी' दोनों को एक ही विज्ञापन में बेचा जा सकता है-बस प्रचार सही हो। कौन सच बोल रहा है और कौन झूठ-इसका निर्णय अब ट्रोल आर्मी करती है, न कि तर्क और विवेक।

कभी-कभी तो ऐसा लगता है कि मिलावट अब हमारी पहचान बन गई है। चुनावी घोषणाओं में वादों की मिलावट, अखबारों में खबरों की मिलावट, सोशल मीडिया पर तथ्यों की मिलावट- हर तरफ़ से हमें मिलावटी दुनिया ही घेर रही है।

दूसरी ओर, मुनाफाखोरी की भूख भी रुकने का नाम नहीं ले रही। व्यापारी जानता है कि अगर वह मूंगफली में 5 प्रतिशथ पत्थर मिला देगा, तो साल के अंत में लाखों का फायदा होगा। कंपनियांजानती हैं कि अगर थोड़ा-बहुत पाउडर रंग मिला दें तो ग्राहकों को "फ्रेश" लगेगा। और उपभोक्ता को ये सब पता होते हुए भी, वह मजबूर है - क्योंकि विकल्प कम हैं और सच्चाई महंगी है।

इस मिलावटी माहौल में कुछ ऐसे लोग भी हैं जो ईमानदारी से काम कर रहे हैं। जो अपने खेत में जैविक खेती करते हैं, जो बिना मिलावट के मिठाई बनाते हैं, जो दूध में पानी नहीं मिलाते। लेकिन इनका संघर्ष बहुत कठिन है। उपभोक्ता इन्हें महंगा कहकर छोड़ देता है, और सरकार इन्हें सहयोग की बजाय नियमों में उलझा देती है। ऐसे में सच बोलना और सही बेचना दोनों ही एक किस्म की 'क्रांति' बन गए हैं। समाज की जड़ों में घुसी मिलावट को रोकने के लिए सिर्फ कड़े कानून ही नहीं, एक सांस्कृतिक आंदोलन की ज़रूरत है। हमें बच्चों को सिखाना होगा कि सच्चाई ही सबसे बड़ा व्यापार है। हमें उपभोक्ता के रूप में सजग होना होगा, सवाल पूछने होंगे, जांच करनी होगी, और सबसे जरूरी- अपने ज़मीर से समझौता नहीं करना होगा।

# मोदी सरकार की विदेश नीति के 11 साल



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

> आज भारत का मध्य एशियाई देशों से व्यापार तीन अरब डॉलर के पार पहुंच चुका है। इसी तरह भारत-यूएई रिश्ते भी तेजी से परवान चढ़ रहे हैं।

किसी भी राष्ट्र की विदेशनीति को प्रभावित करना अथवा अपने अनुकूल बनाना आसान नहीं होता। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 11 वर्ष के कालखंड में यह कारनामा कर दिखाया है। सबसे पहले दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका की बात करें तो उन्होंने अपने 11 वर्ष के कालखंड में दोनों देशों के बीच सामरिक-आर्थिक और भू-रणनीतिक साझेदारी को नया आयाम दिया है। गौर करें तो अमेरिका-भारत रक्षा सौदे का बजट जो पिछले एक दशक में 2008 तक शून्य था वह आज 2025 में बढ़कर तकरीबन 22 बिलियन डॉलर के पार पहुंच चुका है। अगर दोनों देशों के बीच इसी तरह सामरिक सामंजस्य और भरोसा बना रहा तो वर्ष 2030 तक दोनों देशों के बीच रक्षा सौदा 30 बिलियन डॉलर के पार पहुंच सकता है।

दुनिया के ताकतवर देशों में शुमार रुस की बात करें तो अमेरिका की लाख मनाही के बावजूद रुस ने भारत को एस-400 एयर डिफेंस मिसस्टम की आपूर्ति करके रेखांकित कर दिया कि दोनों देश सदाबहार साथी हैं और किसी के दबाव में झुकने वाले नहीं हैं। रक्षा समझौतों के अलावा दोनों देश रेलवे, फर्टिलाइजर, अतर्राष्ट्रीय संस्थानों में सहयोग, आतंकवाद व नशीली पदार्थों के खिलाफ साझा जंग और सौर व नाभिकीय उर्जा का शांतिपूर्वक उपयोग जैसे अन्य मसलों पर भी साथ-साथ हैं। रिश्तों की प्रगाढ़ता और मोदी-पुतिन केमेस्ट्री की चमक का ही असर है कि दोनों देश एकस्वर में आतंकवाद के विरुद्ध मिलकर लड़ने की प्रतिबद्धता पर कायम हैं।

अमेरिका और रुस की तरह भारत-फ्रांस संबंध भी नए शिखर पर है। दोनों देशों के बीच डिफेंस स्पेस पार्टनरशिप, सैटेलाइट लांच के लिए नए स्पेस इंडियन लिमिटेड और एरियन स्पेस के बीच एमओयू हो चुके हैं। टाटा और एयरबस स्थानीय कंपनी के साथ मिलकर 125 हेलीकॉप्टर बनाने को तैयार हैं। दोनों देश विज्ञान, तकनीक, स्वास्थ्य सेवा सहयोग, कृषि समेत पब्लिक एडमिनिस्टेशन एंड रिफार्म्स के मसले पर भी साथ-साथ हैं। प्रधानमंत्री मोदी फ्रांस को 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत का महत्वपूर्ण साझीदार बताते हुए सुनिश्चित कर चुके हैं कि दोनों देश पनडुब्बी हो या नौसैनिक विमान सभी क्षेत्र में कंधा जोड़ आगे बढ़ने को तैयार हैं। तब दोनों देश 'भारत-फ्रांस हिंद-प्रशांत रोडमैप' जारी करते हुए रणनीतिक रुप से महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक संतुलित और स्थिर व्यवस्था बनाने पर सहमत हैं।

भारत और आस्टेलिया के संबंधों की बात करें तो भले ही दोनों देश भौगोलिक रुप से दूर हैं लेकिन ऐतिहासिक संबंधों के डोर से बंधे हुए हैं। आस्टेलिया के संसद से भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता पारित हो चुका है। इस समझौते से कपड़ा, चमड़ा, फर्नीचर, आभुषण और मशीनरी सहित भारत का तकरीबन 6000 से अधिक उत्पाद आस्टेलियाई बाजारों में शुल्क मुक्त पहुंचने लगा है। भारतीय नागरिकों के लिए वीजा आसान हो गया है। मौजूदा समय में आस्टेलिया के निर्यात का छठा सबसे बड़ा गंतव्य-स्थान भारत ही है, जिसमें कोयला, सोना एवं शिक्षा जैसी सेवाएं शामिल है। दोनों देश व्यापक ज्ञान भागीदारी के सृजन हेतु भी काम कर रहे हैं जिसमें प्राथमिक स्कूल से विश्वविद्यालय स्तर तक की शिक्षा में संयुक्त सहयोग परियोजनाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान कार्य शामिल है। दोनों देश व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर मुहर लगाते हुए टेड व इन्वेस्टमेंट, डिफेंस व सिक्योरिटी, एजुकेशन एंड इनोवेशन तथा साइंस एवं टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भी मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जता चुके हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिटेन के साथ भी रिश्ते मजबूत किए है दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार जो 2018-19 में 16.7 अरब डॉलर था, वह आज बढ़कर 40 अरब डॉलर यानी चार लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच चुका है। इससे दोनों देशों के तकरीबन 5 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला है।

आज भारत का मध्य एशियाई देशों से व्यापार तीन अरब डॉलर के पार पहुंच चुका है। इसी तरह भारत-यूएई रिश्ते भी तेजी से परवान चढ़ रहे हैं। गत वर्ष संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान की 'वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट' में सहभागिता और विकास में सहयोग का संकल्प रेखांकित करता है कि दोनों देश आपसी रिश्ते को धार देने को तैयार हैं। दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी ने पड़ोसी देशों मसलन नेपाल, भूटान, श्रीलंका, मालदीव, मॉरीशस, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के साथ-साथ आसियान, बिम्सटेक, सार्क, जी-20, जी-7 जैसे वैश्विक संगठनों से भी रिश्ते मजबूत बनाए हुए हैं।

## सोशल फोरम

# जनतांत्रिक बहस



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

बहस शुरू होते ही संवादी को भक्त या अंधभक्त अथवा वामी या सिकुलर घोषित कर देने पर तथ्याधारित, स्वस्थ और तार्किक बहस के लिए स्पेस खत्म हो जाता है। बहस तो मुद्दों-मुद्दों पर ही हो सकती है, बहस करने वाले व्यक्ति के वैचारिक रुझान, उसकी योग्यता-अयोग्यता या नीयत और चरित्र पर नहीं। इसे बहस नहीं, 'तू तू मैं मैं' कहते हैं।

पहली बात तो यह कि कौन किसको पूरी तरह जानता है या जान सकता है? ऐसे में किसी व्यक्ति को हमेशा के लिए भक्त, अंधभक्त अथवा वामी, सिकुलर ब्रैंड करके बहस और आलोचना का रास्ता तो ब्रैंड करने वाला ही बंद कर देता है।

यदि कोई खुले दिमाग का व्यक्ति किसी तनहा मुद्दे पर अपनी ईमानदार समझ से गुणावगुण के आधार पर किसी पक्ष का समर्थन या विरोध कर रहा हो और सिर्फ उसी नाते उसे भक्त या वामी घोषित कर दिया जाए तो क्या होगा? वह ढुलमुल प्रकृति का हुआ तो प्रतिक्रिया में संभावना यही रहती है कि वह वस्तुतः अंधभक्त/घोर वामी बनने की ओर प्रवृत्त हो जाए। ऐसे में संवादी का लक्ष्य पूरा होने के बजाय विपक्ष के ध्रुवीकरण से और भी खंडित हो जाएगा। नीयत आभ्यंतर होती है। अभी तक ऐसा कोई यंत्र ईजाद नहीं हुआ जो किसी की नीयत का अक्स ले सके। किसी की नीयत साफ़ है या खोटी, यह हमारा अपना अनुमान होता है जिस पर हमारी अपनी प्रतीतियों और विचारों की छाया न हो, मानवीय धरातल पर असंभव नहीं तो कठिन अवश्य है। किन्तु हमें अपने से भिन्न विचार वाले व्यक्ति के कथ्य को तथ्य और तर्क से काटने के बजाय उसकी नीयत पर सवाल उठा देना सबसे आसान लगता है। संवादी की नीयत खोटी हो भी सकती है, नहीं भी। ऐसे में नीयत पर सवाल उठाने के बजाय गुणावगुण के आधार पर उसके कथ्य का विश्लेषण करने पर खोटी नीयत के चलते मेरिट पर भी उसमें झोल दिख जायेगा। बस उसी पर ज़ोर देने से स्वस्थ बहस जारी रह सकती है।

जनतंत्र में न वर्ग संघर्ष के लिए कोई स्पेस है, न धर्मयुद्ध के लिए। जनतंत्र का आधार ही यही है कि सामान्य अवस्था में बहस-मुबाहसे से अल्पमत बहुमत में और बहुमत अल्पमत में अंतरित होता रहता है।

**-फेसबुक वॉल से**

# साइकिल चोरी की गुमशुदा खबर



रवि अरोड़ा
वरिष्ठ पत्रकार

> राजमार्गों तो साइकिल सवारों के चढ़ने की भी मनाही है। आंकड़े चुगली करते हैं कि देश की एक फीसदी सड़कें भी साइकिल सवारों के हिसाब से नहीं बनाई गईं जबकि उनकी तादाद किसी भी अन्य श्रेणी के वाहन चालकों से ज्यादा है।

हाल ही में 3 जून को विश्व साइकिल दिवस था। हो सकता है कि इस ओर आपका ध्यान न गया हो। वैसे तो आमतौर पर मेरा भी ध्यान इस प्रकार से मनाए जाने वाले दिवसों पर नहीं जाता मगर न जाने क्यों उस रोज चला गया। अखबार से साइकिल दिवस की जानकारी मिलते ही सबसे पहले तो यही सवाल मन में कौंधा कि दशकों हो गए किसी अखबार में साइकिल चोरी की कोई खबर क्यों नहीं पढ़ी? बीस तीस साल पहले तो लगभग रोज ही एक सिंगल कॉलम अथवा संक्षिप्त खबर साइकिल चोरी की मिल ही जाया करती थी। क्या देश में अब साइकिलें खत्म हो गई हैं अथवा बदमाशों ने अब साइकिल चोरी करना बंद कर दिया है? बस फिर क्या था, कई घंटे मशक्कत कर पूरे प्रदेश के आंकड़े टटोल डाले तो ले देकर केवल तीन मामले सामने आए। पहला सीतापुर का था जहां एक ऐसा चोर पकड़ा गया जो केवल साइकिलें चोरी करता था और उसने ढाई सौ से अधिक साइकिलें चोरी करने की बात कबूली थी। दूसरा मामला बस्ती जिले का था जहां साइकिल चोरी की बात इसलिए प्रकाश में आई कि चोर की उम्र मात्र आठ साल थी। तीसरा मामला एक पर्वतारोही की विदेशी साइकिल चोरी होने का निकला जाहिर है ये मामले भी तब दर्ज हुए होंगे जब चोर पकड़े गए होंगे अन्यथा साइकिल जैसी मामूली चीज की चोरी की रपट लिखवाने हेतु थाने में घुसने की हिम्मत भी भला कोई कैसे कर सकता है? क्या अब भी इस बात पर और चर्चा करने की जरूरत है कि कथित विकास के इस शोर में मुल्क के करोड़ों साइकिल सवारों की आवाज अब कहीं गुम हो चुकी है?

साल 2011 की जनगणना के अनुरूप देश में बारह करोड़ घरों में साइकिल थी। ग्रामीण क्षेत्रों में तो 68 फीसदी घरों में साइकिल पाई गई। सरल, किफायती और विश्वसनीय होने के कारण लोग साइकिल से प्रेम करते देखे गए। साइकिल सवारों की तादाद अब कितनी घटी अथवा बढ़ी है, यह तो आगामी जनगणना से ही पता चलेगा। मगर यह ट्रेंड तो साफ दिख रहा है कि आम आदमी साइकिल को गरीब की सवारी मान कर अब इससे पल्ला छुड़ाने की जुगत में है तो वहीं दूसरी तरह शिक्षित और संपन्न आदमी पर्यावरण की सुरक्षा और अच्छी सेहत की गरज से साइकिल का दीवाना हो रहा है। पिछले पांच छह सालों से लगभग हर साल दो करोड़ साइकिलें देश में बिक रही हैं और कोरोना काल में इसका ग्राफ सर्वाधिक तेजी से बढ़ा था। हालांकि मूल रूप से अभी भी साइकिल गरीब आदमी की ही सवारी है और यही कारण है कि इस मुल्क में साइकिल सवार की अब कोई अलग से श्रेणी भी नहीं बची है। देश में पिछले साल हुई 1 लाख 73 हजार सड़क दुर्घटनाओं में मारे गए 4 लाख 22 हजार और घायल 4 लाख 28 हजार लोगों ने से कितने लोग साइकिल सवार थे, साइकिल चोरी की तरह इसे भी कहीं अलग से दर्ज नहीं किया गया। देश की तमाम सड़कें मोटर वाहनों के हिसाब से ही डिजाइन की जाती हैं और साइकिल सवार की हैसियत अछूत सरीखी है। राजमार्गों तो साइकिल सवारों के चढ़ने की भी मनाही है। आंकड़े चुगली करते हैं कि देश की एक फीसदी सड़कें भी साइकिल सवारों के हिसाब से नहीं बनाई गईं जबकि उनकी तादाद किसी भी अन्य श्रेणी के वाहन चालकों से ज्यादा है। तो क्या क्या इस देश में साइकिल सवारों का कोई वाली वारिस नहीं है? क्यों कोई राजनीतिक दल साइकिल सवारों की सुध नहीं लेता? क्या ये साइकिल वाले वोट नहीं देते अथवा इनके वोट के लेने देने में उनकी साइकिल की कोई भूमिका नहीं है ?

बहुत याद करें तो उत्तर प्रदेश में साल 2012 में बनी समाजवादी पार्टी की सरकार थोड़ी बहुत याद आती है। मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपनी पार्टी के चुनाव चिन्ह साइकिल को भुनाने के लिए सैकड़ों करोड़ रुपए खर्च कर साइकिल सवारों के लिए सड़कों पर अलग से ट्रैक बनाने की मुहीम शुरू की थी। यह उनका ड्रीम प्रोजेक्ट था। लखनऊ, आगरा, नोएडा और गाजियाबाद में ऐसे इक्का दुक्का टूटे फूटे ट्रैक अब भी नजर आते हैं मगर उनकी सरकार के कार्यकाल में ही ये ट्रैक भ्रष्टाचार, अवैध कब्जों और गलत डिजाइन के चलते बेमानी हो गए थे। रही सही कसर अगली सरकार ने पूरी कर दी और सड़कों के चौड़ीकरण के नाम पर इन ट्रैक्स को बहुतायत में तोड़ दिया। इसके अतिरिक्त तो देश भर में साइकिल सवारों की सुध लेता कोई नेता नजर नहीं आता। तो क्या रोशनी की कोई किरण नहीं है? है, अवश्य है। यदि देश का संपन्न आदमी यूरोप और चीन की तरह फैशन अथवा सेहत जैसे किसी कारण से साइकिल को अपना ले तो बात बन सकती है। पैसे वाले की आवाज में तो दम होता ही है और उसे तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराने को तो शासन प्रशासन और सरकारें एक लाइन में खड़ी हो जाएंगी। हां यह जरूर है कि जब तक यह नहीं होता तब तक तो मुझे और आपको साइकिल चोरी की खबर अखबारों में ढूंढे से भी दिखाई नहीं पड़ेगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## सार-संक्षेप

### प्रधानमंत्री के कार्यकाल के 11 साल पूरे, मनाया जश्न



**बरेली, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफलतापूर्वक 11 साल पूरे होने पर भाजपा समर्थक मंच युवा मोर्चा और अल्पसंख्यक कार्यकर्ताओं ने सोमवार को एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। आजमनगर स्थित एक होटल में हुए कार्यक्रम में शानू काजमी ने कहा कि हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गर्व है। उन्होंने देश को मजबूत कर बिना भेदभाव के सबका विकास किया। ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया और पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला आतंकियों के घर में घुसकर लिया। इस मौके पर भाजपा समर्थक मंच युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अरशद हुसैन, प्रदेश उपाध्यक्ष शानू काजमी, अकबर हुसैन, नाहिद बेग, मोइनुद्दीन कुरैशी, रेहान अहमद, नूर हसन, अरबाज खान, राहुल आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### बुद्ध विहार का निर्माण पूरा, अनावरण आज

**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय बौद्ध धम्म दर्शन सार सोसायटी एवं अनुसंधान केंद्र की ओर से डेलापीर स्थित बुद्ध विहार (चन्द्र मणि बुद्ध विहार) में बैठक हुई। सोसायटी के मीडिया प्रभारी धीर सिंह बौद्ध ने बताया कि नवीन बुद्ध विहार का निर्माण पूरा हो चुका है। मंगलवार को ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन प्रज्ञा रश्मि, डॉ. एमके औतानी, डॉ. गगन मलिक की ओर से इसका अनावरण किया जाएगा।

### छेड़छाड़ -मारपीट के मामले में चार लोगों पर रिपोर्ट

**आंवला, अमृत विचार :** पड़ोसियों ने घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़ की और विरोध पर मारपीट किया। पीड़िता ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि उसके पिता की मौत हो चुकी है, उसके दो भाई हैं। वह दोनों बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। उसने बताया उसकी पड़ोसी से उसकी बोलचाल नहीं हैं। पांच दिन पहले सुबह 9 :30 बजे उसके पड़ोसी बलवीर सिंह यादव, धन सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, पानवती पत्नी बलवीर सिंह घर में घुस आए और उसे लाठी डंडों से मारापीटा। धनसिंह और पुष्पेंद्र ने उससे छेड़छाड़ की, विरोध पर उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### कमजोर पशुओं की करें विशेष देखरेखः सीडीओ



**मीरगंज, अमृत विचार :** सीडीओ देवयानी ने सोमवार दोपहर गांव हल्दी खुर्द में बनी गौशाला का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सीय पंजिका, पशु चिकित्सा अधिकारी का रोस्टर बनाने, गंभीर रूप से बीमार पशुओं की लगातार निगरानी करने, हरा चारा और पानी की उचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। इसके साथ-साथ प्रभारी एडीओ पंचायत गजेंद्र वर्मा को दैनिक भ्रमण करने के निर्देश दिए। उन्होंने भूसा रखने के कमरे, हरा चारा रखने आदि के कमरों को भी देखा। उन्होंने कमजोर जानवरों को देखकर उनकी अधिक देखभाल और अधिक हरा चारा, चौकर खिलाने को कहा। उन्होंने प्रॉपर रजिस्टर बनाने, पशुओं को लगातार अच्छा खिलाने,और साफ पानी पिलाने को कहा ।केयर टेकरों से निरंतर साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। प्रधान राहत हुसैन और पंचायत सचिव योगेश कुमार ने बताया कि गौशाला में 50 पशु संरक्षित है। उनकी देखभाल के लिए दो केयर टेकर लगे हुए हैं ।इस दौरान बीडीओ भगवानदास, एडीओ पंचायत प्रभारी गजेंद्र पाल वर्मा, सचिव योगेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

### बिजली कटौती ने गर्मी में किया बेहाल

**नवाबगंज, अमृत विचार :** तेज धूप और तपिश से जहां लोग बेहाल हैं। वहीं बार- बार बिजली कटौती ने लोगों को परेशान कर दिया। बिजली कटौती से लोगों आक्रोश है। गर्मी की वजह से लोग रात में सुकून की नींद नहीं ले पा रहे है। एसडीओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि अभी गर्मी की वजह से लोड ज्यादा है। तार बार-बार जल जा रहे हैं, दो जगह तार टूटे हुए जिन्हें लाइन मैन ठीक करने में जुटे हुए है, जल्द ही बिजली बहाल हो जाएगी।

# अनदेखी: शहर में धड़ल्ले से फर्राटा भर रहे जुगाड़ वाहन

## माल ढोने में अधिकांश का हो रहा इस्तेमाल, हादसे का रहता डर ,जिम्मेदार विभाग नहीं कर रहे सख्त कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** शहर की सड़कों पर दौड़ रहे जुगाड़ वाहन परेशानी का सबब बन रहे हैं। चेकिंग न होने की वजह से ये वाहन भीड़ वाली जगहों पर ही बेरोक टोक फर्राटा भर रहे हैं। बिना रजिस्ट्रेशन और नंबर के दौड़ रहे ये वाहन किसी बड़ी घटना का कारण बन सकते हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग कोई सख्त कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

शहर में सिविल लाइंस, रोडवेज, पीलीभीत बाईपास, शहामतगंज, रेलवे स्टेशन समेत तमाम स्थानों पर माल ढुलाई का काम जुगाड़ वाले रिक्शा से हो रहा है। इसके अलावा कस्बों में भी इनकी संख्या बढ़ी है। बिल्डिंग मैटेरियल, हार्डवेयर की दुकान हो या फिर इलेक्ट्रानिक सामान के शोरूम, अधिकांश जगह इनका उपयोग किया जाता है। इन वाहनों में आगे के हिस्से में बाइक जबकि पीछे के हिस्से में ठेला लगा होता है। बाजारों में दुकानदारों का इन्हें पूरा संरक्षण मिलता है। वह सामान खरीदने आने वाले लोगों को इनका ही नंबर मुहैया कराते हैं। पीलीभीत बाईपास पर अधिकांश सरिया सीमेंट वाले दुकानदारों ने तो अपने यहां काम करने वाले कर्मियों को ही ये जुगाड़ वाहन बनवाकर दे रखे हैं। सिविल लाइंस, राजेंद्र नगर समेत कुछ पॉश इलाकों में यह वाहन बतौर किराए पर ही मुहैया होते हैं।

अहम बात तो यह है कि परिवहन विभाग के अधिकारी खुद इस बात को स्वीकार करते हैं कि मोटर व्हीकल एक्ट के अनुसार जुगाड़ वाहन किसी श्रेणी में नहीं आते हैं। दूसरे वाहनों के लिए रोड टैक्स, इंश्योरेंस फिटनेस सहित तमाम तरीके टैक्स देय होते हैं। इन वाहनों के चालक कोई टैक्स नहीं देते। इनके पकड़े जाने पर जुर्माना का प्रावधान भी है, लेकिन कार्रवाई की बात करें तो शून्य है।



जुगाड़ वाहन पर लदा सामान।



जुगाड़ वाहन से माल उतारता युवक।

### जुगाड़ वाहन में चोरी का भी माल हो रहा इस्तेमाल

स्टेडियम रोड के एक कबाड़ विक्रेता ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि जुगाड़ वाहनों में अधिकांश चोरी और कबाड़ में कटने को आए वाहनों का इस्तेमाल होता है। इसे तैयार कराने के लिए दोपहिया वाहनों के पुर्जे अलग-अलग कर इसे तीन पहिया वाहन बना दिया जाता है। बाइक, स्कूटर का पिछला पहिया निकालकर उसमें ठेले का हिस्सा जोड़ दिया जाता है। सात से आठ हजार रुपये में जुगाड़ वाहन तैयार होता है। एआरटीओ प्रशासन मनोज कुमार ने बताया कि ठेले में बाइक या स्कूटर का इंजन जोड़कर चलाना पूरी तरह से नियम विरुद्ध है। ऐसे वाहनों को पुलिस पकड़कर सीज कर सकती है। परिवहन विभाग पांच हजार रुपये का जुर्माना ही लगा सकता है।

## वाहनों का स्वरूप बदलकर सजाईं खान-पान की दुकान

**बरेली,अमृत विचारः** शहर में वाहनों में खानपान की दुकानें चल रही हैं। वाहनों का स्वरूप बदलकर किसी ने फास्ट फूड सेंटर तो किसी ने ढाबा बना लिया। जबकि वाहन स्वामियों ने वाहन का रजिस्ट्रेशन आरटीओ में बंद और खुले वाहनों के रूप में कराया। फिर मॉडिफाई कर खानपान की दुकानों में तब्दील कर लिया। फिलहाल, ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने से विभागीय अफसर बच रहे हैं।

शहर के सिविल लाइंस, पीलीभीत बाईपास रोड, राजेंद्र नगर समेत कई इलाकों में सड़क किनारे मॉडिफाइड लोडर वाहन (छोटा हाथी) खड़े मिल जाएंगे। किचन का पूरा सामान, गैस बर्नर, सिलेंडर, खड़े होने के लिए लिए फुट रेस्ट बना लिए गए हैं। राजेंद्र नगर और डीडीपुरम चौराहा पर कुछ वाहन ऐसे भी हैं, जिन्हें रसोईघर में तब्दील कर दिया गया है। यहां ढाबा संचालित हो रहे हैं। यहां कुर्सी और टेबल-डालकर फास्ट फूड व बिरयानी बेची जा रही है। कई संचालकों के पास फूड लाइसेंस भी नहीं है। कई के पास फिटनेस, बीमा और पंजीकरण जैसे दस्तावेज नहीं है। सिविल लाइंस में बटलर प्लाजा के सामने चाऊमीन, मोमोज, दाल-चावल, बाटी चोखा और नॉनवेज बिकता है। शाम के समय यहां ग्राहकों की भीड़ दिखती है। शहर में सबसे ज्यादा मॉडिफाइड गाड़ियां आइसक्रीम की हैं, जो सिविल लाइंस इलाके में नजर आती हैं। इनमें अधिकतर गाड़ियां राजस्थान नंबरों की हैं। इन वाहन पर मौजूद दुकानदार से बात की गई तो बताया कि वे तो नौकर हैं। मालिक राजस्थान में रहते हैं।



चार पहिया वाहन में आइसक्रीम बेचता युवक। ● अमृत विचार

- **शहर में कई स्थानों इन वाहनों से बेच रहे फास्ट फूड और नॉनवेज**
- **कार्रवाई करने से बच रहे परिवहन विभाग के अफसर**

### यह है नियम

परिवहन विभाग के नियमों के मुताबिक किसी भी वाहन के स्वरूप को बदलना अवैधानिक है। यदि कोई ऐसा करता है तो कार्रवाई की जा सकती है। केवल वाहनों की चेसिस खरीदकर ही इसे विकसित कराया जा सकता है। इसकी भी स्वीकृति परिवहन कार्यालय से लेनी होती है। यदि बगैर स्वीकृति इस तरह के वाहन हैं तो गलत है।

परिवहन विभाग में बंद और खुली कामर्शियल गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन होता है। पूर्ण वाहन मॉडिफाइड कराने का नियम नहीं है। यदि ऐसा किया गया है तो इसकी जांच कराई जाएगी। जांच में कोई वाहन पकड़ में आता है तो कार्रवाई की जाएगी।

**-मनोज कुमार,** एआरटीओ प्रशासन

# बिजली कटौती से परेशान लोगों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, मीरगंज/दुनका

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में लगातार बिजली कटौती से ग्रामीणों में आक्रोश है। गर्मी से परेशान ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों का आरोप है शहरी क्षेत्र को अधिक प्राथमिकता दी जाती है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक बिजली कटौती की जाती है। कटौती पर जब ग्रामीण फोन करते है तोअधिकारी सही से जवाब तक नहीं देते। लोगों के बार-बार फोन आने पर अधिकारी फोन बंद कर लेते हैं। ग्राम पंचायत दुनका में रोजाना जर्जर तार टूटने या फॉल्ट की घटनाएं हो रही है। जिस कारण लोगों को घंटों गर्मी से जूझना पड़ रहा है। आए दिन जर्जर तार धमाकों के साथ रोड पर गिर जाते हैं, टूटे तारों को कर्मचारी जुगाड़ कर फिर से जोड़ देते है। इसके कारण बिजली व्यवस्था आए दिन ठप रहती है। दुनका के मोहल्ला इस्लामनगर निवासी जुबैर अहमद ने बताया बिजली न आने से बच्चे -बूढ़े और बीमार लोगों को काफी समस्या हो रही है। क्षेत्र के सभी ट्रांसफॉर्मर जर्जर स्थिति में है। मोहम्मद फैजान ने बताया गांव में वोल्टेज की समस्या लगातार बनी हुई है। उनका कहना है कि बिजली आने के बाद भी उसका कोई उपयोग नहीं हो पता, क्योंकि 80 से 100 के बीच वोल्टेज रहते हैं जिससे कोई भी विद्युत उपकरण नहीं चल पाता । वहीं मोहम्मद फैजान ने बताया कि ईद का समय है सभी लोग एक दूसरे के घरों पर ईद मिलने जा रहे हैं ऐसे में बिजली न होने से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ला नूरी नगर निवासी तौसीफ अहमद ने बताया कि लाइट का होना या न होना एक ही बराबर है लाइट होने पर कोई भी विद्युत उपकरण का उपयोग नहीं कर पाते हैं। बूंदन अंसारी ने बताया बिजली न आने से फसलों की सिंचाई भी नहीं हो पा रही है।



बिजली कटौती से परेशान ग्रामीण ट्रांसफार्मर के पास प्रदर्शन करते हुए।

## बिना सूचना और छुट्टी के 20 दिन से कार्यालय नहीं आ रहे बाबू

संवाददाता, बिथरी चैनपुर

- **प्रमाण पत्र और राशन कार्ड से जुड़े कार्य ठप, लोग परेशान**

**अमृत विचार :** बिथरी- ब्लॉक में तैनात बाबू 20 दिन से बिना छुट्टी लिए और अधिकारियों को सूचना दिए बगैर कार्यालय नहीं आ रहा है। जिससे ब्लॉक कार्यालय में आमजन और कर्मचारियों के काम ठप पड़े हुए हैं। बीडीओ ने अधिकारियों को पत्र भेजकर अवगत करा दिया है।

नीरज कुमार बिथरी ब्लॉक में स्थापना बाबू के पद पर कार्यरत हैं। कर्मचारियों ने बताया वह 20 दिनों से कार्यालय नहीं आ रहे हैं। जिसकी वजह से आमजन से जुड़े जन्म-मृत्य प्रमाण पत्र, राशन कार्ड से जुड़े काम ठप पड़े हुए हैं। रोजाना क्षेत्र से लोग आते हैं काम न होने से उन्हें मायूस लौटना पड़ रहा है। वहीं ब्लॉक में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी समेत अन्य कर्मचारियों की सर्विस बुक समेत अन्य दस्तावेज बाबू की अलमारी में बंद हैं, जिससे उनको छुट्टी संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है ।सोमवार को अधिकारी और कर्मचारियों ने अपनी समस्याओं को बीडीओ के सामने रखा, जिसके बाद उन्होंने बाबू के खिलाफ कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को पत्र भेजा है।

# रोगियों के लिए संजीवनी बना गठिया सेंटर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** गठिया रोगियों के लिए बांसमंडी स्थित राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं चिकित्सालय में गठिया सेंटर संजीवनी साबित हो रहा है। अकेले मई में यहां 404 मरीज इलाज के लिए पहुंचे। मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

गठिया सेंटर पर मरीजों की संख्या बढ़ी है। लोग सालों पुराने गठिया की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। गंभीर गठिया का इलाज आयुर्वेदिक दवाओं (गुग्गल, क्वाथ, तेल व चूर्ण) व सर्वांग स्वेदन विधि से मरीज राहत पा रहे हैं। प्रतिदिन अन्य विभागों से रेफर होकर 15 गंभीर मरीज आते हैं। अप्रैल में 224 और मई में 404 मरीजों ने यहां इलाज कराया। गठिया सेंटर के डॉ जेपी पांडेय ने बताया गठिया किसी को भी हो सकता है, अब उम्र इसमें मायने नहीं रह गई। महिलाओं में यह समस्या अधिक देखने को मिलती है।





- **मई में पहुंचे 404 गठिया के मरीज**
- **तेजी से बढ़ रही मरीजों की संख्या**

### उपचार से मिली राहत

मीरगंज की रहने वाली 45 वर्षीय महिला ने बताया वह सिलाई का काम करती हैं, लेकिन पिछले तीन सालों से कमर व पैरों में असहनीय पीड़ा होने लगी। आयुर्वेदिक उपचार से राहत मिली। नवाबगंज निवासी युवक रूमैटॉइड आर्थराइटिस से पीड़ित था। उसने बताया कई जगह दिखाने के बाद आराम नहीं मिला। आयुर्वेदिक उपचार एक माह से चल रहा है, अब राहत है।

### खानपान का रखें विशेष ध्यान

डॉ. जेपी पांडे ने बताया गठिया अब लाइफस्टाइल रोग बन गया है। टॉक्सिन्स जब हमारे शरीर में जगह-जगह एकत्रित होने लगता है तो दर्द शुरू हो जाता है। गंभीर दर्द गठिया का रूप ले लेता है। यह बैठने, कार्य करने, धूप न लेने जैसी समस्याओं से बढ़ता है। गठिया से बचने के लिए समय से से भोजन करें, सूर्यास्त के बाद अल्पाहार लें, धूप में बैठें, नियमित योग करें, विपरीत गुणों वाली वस्तुओं के साथ सेवन करने से बचें। गठिया के मरीज को दही व कोल्ड ड्रिंक या ठंडी चीजों से खास परहेज करना चाहिए। अगर वह अपने आहार को सुधार लेंगे तो उन्हें इस रोग में काफी राहत मिलेगी।

## छात्रों की परखेंगे शैक्षिक योग्यता

**बरेली,अमृत विचारः** जिले के माध्यमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों की हर महीने शैक्षिक योग्यता जांची जाएगी। इसके लिए हर माह परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा के मूल्यांकन के आधार पर विद्यार्थियों की स्थिति परखी जाएगी। कम अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं की स्थिति बेहतर करने के लिए अतिरिक्त कक्षाएं संचालित की जाएंगी।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत अब प्रत्येक विद्यालयों में विद्यार्थियों के शैक्षिक क्षमता के आकलन की व्यवस्था को शुरू किया गया है। जिले के सभी माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को इस संबंध में पत्र जारी किया है। जिले में 67 राजकीय, 78 सहायता प्राप्त और 305 मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय हैं। इन दिनों विद्यालयों में ग्रीष्म अवकाश चल रहा है। एक जुलाई को विद्यालय खुलेंगे। लेकिन, मासिक परीक्षा आयोजित करने की कवायद तेज है। जुलाई से सभी माध्यमिक विद्यालयों में हर महीने परीक्षा होगी। इसका मकसद कमजोर छात्रों का पता लगाना होगा। कमजोर विद्यार्थियों की स्थिति को बेहतर करने के लिए गणित, विज्ञान और अंग्रेजी की अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। डीआईओएस के मुताबिक हर माह होने वाली परीक्षाओं की नियमित जांच और लापरवाही करने वाले प्रधानाचार्यों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# विवेचनाओं के निस्तारण में उत्तरी क्षेत्र को मिला प्रथम स्थान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **मई माह में विवेचनाओं के निस्तारण में दक्षिण क्षेत्र द्वितीय और नगर क्षेत्र तीसरे स्थान पर रहा**
- **थानों में शाही को मिला पहला स्थाना, सबसे निचले स्तर पर रहा थाना कोतवाली**

**अमृत विचार :** लंबित विवेचनाओं के निस्तारण के लिए मई में अभियान चलाया गया। जिसमें उत्तरी क्षेत्र प्रथम, दक्षिणी क्षेत्र द्वितीय और नगर क्षेत्र तृतीय स्थान पर रहा। कोतवाली थाना विवेचना निस्तारण में सबसे निचले स्तर पर रहा। यहां एक माह में मात्र 39.63 प्रतिशत विवेचनाओं का ही निस्तारण हो सका। निम्न स्थान पर आने वाले सीओ और थाना प्रभारियों को एसएसपी ने चेतावनी दी है।

लंबित विवेचनाओं के निस्तारण के लिए एसएसपी अनुराग आर्य ने मई में अभियान शुरू किया था। अभियान के तहत पूरी जिले में एक माह में 2943 विवेचनाओं का निस्तारण किया गया। इनमें एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा का क्षेत्र प्रथम स्थान पर रहा। उनके यहां 1090 विवेचनाओं का निस्तारण किया गया। जबकि एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा के क्षेत्र में 841 और एसपी नगर मानुष पारीक के क्षेत्र में 1012 विवेचनाओं का निस्तारण किया गया। विवेचनाओं के निस्तारण में थाना शाही प्रथम, बिशारतगंज दूसरे, शेरगढ़ तीसरे, मीरगंज चौथे, भोजीपुरा पांचवें, अलीगंज छठे, शीशगढ़ सातवें, प्रेमनगर आठवें, फतेहगंज पश्चिमी नौवें, बहेड़ी 10 वें, बारादरी 11वें और इज्जतनगर 12 वें स्थान पर रहा। जबकि विवेचनाओं के निस्तारण करने में कोतवाली, फरीदपुर और किला थाना सबसे निचले स्तर पर रहा।

एसएसपी ने निचले स्तर पर रहने वाले थाना प्रभारियों को चेतावनी देते हुए निर्देश दिए हैं कि विवेचनाओं को निस्तारण जल्द करें।

## किसान घबराएं नहीं बिना फार्मर आईडी के भी मिलेगी सम्मान निधि

**बरेली, अमृत विचार :** फार्मर आईडी न बनने से परेशान किसानों के लिए राहत भरी खबर है। जिन किसानों की फार्मर आईडी नहीं बनी है, उन्हें भी किसान सम्मान निधि मिलेगी। फार्मर आईडी का लक्ष्य पूरा नहीं हो पाने पर सरकार ने सभी पात्र किसानों को सम्मान निधि देने का निर्णय लिया है। सम्मान निधि की 20 वीं किस्त 20 जून को किसानों के खाते में भेजी जाएगी। जिले में 5.42 लाख किसान हैं। इनमें से 2.53 लाख किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं बन पाई है।

उप निदेशक कृषि अभिनंदन सिंह ने बताया कि किसानों का आधार नंबर, खतौनी में नाम व अन्य प्रपत्रों का मिलान नहीं हो पाने से फार्मर आईडी बनाने में दिक्कत आ रही है। 20 जून को किसानों को पीएम सम्मान निधि उनके खाते में हस्तांतरित करने की तिथि तय हुई है। उन्होंने बताया कि पंजीकृत सभी किसानों के खाते में सम्मान निधि की 20 वीं किस्त डीबीटी के जरिए ट्रांसफर की जाएगी।

# मजिस्ट्रेट के सामने तोड़ा गया बड़े बाबू की अलमारी का ताला

**नवाबगंज, अमृत विचार :** सभासदों की शिकायत पर 17 अप्रैल को पद से हटाए गए तत्कालीन बड़े बाबू सुरेश पाल कार्यालय के अभिलेखों की अलमारी में ताला मारकर गायब हो गए हैं । अभिलेख उपलब्ध न होने के कारण नगर परिषद के सारे आवश्यक कार्य रुके पड़े हुए थे ।

पालिकाध्यक्ष प्रेमलता राठौर की ओर से जिलाधिकारी से मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में आलमारी का ताला खुलवाकर अभिलेख उपलब्ध कराए जाने की मांग की थी , जिस पर जिलाधिकारी ने इसके लिए तहसीलदार नवाबगंज, बीडीओ नवाबगंज और ईओ फरीदपुर की तीन सदस्यीय समिति गठित कर ताला खुलवाए जाने के आदेश किए थे । सोमवार तहसीलदार दुष्यंत प्रताप सिंह, बीडीओ महेश चंद्र शाक्य और ईओ फरीदपुर शैलेंद्र मिश्रा ने तत्कालीन बड़े बाबू की अलमारी का ताला तोड़कर सारे अभिलेख ईओ रामरतन यादव को उपलब्ध करा दिए । अभिलेखों का रिकॉर्ड बनाने की प्रक्रिया देर सायं तक चलती रही ।

### नकदी और बाइक के लिए पत्नी को घर से निकाला

**भोजीपुरा, संवाददाता :** बेटे और दहेज में बाइक और नकदी की चाहत में ससुरालियों ने महिला को प्रताड़ित करके घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति सहित सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। भोजीपुरा के गांव पीपलसाना चौधरी निवासी सृष्टि सक्सेना की शादी 29 जून 2020 को सुभाष नगर के शीतला माता बीडीए कॉलोनी निवासी अभिषेक कुमार सक्सेना से हुई थी। शादी में उसकी मां ने हैसियत के अनुसार दहेज दिया था। ससुराल वाले दहेज में डेढ़ लाख नकद और एक बाइक की मांग करने लगे। इस बीच विवाहिता ने एक बच्ची को जन्म दिया। दूसरी बार में ससुराल वालों ने भ्रूण की जांच कराई। जांच में लड़की होने की रिपोर्ट आई तो बच्चा गिराने का दबाव बनाने लगे। उसके न मानने पर ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करने लगे।

**किसान सहकारी चीनी मिल्स लि०, सम्पूर्णानगर, जिला-खीरी**

**ई-निविदा सूचना**

मिल समिति में वर्ष 2025-26 में विभिन्न सामानों की आपूर्ति एवं जॉब कार्यो से सम्बन्धित ई-बिड निविदायें दिनांक 07.06.2025 से दिनांक 25.06.2025 को सायंकाल 6:55 बजे तक आमंत्रित की गयी है। उक्त निविदायें www.etender.up.nic.in एवं www.upsugarfed.org पर देखी जा सकती है।

प्रधान प्रबन्धक

**कार्यालय तहसीलदार मीरगंज**

पत्रांक : 2504/रा.नि.(कार्या.) 2025 दिनांक : 06.06.2025

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील मीरगंज के ग्राम सुकटिया परगना शाही तहसील मीरगंज, बरेली के ग्राम समाज (चकमार्ग) के गाटा सं. 137 रकबा-0.025 हे. चकमार्ग पर खड़े 1 पेड़ नीम व 1 पेड़ आम की नीलामी दिनांक 17.06.2025 को समय अपरान्ह 11:00 बजे तहसील सभागार मीरगंज में मूल्यांकन के आधार पर कराई जायेगी। इच्छुक व्यक्ति नीलाम शर्तो के अनुसार नीलामी में प्रतिभाग करने के हकदार होंगे। नीलामी की शर्ते कार्यालय तहसीलदार मीरगंज के यहां से प्राप्त की जा सकती है। नीलामी स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार उपजिलाधिकारी महोदया मीरगंज में निहित होगा।

तहसीलदार, मीरगंज

**कृषि उत्पादन मण्डी समिति, लखीमपुर**

नवीन मण्डी स्थल राजापुर-खीरी

G-mail : mandi.samiti.lakhimpur@gmail.com

पत्रांक : कृ.उ.म.स./2025-26/86 दिनांक : 06.06.2025

**विज्ञापन सूचना**

कृषि उत्पादन मण्डी समिति लखीमपुर के क्षेत्रान्तर्गत कार्यरत समस्त प्रकार के वैध लाइसेन्सों के लाइसेन्सधारी व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि कृषि वर्ष 2024-25 के लिए निर्गत लाइसेंसों की वैधता अवधि 30 जून 2025 को समाप्त हो रही है। उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मण्डी अधिनियम 1964 एवं तदधीन बनायी गयी नियमावली 1965 के प्राविधानुसार उक्त लाइसेंसों के लाइसेंसों का नवीनीकरण कराया जाना आवश्यक है।

अत: समस्त वैध लाइसेंसों के लाइसेंसधारी व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि आगामी कृषि वर्ष 2025-26 के लिए लाइसेंसों का नवीनीकरण दिनांक 25.06.2025 तक समिति के ई-लाइसेंस पोर्टल (emandi.upsdc.gov.in) पर निर्धारित लाइसेंस शुल्क के साथ आवेदन करना सुनिश्चित करें। प्रार्थना-पत्रों की जांच के पश्चात सही पाये गये प्रार्थना-पत्रों की ई-लाइसेंस संख्या निर्गत की जायेगी। लाइसेंस नवीनीकरण निम्न प्रतिबन्धों एवं शर्तो के अन्तर्गत किया जायेगा-

1. लाइसेंस प्रार्थना-पत्र (20ग) की प्रविष्टियां पूर्ण रूप से भरी हों तथा इस पर पासपोर्ट साइज का स्व हस्ताक्षरित फोटो चस्पा हो तथा लाइसेंस प्राप्त करने हेतु दो पासपोर्ट साइज के फोटो संलग्न हों।
2. कृषि वर्ष 2024-25 की मासिक एवं वार्षिक विवरणियां प्रस्तुत हों।
3. समस्त देय मण्डी शुल्क विकास सेस, ब्याज, दुकान किराया/प्रीमियम एवं अनाद्रित चेक की धनराशि आदि अवशेष न हो।
4. वगत दो वर्षो में कार्य/व्यापार शून्य न हो।
5. निर्धारित लाइसेंस शुल्क जमा हो।
6. विगत अवधि में फर्म में हुए परिवर्तन का विवरण साक्ष्यों सहित प्रस्तुत किया गया हो।

पांच वर्षीय अथवा आजीवन एवं एकीकृत लाइसेंसधारी लाइसेंस प्रार्थना-पत्र के साथ देयकों के जमा तथा अवशेष का विवरण मासिक विवरणी एवं स्थिति परिवर्तन सम्बन्धी सूचना/साक्ष्य सूचना प्रस्तुत करना आवश्यक है। दिनांक 30.06.2025 के पश्चात बिना लाइसेंस कार्य करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध मण्डी अधिनियम 1964 (यथा संशोधित) की धारा-09, 17 एवं 36,37 के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी।

सचिव सभापति

कृषि उत्पादन मण्डी समिति लखीमपुर-खीरी

**कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति आंवला (बरेली)**

पत्रांक : कृ.उ.मा.स./2025-121 दिनांक : 09.06.2025

**कैन्टीन नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि उत्पादन मण्डी समिति आंवला (बरेली) में निर्मित कैन्टीन माह 01.07.2025 से 30.06.2026 तक के लिए खुली नीलामी दिनांक 24.06.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे मण्डी समिति आंवला के सभागार में की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति/फर्म मण्डी समिति आंवला कार्यालय से रू. 1180.00 नकद जमा करके आवंटन प्रार्थना पत्र प्राप्त कर पूर्ण रूप से भरकर रू. 64000.00 (चौसठ हजार) मात्र का नकद/बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक दिनांक 23.06.2025 को सायं 05:00 बजे तक मण्डी समिति आंवला के कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा कर दें। कैन्टीन नीलामी से सम्बन्धित नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में समिति कार्यालय में देखी जा सकती है। सभी धनराशि पर 18 प्रतिशत जी.एस.टी. देय होगी।

सचिव
कृषि उत्पादन मण्डी समिति
आंवला (बरेली)

**पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पीलीभीत**

टनकपुर रोड, निकट जिला अस्पताल पीलीभीत (उ.प्र.)

ई-मेल : kvpilibhit2008@gmail.com दूरभाष : 05882-253319

**कक्षा-10 एवं 12 में रिक्त सीट पर प्रवेश हेतु पंजीकरण (सत्र 2025-26)**

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पीलीभीत में कक्षा-10 एवं 12 में प्रवेश हेतु कुछ सीटें रिक्त है। ये सीटें केवल सेवा प्राथमिकता श्रेणी एक और दो के लिए ही उपलब्ध है। इच्छुक अभिभावक दिनांक 10.06.2025 से 19.06.2025 तक सभी कार्यदिवसों में (प्रात: 11 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक) विद्यालय में ऑफलाइन माध्यम द्वारा पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण फार्म एवं अधिक जानकारी हेतु विद्यालय की वेबसाइट https://pilibhit.kvs.ac.in देखें।

प्राचार्य

# अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर विस्फोटक संग नेपाली युवक गिरफ्तार

संवाददाता, पिथौरागढ़

- एक्सप्लोसिव इमल्शन, डेटोनेटर, भारतीय व नेपाली मुद्रा बरामद

**अमृत विचार :** पिथौरागढ़ जिले में धारचूला स्थित भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पुल पर चेकिंग के दौरान सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने एक नेपाली नागरिक के पास से विस्फोटक सामग्री बरामद की है। एसएसबी ने प्रारंभिक पूछताछ के बाद आरोपी को धारचूला पुलिस को सौंप दिया।

पुलिस के अनुसार, एसएसबी द्वारा रविवार देर रात पकड़े गए नेपाली नागरिक के पास से एक किलोग्राम एक्सप्लोसिव इमल्शन, पांच डेटोनेटर, भारतीय और नेपाली मुद्रा सहित अन्य दस्तावेज बरामद हुए है। एसएसबी से पूछताछ के दौरान व्यक्ति ने अपना नाम यम बहादुर खत्री पुत्र श्याम बहादुर खत्री निवासी गांव पद्मपुर, जिला सुरखेत, नेपाल बताया। पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़ रेखा यादव के निर्देश के बाद कोतवाली धारचूला में आरोपी नेपाली नागरिक के विरुद्ध विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। धारचूला थानाध्यक्ष विजेंद्र शाह ने बताया कि आरोपी को पूछताछ के बाद सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

### मणिराम दास छावनी के श्रीराम कथा मंडपम में आयोजित संत सम्मेलन में जताई गई चिंता

# सिर्फ व्यापार का केंद्र बनकर न रह जाए अयोध्या : जितेंद्रानंद सरस्वती

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के 87वें जन्मोत्सव पर मणिराम दास छावनी के श्रीराम कथा मंडपम में विराट संत सम्मेलन का आयोजन किया गया।

इस दौरान यह चिंता जताई गई कि कहीं यह नगरी सिर्फ व्यापार का केंद्र न बनकर रह जाए। संत समिति के राष्ट्रीय महासचिव जितेन्द्रानंद सरस्वती ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि आज जानकारी में है कि अयोध्या के 25 किलोमीटर के क्षेत्र में कोई जमीन खाली नहीं है। दुनिया का कोई ऐसा उद्योगपति नहीं है जो यहां आना नहीं चाहता, लेकिन संतों से यह निवेदन है कि अयोध्या धर्म नगरी ही बनी रहे सिर्फ व्यापार का केंद्र न बन कर रह जाए। यह चिंता यहां के साधु संतों को करनी होगी। श्री राम जन्मभूमि का आंदोलन कोई सामान्य आंदोलन नहीं था।

हजारों वर्ष से दबाए गए समाज और तोड़े गए हजारों हजार मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा की दिशा में बढ़ा हुआ यह पहला कदम था। कहा कि जो लोग राम मंदिर के निर्माण पर कह रहे थे कि इससे क्या किसी को रोटी मिलेगी।

संतों के मंच से हमने कहा है कि काश तुमने पाकिस्तान में मंदिर नहीं तोड़ी होती तो जैसा भंडारा मणिराम दास छावनी में बिना जाति धर्म पूछे कराया जाता है, इस तरह पाकिस्तान के कराची के संकट मोचन मंदिर में भी हम सभी को बैठक खिला रहे होते और लोगों को 800 रुपये किलो आटा के लिए नहीं रोना पड़ता। वहीं राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि महंत नृत्यगोपाल दास का विराट व्यक्तित्व सभी के लिए प्रेरक है।


संत सम्मेलन का आरंभ करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अबिचल दास व अन्य संत।

### मक्का-मदीना से भी अधिक भीड़ अयोध्या में हो रही: वेदांती

पूर्व सांसद डॉ. रामविलास दास वेदांती ने कहा कि 87वें जन्मोत्सव मनाने के लिए एकजुट हुए हैं। कई बड़े-बड़े संत-महंत विराजमान थे और जो निर्णय लिया गया था उसका संकल्प पूर्ति 22 जनवरी 2024 में हुआ। वही कहा कि पहले भीड़ सबसे ज्यादा मक्का और मदीना में होती थी, लेकिन अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद विश्व में सबसे ज्यादा भीड़ दर्शन करने के लिए अयोध्या में हुई। इस संत सम्मेलन की अध्यक्षता अखिल भारतीय संत समिति के अध्यक्ष महंत अविचल दास ने की। संचालन डॉ. रामानंद दास ने किया। संत सम्मेलन में नेपाल से आए जगद्गुरु राम कृष्णाचार्य, महंत डॉ.राम विलास दास वेदांती, महंत गौरी शंकर दास, महंत डॉ.मिथिलेश नंदिनी शरण, महंत गोविंद दास जयपुर, महंत शक्ति शांतानंद केरल, महंत अखिलेश्वर दास गुजरात, महंत ज्योर्तिमयानंद हरिद्वार, महामंडलेश्वर दुर्गादास हरिद्वार, महामंडलेश्वर विष्णु दास हरिद्वार, महामंडलेश्वर गीता देवी निर्मल अखाड़ा, महंत डॉ.राघवेश दास वेदांती समेत अन्य मौजूद संतों उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास ने अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया।

## राज्य मंत्री की गाड़ी नीलगाय से टकराई बाल-बाल बचीं


राज्यमंत्री की क्षतिग्रस्त कार।

**फर्रुखाबाद,अमृत विचार:** बाबा नीब करोरी के दर्शन के लिए जा रहीं प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री की गाड़ी नीलगाय से टकराने से क्षतिग्रस्त हो गई । हादसे में राज्य मंत्री बाल बाल बच गईं।

मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र में उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी सोमवार दोपहर एक दुर्घटना में बाल-बाल बच गईं, जब उनकी गाड़ी ग्राम नगला मिढ़ई के पास एक नीलगाय से टकरा गई। मंत्री उस समय नीब करोरी में दर्शन के लिए जा रही थीं। हादसे में मंत्री को कोई चोट नहीं आई, लेकिन उनकी गाड़ी को काफी क्षति पहुंची है। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ल मौके पर पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण किया। इसके बाद मंत्री रजनी तिवारी दूसरी गाड़ी से नीब करोरी पहुंचीं और बाबा नीमकरोरी के दर्शन किए।

# खड़े ट्रक में घुसी कार, तीन की मौत

### नैनीताल जाते समय रोजा में हुआ हादसा, कार का दरवाजा तोड़ कर निकाले गए घायल

संवाददाता, रोजा/शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** गोरखपुर से नैनीताल घूमने जा रहे होटल मालिक की कार सीतापुर हाईवे पर जमुका गांव के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई। भीषण टक्कर में कार के परखच्चे उड़ गए और होटल मालिक, उनके बेटे व बहन की मौत हो गई।

जबकि उनका भांजा व पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल भांजे को बरेली रेफर किया गया है। पत्नी का राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। हादसे में मरने वाले शिवम गोरखपुर महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शरदेंदु पांडेय के भतीजे थे।

गोरखपुर जिले के थाना बेलीपार के मोहल्ला मलालो निवासी होटल शिवाय के मालिक और गोरखपुर महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरदेंदू के भतीजे शिवम पांडेय (35) सोमवार सुबह लगभग छह बजे अपने परिवार व अन्य रिश्तेदारों के साथ दो कारों में सवार होकर गोरखपुर से नैनीताल घूमने के लिए जा रहे थे। होंडा सिटी कार में शिवम उनकी पत्नी शालिनी, ढाई साल का बेटा माधवन और उनकी 42 वर्षीय बहन श्वेता द्विवेदी और सात वर्षीय भांजा शिवांश थे। दूसरी कार में उनके चचेरे भाई अमृतेश और अन्य रिश्तेदार थे। रविवार की सुबह छह बजे सीतापुर हाईवे पर जमुका गांव के सामने ट्रक सड़क के किनारे खड़ा होकर बजरी उतार रहा था। अचानक शिवम की कार खड़े ट्रक में जाकर पीछे से घुस गई।



इसी खड़े ट्रक में कार पीछे से घुसी। • अमृत विचार

- गोरखपुर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष के भतीजे थे शिवम
- गोरखपुर के प्रतिष्ठित परिवार के साथ हुआ हादसा

कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कार में सवार सभी लोग कार में ही फंस गए। इसी बीच पीछे से शिवम का चचेरा भाई अमृतेश अपनी कार से आ गया। उन्होंने राहगीरों की मदद से कार का दरवाजा तोड़कर घायल शिवम, शालिनी, माधवन, श्वेता और शिवांस को कार से बाहर निकाला। वह सभी घायलों को वाहन से मेडिकल कालेज लेकर गए। डाक्टर ने शिवम, उनके बेटे माधवन और उनकी बहन श्वेता को मृत घोषित कर दिया।

डाक्टर ने घायल शिवांश को बरेली रेफर कर दिया। जबकि मृतक शिवम की पत्नी शालिनी का मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। घायल चालक अंगद के मामूली चोट आई है। मृतक श्वेता के पति डा. नीरज गोरखपुर में डिप्टी सीएमओ हैं। उन्होंने हादसे की सूचना गोरखपुर परिवार वालों को फोन पर दी। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मौके पर पहुंचे और जानकारी की। एसपी राजेश द्विवेदी और सीओ सदर प्रयांक जैन मेडिकल कालेज पहुंचे और घायलों का हालचाल लिया। उन्होंने मृतक के परिवार वालों से जानकारी की।

चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि ट्रक खड़ा होकर बजरी उतार रहा था और कार पीछे से ट्रक में घुस गई। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# टेंडर होते ही देश के 27 लाख बिजली कर्मी करेंगे एक दिन की सांकेतिक हड़ताल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 9 जुलाई को देश के बिजली कर्मी राष्ट्र व्यापी हड़ताल करेंगे

**अमृत विचार:** प्रदेश में बिजली के निजीकरण का टेंडर होते ही पूरे देश के 27 लाख बिजली कर्मी एक दिन की सांकेतिक हड़ताल करेंगे। 2 जुलाई को प्रदेश के बिजली कर्मियों के समर्थन में देश के सभी जिलों में व्यापक विरोध प्रदर्शन होंगे। 9 जुलाई को देश के बिजली कर्मी निजीकरण के विरोध में राष्ट्र व्यापी हड़ताल करेंगे।

नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ़ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स की राष्ट्रीय कोर कमेटी की सोमवार को दिल्ली में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ने केंद्र सरकार से मांग की है कि किसानों, आम घरेलू उपभोक्ताओं और गरीब उपभोक्ताओं के व्यापक हित में केंद्र सरकार तत्काल हस्तक्षेप कर प्रदेश में चल रही बिजली की निजीकरण की प्रक्रिया को निरस्त कराए। निर्णय के तहत लखनऊ में 22 जून को किसानों, आम घरेलू उपभोक्ताओं और बिजली कर्मियों की हो रही महापंचायत में कोऑर्डिनेशन कमेटी के राष्ट्रीय पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक में ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे, ऑल इंडिया पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स फेडरेशन के सेक्रेटरी जनरल अभिमन्यु धनकड़, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज के जनरल सेक्रेटरी मोहन शर्मा, इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी सुदीप दत्ता, ऑल इंडिया पावर मेंस फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी आरके शर्मा, तमिलनाडु इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड इंप्लाइज फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी ए सेकीजार, इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष सुभाष लांबा, ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के एके जैन, यशपाल शर्मा और सत्यपाल उपस्थित थे।



## साइबर ठगी, फर्जी एमडी दबोचा

**देहरादून,अमृत विचार :** मैनेजिंग डायरेक्टर (एमडी) बताकर नए प्रोजेक्ट के नाम पर 3.20 करोड़ रुपये की साइबर ठगी करने के आरोपी को स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) उत्तराखंड ने पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है।

एसएसपी एसटीएफ नवनीत सिंह ने सोमवार को बताया कि टिहरी गढ़वाल निवासी पीड़ित ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया था। इसमें बताया कि उसे बीते माह मई में सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक मैसेज मिला था, जिसमें व्हाट्सएप नंबर सेव करने का अनुरोध किया गया। अपने आप को मैनेजिंग डायरेक्टर के रूप में प्रस्तुत करते हुए अज्ञात व्यक्ति ने बताया कि एक नया प्रोजेक्ट है और उसके लिए हमें 1.95 करोड़ रुपये की एडवांस पेमेंट की आवश्यकता है। तुरंत यह पेमेंट प्रोसेस करने को कहा गया। शिकायतकर्ता को फर्जी मैनेजिंग डायरेक्टर, फर्जी पहचान और बैंक डिटेल्स के नाम का गलत उपयोग कर साइबर ठग द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से उपलब्ध कराए गए विभिन्न बैंक खातो में करीब 3.20 करोड़ रुपये की धनराशि धोखाधड़ी से जमा करायी गयी। पुलिस उपाधीक्षक अंकुश मिश्रा के पर्यवेक्षण में निरीक्षक साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन त्रिभुवन रौतेला द्वारा इस मामले की विवेचना की गई।

## पीलीभीत में खेत पर गए किसान को बाघ ने मार डाला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** गन्ने की सिंचाई करने गए किसान पर बाघ ने हमला कर मार डाला। किसान का अधखाया शव तड़के खेत में पड़ा मिला। घटना की जानकारी लगते ही परिजनों और ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। डीएम, एसडीएम और सीओ सिटी भी मौके पर पहुंचे। डीएम के आश्वासन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।


मुकेश कुमार

घटना पीलीभीत टाइगर रिजर्व की माला रेंज के वनकटी जंगल से सटे इलाके में हुई। गांव मेवातपुर उर्फ शेरगंज निवासी मुकेश कुमार (35) पुत्र मंगली प्रसाद रविवार देर शाम बड़े भाई योगेश के साथ गन्ने की सिंचाई करने गए थे। खेत में पानी छोड़ने के बाद दोनों भाई लौट आए थे। मृतक के बड़े भाई के मुताबिक सोमवार सुबह तड़के मुकेश खेत देखने गया हुआ था। इस बीच जंगल से निकले बाघ ने मुकेश पर हमला कर मार डाला। काफी देर तक जब मुकेश घर नहीं लौटे तो परिवार वालों ने तलाश शुरू की। कुछ देर बाद ही मुकेश का अधखाया शव गन्ने के खेत में पड़ा मिला। घटना को लेकर ग्रामीण भी आक्रोशित हो उठे। सूचना मिलने के बाद न्यूरिया पुलिस मौके पर पहुंच गई। एसडीएम सदर आशुतोष गुप्ता और सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी भी पहुंचे। कुछ देर बाद डीएम ज्ञानेंद्र सिंह भी पहुंचे। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि जंगल से सटे इलाके में घटना हुई है। सुरक्षा की दृष्टि से एसडीएम व क्षेत्रीय वनाधिकारी के नेतृत्व में टीम मौके पर लगी हुई है।

## फूड प्वाइजनिंग से 30 लोग बीमार

**उझानी,अमृत विचार :** कस्बे के आशाराम मिशन कंपाउंड स्थित महाराजा अग्रसेन श्रवण कुमार अग्रवाल धर्मशाला में शादी समारोह के दौरान खाना खाने के बाद 30 बारातियों की हालत बिगड़ गई। उन्हें फूड प्वाइजनिंग हो गई। उन्हें निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। दूल्हे के पिता ने हलवाई पर एक्सपायरी मसालों से खाना बनाने का आरोप लगाया है।

नगर के मोहल्ला भर्रा टोला निवासी दुर्गा प्रसाद प्रजापति के बेटे विकास की शादी बदायूं शहर के मोहल्ला लालपुल निवासी पप्पू की पुत्री बुलबुल के साथ तय हुई थी। रविवार शाम को लड़की पक्ष नगर के आशाराम मिल कंपाउंड स्थित महाराजा अग्रसेन श्रवण कुमार अग्रवाल धर्मशाला में पहले ही पहुंच गए थे। शादी की सभी रस्में अदा की गई। शादी की रस्में को बीच ही लोग खाना खाने लगे। शादी में करीब 300 लोग शामिल हुए थे। इनमें से अधिकांश लोग खाना खाने के बाद चले गए थे।

## खेत में काम कर रहे वकील की गोली मारकर हत्या

अखंडनगर, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के मरूई कृष्णदासपुर गांव में सोमवार रात उस समय हड़कंप मच गया, जब खेत में सिंचाई कर रहे अधिवक्ता महेंद्र कुमार मौर्य (57) की गोली मारकर होत्या कर दी गई। घटना रात करीब 10 बजे की है। हत्या के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। इस वारदात से गांव में सनसनी फैल गई है, जबकि मृतक के परिजनों ने पुलिस पर जबरन शव उठाने और लाठीचार्ज करने का गंभीर आरोप लगाया है। मृतक महेंद्र मौर्य अपने पीछे पत्नी शकुंतला मौर्या, दो बेटे अजय मौर्या और प्रभात और दो बेटियां रंजना एवं भावना को छोड़ गए हैं। उनके बड़े भाई सीताराम मौर्य ने अज्ञात 3-4 लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। बताया गया कि महेंद्र शाम करीब 7 बजे खेत में धान की सिंचाई के लिए गए थे। रात 9 बजे उन्होंने लखनऊ में रह रही अपनी भाभी से फोन पर बात की थी। लेकिन जब रात 10 बजे तक वे घर नहीं लौटे और फोन नहीं उठा, तो परिजन खेत पहुंचे जहां उनका शव पड़ा मिला और पास में मोबाइल की लाइट जल रही थी। परिजनों ने बताया कि घटना की सूचना पर जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो वे शव को मृतक के बड़े बेटे के लखनऊ से आने तक रोकने की बात कर रहे थे।

### एसओ समेत एक दरोगा और सिपाही निलंबित

सीओ विनय गौतम ने बताया कि थानाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही संबंधित हल्के दरोगा और एक सिपाही पर कार्रवाई की गई है। कोर्ट सुरक्षा में तैनात रहे दीपक कुशवाहा को अखंडनगर थाने का चार्ज सौंपा गया है।

# दुष्कर्म का आरोपी ढोंगी बाबा गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली इलाके में एक महिला को धन का लालच देने और काली साया का खौफ दिखाकर आबरू लूटने का मामला सामने आया है। आरोप था कि ढोगी बाबा ने अश्लील वीडियो दिखाकर पांच लाख की फिरौती भी ली थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और ढोगी बाबा को हिरासत में लेकर पूछताछ भी शुरू कर दी है।

बगवाड़ा चौकी इलाके की रहने वाली एक महिला ने बताया कि वर्ष 2017 में पति सड़क हादसे में घायल हो गए थे। वह मानसिक एवं आर्थिक संकट से जूझ रही थी। इस बीच जब वह होली का त्यौहार मना कर गांव से लौट रही थी तो रास्ते में उसकी मुलाकात रंपुरा बस्ती निवासी राम भगत नाम के व्यक्ति से हुई। जहां उसने खुद को मां काली का भक्त बताया और देवी का अवतार आने का झांसा दिया। साथ ही बताया कि उसके परिवार पर किसी काली साया का वास है और मकान के नीचे धन का अंबार भी दबा हुआ है। आरोप था कि 31 मार्च 2025 को बाबा उसके घर पर आया और पूजन सामग्री लेकर कमरे में चला गया। थोड़ी देर बाद ढोगी बाबा राम भगत ने बुलाया और जमीन के नीचे सांप का जोड़ा व कुछ सिक्के दिखाए। आरोप था कि बाबा ने तुरंत कमरे की लाइट बंद कर दी और दुष्कर्म करने की कोशिश की। विरोध करने पर धमकाया कि तेरा व परिवार का सर्वनाश हो जाएगा और खौफजदा कर दो बार दुष्कर्म किया। आरोप था कि बाबा ने एक अश्लील वीडियो दिखाकर ब्लैकमेल किया और पांच लाख की फिरौती लेने के बाद पुनःदस लाख रुपये देने का दबाव बनाया। मानसिक प्रताड़ना के बाद पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पीड़िता का आरोप था कि ढोगी बाबा ने शक्ति का प्रभाव दिखाकर डराया था। उस वक्त उसने कमरे में पहले से मोबाइल को छिपाकर वीडियो बना डाली थी। कुछ दिन बाद जब उसने पांच लाख वापस करने का दबाव बनाया तो उसने कई अश्लील वीडियो दिखाकर सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी दी और पुन दस लाख रुपये देने का दबाव बनाने लगा।

### दो साल की सजा काट चुका है ढोंगी बाबा

पीड़िता का कहना था कि जब उसने बाबा की कुंडली खंगाली तो पता चला कि कुछ साल पहले ढोगी बाबा राम भगत दुष्कर्म के मामले में दो साल की जेल भी काट चुका है। प्रमाण मिले हैं कि बाबा ने कई प्रकार से लोगों के साथ ठगी की है और कई महिलाओं की अस्मत भी लूटी। जिसकी पुष्टि कोतवाली पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में भी हो रही है। पुख्त सबूतों के साथ कोतवाली पुलिस जल्द खुलासा कर सकती है।

- लालच देकर व डराकर लूटी महिला की इज्जत, मांगी पांच लाख की फिरौती

### बुजुर्गों व दिव्यांगों के लिए चलेंगे दो अतिरिक्त शटल वाहन, जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ की बैठक

# कैंची धाम मेले की व्यवस्थाएं 12 तक पूरी करने के निर्देश

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी वंदना ने सोमवार को कैंची धाम मंदिर परिसर में 15 जून को होने वाले स्थापना दिवस मेले को लेकर अधिकारियों व मंदिर समिति के सदस्यों के साथ बैठक की।

उन्होंने श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए विभिन्न स्थानों में बनाई गई पार्किंग स्थलों में पेयजल, विद्युत आपूर्ति, शौचालय, सफाई व्यवस्था आदि व्यवस्थाओं को 12 जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने लोनिवि के अधिकारियों को नैनीबैंड- सेनिटोरियम बाईपास और भीमताल बाईपास स्थित निर्माणाधीन नहर कवरिंग को जल्द पूरा करने के निर्देश भी दिए। लोनिवि के अधिशासी अभियंता को कैंची धाम में निर्माणाधीन पाथवे को तीन दिन के भीतर कार्य पूरा करने को कहा।

वन विभाग के अधिकारियों को कैंची धाम और शिप्रा नदी के आसपास विशेष साफ-सफाई और सुरक्षा की दृष्टि के लिए बैरिकेड और ताड़बाड़ कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ईओ भवाली व अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को भवाली से कैंची धाम तक नियमित साफ-सफाई करने व विभिन्न स्थानों में मोबाइल टॉयलेट रखने के निर्देश दिए।



निर्देश दिए कि नैनीताल, भवाली, भीमताल और कैंची धाम तक सड़क मार्ग में कहीं भी फूड वैन व ठेले पूर्ण रूप से बंद रहेंगे। सड़क किनारे या मंदिर के आसपास निशुल्क सेवा पूर्ण रूप से बंद रहेगी। आरटीओ गुरदेव सिंह ने बताया हल्द्वानी से भीमताल शटल सेवा में करीब 100 छोटे-बड़े वाहन, भीमताल से कैंची धाम से पुरानी वन विभाग की चौकी 40, नैनीताल से सेनिटोरियम तक 50 छोटे बड़े वाहन शटल सेवा में चलेंगे।

उन्होंने बुजुर्ग, दिव्यांग और बीमार व्यक्तियों को शटल सेवा के माध्यम से मंदिर गेट तक पहुंचाने के लिए 2 अतिरिक्त शटल वाहनों की व्यवस्था कराने के निर्देश भी दिए। अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को 12 से 20 जून तक भवाली से कैंची धाम तक 100 से अधिक सफाई कर्मचारी तैनात करने के निर्देश दिए। युवा कल्याण अधिकारी को शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु सभी मजिस्ट्रेट को पांच-पांच पीआरडी जवान उपलब्ध कराने के लिए कहा गया।

### शार्ट कट मार्ग पर आवाजाही रहेगी बंद

जिलाधिकारी ने बताया कि कैंची धाम के समीप शार्ट कट मार्ग ( छोटा रास्ता )से आवाजाही पूर्ण रूप से बंद रहेगी। जिसमें कैंची धाम बड़े बैंड से ऊपर से कैंची धाम तक गेट तक शार्ट मार्ग में भक्तों की आवाजाही पूर्ण रूप से बंद रहेगी।

## डिजिटलाइज होगा उत्तराखंड का लोक साहित्य : धामी

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को गढ़वाली, कुमाउनी, जौनसारी भाषाओं की लोककथाएं, लोकगीत, कहावतें एवं साहित्य को डिजिटली संरक्षित करने के साथ ही पंडों के रिकॉर्ड (जिसमें लोगों की कई पीढ़ियों का विवरण होता है) सहित ऐसे सभी हस्तलिखित रिकॉर्डों को डिजिटलाइज करने के निर्देश दिए।

सोमवार को सचिवालय में उत्तराखंड भाषा संस्थान की साधारण सभा एवं प्रबन्ध कार्यकारिणी समिति बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि, उत्तराखंड की लोकभाषाएं हमारी सांस्कृतिक पहचान और अस्मिता की आधारशिला हैं। उन्होंने अधिकारियों को क्षेत्रीय बोलियों को बढ़ावा देने के लिए मोबाइल एप, पॉडकास्ट और ई-लर्निंग कोर्सेस शुरू करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही कहा कि, लोकगायक/गाथाकारों का डिजिटल डॉक्यूमेंटेशन तैयार किया जाए। प्रदेश के विश्वविद्यालयों में स्थानीय बोली एवं संस्कृति अध्ययन केंद्रों की स्थापना को प्रोत्साहित किया जाए। भावी पीढ़ी अपनी लोकभाषाओं से जुड़ सके, इसके लिए गढ़वाली, कुमाउनी, जौनसारी में चित्रकथाएं, वीडियो बुक्स विकसित किए जाएं। हमारा लक्ष्य हमारी मूल पहचान को सहेजते हुए डिजिटल युग में उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है।

## एक नजर

### शाहजहांपुर की 14 सीएचसी में लगेंगे अग्निशमन संयंत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** शाहजहांपुर के 14 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसी) पर नए अग्निशमन संयंत्र स्थापित करने की स्वीकृति दी गयी है। स्वास्थ्य विभाग में संयुक्त सचिव आनन्द कुमार राय ने आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि 14 सीएचसी में न केवल अग्निशमन संसाधन जुटाने को तीन करोड़ 41 लाख 60 हजार रुपये स्वीकृत किए, बल्कि सोमवार को एक करोड़ 33 लाख 61 हजार रुपये की दूसरी किश्त जारी कर शीघ्र क्रियान्यवन करने के निर्देश दिए हैं। इन 14 सीएचसी में भावलखेड़ा, ददरौल, कांट, मदनापुर, पुवायां, बंडा, सिधौली, तिलहर, निगोही, मिरानपुर कटरा, जयतीपुर, जलालाबाद, अल्हागंज एवं जरियनपुर शामिल हैं।

### ट्रॉमा-2 से मिलेगी मरीजों को राहत

**अमृत विचार, लखनऊ :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में गंभीर मरीजों को तत्काल इलाज मुहैया कराने के लिए ट्रॉमा-2 के निर्माण की मंजूरी मिल गई है। उम्मीद है अगले माह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ट्रॉमा का शिलान्यास करेंगे। केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में 400 से अधिक बेड हैं। यहां कई प्रदेश से गंभीर मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। मरीजों का काफी दबाव है। इसकी वजह से काफी मरीजों को बिना इलाज लौटना

### कीट नियंत्रण योजनाओं को 20 करोड़ 96 लाख जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि क्षेत्र में कीट व रोग नियंत्रण योजनाओं के लिए राज्य सरकार ने 20 करोड़ 96 लाख रुपये का बजट जारी किया है। विशेष सचिव ओम प्रकाश वर्मा ने बजट जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि इस बजट में न केवल आउट सोर्सिंग सेवाओं में आवश्यकतानुसार कर्मियों को वेतन दिया जा सकेगा।

# मुख्यमंत्री योगी आज गिनाएंगे मोदी सरकार की उपलब्धियां

- 21 तक चलेगा 11 वर्षों पर केंद्रित प्रदेशव्यापी अभियान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 10 जून से मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर प्रदेशव्यापी अभियान शुरू करेंगे। 21 जून तक विकसित भारत का अमृतकाल, सेवा-सुशासन और गरीब कल्याण जैसे विषय शामिल हैं। जिलों में प्रदर्शनियां, प्रबुद्ध समागम और डिजिटल प्रतियोगिताएं होंगी, जबकि मंडलों में संकल्प सभाएं और शक्ति केंद्रों पर चौपालों में आयुष्मान योजना के कैंप लगाए जाएंगे।

पहले दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पत्रकार वार्ता करेंगे और प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। जिला स्तर पर 11 व 12 जून को प्रेस कांफ्रेंस होंगी। इसमें पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, सरकार के मंत्री या सांसद संबोधित करेंगे। जिलों में प्रबुद्ध समागम होगा। इसमें तीन अलग-अलग वक्ता विकसित भारत की संकल्पना एवं हमारी भूमिका, सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष समेत सशक्त भारत-सुरक्षित भारत विषय पर बोलेंगे। इसके वीडियो इंटरनेट मीडिया पर भी अपलोड किए जाएंगे। इंटरनेट मीडिया से जुड़े लोगों के लिए डिजिटल प्रतियोगिता 'बदलता भारत मेरा अनुभव' विषय पर कराई जाएगी।

# ड्रोन सर्वेक्षण से बनेगा शहरों का नक्शा, बेहतर होगा भू रिकॉर्ड

## सर्वेक्षण के बाद मिलेगी शहरी क्षेत्रों में भूमि की उपलब्धता की सटीक जानकारी, कम होंगे भूमि विवाद

- केंद्र सरकार की टीम ने राअधिकारियों के साथ की बैठक
- भूमि खरीद व बिक्री में धोखाधड़ी पर लगेगी रोक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के बाद अब सभी शहरी क्षेत्रों में ड्रोन सर्वेक्षण से नया नक्शा बनेगा। इससे भू-रिकॉर्ड बेहतर होने के साथ शहरी क्षेत्रों में भूमि की उपलब्धता की सटीक जानकारी सामने आएगी, इससे भूमि का मालिकाना अधिकार को लेकर स्पष्टता आएगी। भूमि विवाद कम होंगे और भूमि खरीद व बिक्री में धोखाधड़ी पर रोक लगेगी।

सोमवार को राजस्व परिषद में ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग के सचिव मनोज जोशी और संयुक्त सचिव कुनाल सत्यार्थी ने राजस्व विभाग के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक कर ड्रोन



सर्वेक्षण की तैयारियों की समीक्षा की। कहा गया कि वर्तमान में प्रदेश में 22.27 प्रतिशत जनसंख्या शहरी क्षेत्रों में निवास कर रही है। वर्ष 2031 तक 40 प्रतिशत जनसंख्या शहरी क्षेत्रों में निवास करने लगेगी। इसलिए सटीक व सुलभ भूमि रिकार्ड प्रणाली की जरूरत है। अभी तक शहरी क्षेत्रों के जो भी नक्शे हैं, वह टैक्स प्रणाली के मद्देनजर तैयार किए गए हैं। ड्रोन सर्वेक्षण के बाद सभी शहरों का नक्शा तैयार किया जाएगा, इससे भूमि का मालिकाना अधिकार को लेकर स्पष्टता आएगी।

केंद्रीय टीम ने जिन शहरों में ड्रोन सर्वेक्षण किया जाना है, वहां के नोडल अधिकारियों के साथ भी बैठक की। बैठक में राजस्व बोर्ड के अध्यक्ष अनिल कुमार, राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव पी. गुरुप्रसाद व राहत आयुक्त भानु गोस्वामी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### सर्वेक्षण पूरा करने पर मिलेगी 10 करोड़ की प्रोत्साहन राशि

भूमि संसाधन विभाग के संयुक्त सचिव कुनाल सत्यार्थी ने बताया कि एकीकृत भूमि सूचना प्रबंधन प्रणाली विकसित करने के लिए कराए जाने वाले सर्वेक्षण के जरिए सभी शहरों व कालोनियों के नक्शों की जियो-रेफरेंसिंग (वास्तविक दुनिया के भौगोलिक निर्देशांकों को डिजिटल मानचित्र या छवि के साथ जोड़ने की प्रक्रिया) पूरी की जाएगी। उन्होंने बताया कि ड्रोन सर्वेक्षण का कार्य पूरा करने वाले नगरीय निकायों को 10 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। देशभर में 4,912 शहरों में ड्रोन सर्वेक्षण करवाने का लक्ष्य रखा गया है।

### भूमि रिकार्ड आधुनिकीकरण कार्यक्रम के तहत होंगे सर्वेक्षण

डिजिटल इंडिया भूमि रिकार्ड आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआइएलआरएमपी) के तहत होने वाले इस सर्वेक्षण के जरिए शहरी क्षेत्रों का क्षेत्रफल, वर्तमान वास्तविक स्थिति तथा भूमि की उपलब्धता की सटीक जानकारी एकत्र की जाएगी। साथ ही शहरी क्षेत्रों में स्थित कालोनियों का भी नक्शा तैयार किया जाएगा। पहले चरण में टांडा, नवाबगंज, अनूपशहर, चित्रकूट धाम, गोरखपुर, हरदोई, झांसी, चुनार, पूरनपुर व तिलहर का ड्रोन सर्वेक्षण किया जाएगा। पिछले साल 2 सितंबर को केंद्रीय भूमि संसाधन विभाग के अधिकारियों की टीम ने लखनऊ में राजस्व विभाग के अधिकारियों को शहरी क्षेत्रों में ड्रोन सर्वेक्षण को लेकर प्रशिक्षण भी दिया था।

# दिव्यांगों को आरक्षण के लिए पद चिन्हित

## विभिन्न विभागों में श्रेणियों के साथ किया गया पदों का पुनर्चिन्हांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** दिव्यांगों को अब नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग, पंचायती राज विभाग, न्याय विभाग, सचिवालय प्रशासन और ग्राम्य विकास विभाग में भी चार प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का लाभ मिल सकेगा। इन विभागों द्वारा किए गए पदों के चिन्हांकन में श्रेणियां चिन्हित न करने ये यह लाभ नहीं मिल पा रहा था। अब इनमें श्रेणियों सहित पदों का पुनर्चिन्हांकन कर दिया गया है।

प्रदेश सरकार ने दिव्यांगजन के लिए लोक सेवाओं में चार प्रतिशत



पदों के क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था कर रखी है। इसमें रिक्तियों का एक-एक प्रतिशत खंड क, ख व ग में और एक प्रतिशत खंड घ व ड में आरक्षित किया गया है। अब विशेषज्ञ समिति द्वारा किए पुनर्चिन्हांकन में नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग (लघु सिंचाई विभाग) में समूह के तहत अधिशासी अभियंता, समूह ख में सहायक अभियंता और समूह ग में अवर अभियंता, बोरिंग टेक्नीशियन, सहायक बोरिंग टेक्नीशियन और अमीन के पद चिन्हित किए गए हैं।

पंचायती राज विभाग (राज्य निर्वाचन आयोग) में समूह ग के तहत कनिष्ठ सहायक व समूह घ के पद, न्याय विभाग (डॉ. राजेन्द्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय प्रयागराज) में समूह ग के तहत सहायक लेखाकार, आशुलिपिक, कनिष्ठ सहायक व कंप्यूटर सहायक (ग्रेड ए) के पद चिन्हित किए गए हैं। सचिवालय प्रशासन विभाग में समूह ख के तहत अनुभाग अधिकारी (लेखा) और ग्राम विकास विभाग (दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान लखनऊ) में समूह ग के तहत शोध सहयुक्त के पद का पुनर्चिन्हांकन किया गया है। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की ओर से इन पदों पर नियुक्तियों की कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### इन श्रेणियों के दिव्यांग आएंगे पात्रता में

दृष्टिहीनता और कम दृष्टि, बधिर और श्रवण शक्ति हास, प्रमस्तिष्कीय अंग घात, उपचारित कुष्ठ, बौनापन, एसिड आक्रमण पीड़ित और मांसपेशीय दुष्पोषण, बौद्धिक निशक्तता, विशिष्ट अधिगम निशक्तता और मानसिक निशक्तता।

# शाह से मिले योगी, जल्द ही घोषित किया जाएगा नया प्रदेश अध्यक्ष

## सरकार और संगठन में फेरबदल को लेकर हुई चर्चा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गृहमंत्री के साथ पुलिस भर्ती नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को लेकर बनी रणनीति

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री के अचानक सोमवार को दोपहर बाद दिल्ली दौरे से सरकार और संगठन में फेरबदल को लेकर राजनीतिक अटकलें शुरू हो गईं। गृहमंत्री अमित शाह के साथ बैठक में पुलिस भर्ती नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को लेकर रणनीति बनाने के साथ नए प्रदेश अध्यक्ष के नामों पर भी चर्चा हुई। शाह के 15 जून के दौरे के साथ संगठन के मुखिया का एलान भी हो सकता है। बैठक के बाद योगी लखनऊ लौटने के लिए हिंडन एयरपोर्ट रवाना हो गए।

दिल्ली दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और गृहमंत्री अमित शाह के बीच सोमवार को तकरीबन 35 मिनट तक बैठक चली। गृहमंत्री 15 जून को लखनऊ आएंगे, वे यहां समारोहपूर्वक 60 हजार से अधिक नवनियुक्त सिपाहियों को नियुक्ति पत्र देंगे। इस कार्यक्रम को लेकर विस्तार से चर्चा के साथ यूपी में प्रदेश अध्यक्ष के नाम को लेकर भी चर्चा हुई। योगी और अमित शाह की इस बैठक में यूपी भाजपा के संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। सहमति बनी कि भाजपा 2027 के विधानसभा चुनाव और 2026 के पंचायत चुनावों को देखते हुए प्रदेश में नए अध्यक्ष के नाम का ऐलान जल्द करेगी।



दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात करते मुख्यमंत्री योगी।

### भाजपा अध्यक्ष के लिए इन नामों पर चर्चा

राज्य में भाजपा अध्यक्ष के लिए जहां ओबीसी वर्ग पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह और केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा का नाम चर्चा में है, वहीं दलित वर्ग से विद्यासागर सोनकर, और विनोद सोनकर के साथ सपा का जोरदार जवाब देने वाले युवाओं में बेहद लोकप्रिय समाज कल्याण मंत्री असीम अरूण का नाम भी काफी चर्चा में है। ब्राह्मण चेहरे में पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा और पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी का नाम सामने आ रहा है।

### नए प्रदेश अध्यक्ष के एलान में देरी से संगठन सुस्त

हाल यह है कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चुनाव में देरी से युवा मोर्चा, दलित मोर्चा, पिछड़ा मोर्चा, महिला मोर्चा समेत अनुषांगिक संगठन सुस्त दिख रहे हैं। ऐसे में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी पर भी असर पड़ रहा है। अभी 28 जिलाध्यक्षों के नाम भी घोषित नहीं हो पाए हैं। क्षेत्रीय अध्यक्ष भी अपनी टीम नहीं बना सके हैं।

# सरकार सवाल पूछने से रोकती है : अखिलेश



लखनऊ एक होटल में पुस्तक विमोचन कार्यक्रम के दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव, पूर्व एमएलसी कांति सिंह व पार्टी सांसद डॉ. एसपी सिंह।

**अमृत विचार, लखनऊ :** शिक्षा हमारे अंदर रोशनी पैदा करती है। शिक्षा से ज्ञान मिलता है और ज्ञान से जिज्ञासा और सवाल पैदा होते हैं, लेकिन यह सरकार सवाल करने से रोकती है। शिक्षा को महंगा कर रही है और रूढ़िवादी सरकार के मंत्री आपस में ही खींचतान कर रहे हैं। ये आरोप सोमवार को पूर्व एमएलसी कांति सिंह के जीवन पर आधारित पुस्तक का विमोचन करने के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने लगाए। पूर्व एमएलसी कांति सिंह लखनऊ पब्लिक स्कूल व कॉलेज के संस्थापक और सपा सांसद डॉ. एसपी सिंह की पत्नी हैं। उनके जीवन पर आधारित छूना है आसमां पुस्तक का विमोचन कार्यक्रम लखनऊ के ताज होटल में आयोजित किया गया था। इसमें सपा प्रमुख अखिलेश ने कहा कि रूढ़िवादी लोग शिक्षा के खिलाफ हैं और इस पर नियंत्रण करना चाहते हैं।

# महाराजा सुहेलदेव की प्रतिमा का अनावरण आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार मंगलवार को महाराजा सुहेलदेव का विजयोत्सव मनाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बहराइच में रहेंगे। वे यहां चित्तौरा के समीप स्थापित की गई महाराजा सुहेलदेव की अश्वारोही प्रतिमा का अनावरण करेंगे। साथ ही जनसभा को भी संबोधित करेंगे। राज्य ललित कला अकादमी की निदेशक श्रद्धा शुक्ला ने बताया कि महाराजा सुहेलदेव की 40 फीट ऊंची कांस्य यह प्रतिमा पर्यटन विभाग द्वारा प्रस्तावित की गई थी। इसका निर्माण उप्र संस्कृति विभाग के राज्य ललित कला अकादमी द्वारा कराया गया है। इसे सुप्रसिद्ध मूर्तिकार पद्मश्री रामसुतार, रामसुतार आर्ट क्रिएशन्स प्रालि. द्वारा बनाया गया है।

# औद्योगिक क्षेत्रों में भी शुरू होगी दीदी की रसोई

- लखपति दीदी कार्यक्रम के तहत गठित एसएलसीसी की हुई पहली बैठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** स्कूलों के साथ अब औद्योगिक क्षेत्रों में भी 'दीदी की रसोई' शुरू होगी। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इसके विस्तार के लिए निर्देश दिये। मुख्य सचिव सोमवार को लोकभवन में लखपति दीदी कार्यक्रम के अंतर्गत गठित राज्य स्तरीय समन्वय समिति (एसएलसीसी) की पहली बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि 'दीदी की रसोई' के समान प्रेरणा कैंटीन को स्कूलों के साथ-साथ औद्योगिक क्षेत्रों में भी विस्तारित किया जाए। उन्होंने विभिन्न विभागीय योजनाओं के साथ समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया। बैठक में यूपीएसआरएलएम की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि अब तक 17.09 लाख महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। 7 लाख 17 हजार स्वयं सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फंड दिया गया है। 5 लाख 74 हजार एसएचजी को सामुदायिक निवेश निधि दी गई। 7 लाख 26 हजार को बैंक ऋण उपलब्ध कराया गया। 49,800 दीदियों को एकीकृत कृषि क्लस्टर (आईएफसी) से जोड़ा जा रहा है।

## धर्म दर्शन

### 21वीं सदी पर भी थी कबीर की दृष्टि

समाजसुधारक संत कवि कबीर जन्मे थे तो 16 शताब्दी में लेकिन उनकी नजर थी 21वीं सदी पर भी थी। जब वे दोहा 'कबीरा खड़ा बाजार में मांगे सब की खैर, ना काहू से दोस्ती नहिं किसी से बैर' लिख रहे थे तो वे जानते थे कि अर्थवादी और भौतिकता के चलते समाज में संवेदनशून्यता की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी और पूरी दुनियां अर्थ की होड़ में गुटों में विभक्त हो जाएगी तब भारी संकटों के कारण गुट निरपेक्ष आन्दोलन के बिना लोक कल्याण नहीं होगा। कबीर की यह पंक्तियां संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका की ओर इशारा करती हैं कि कोई ऐसा व्यक्ति या संगठन हो जो मानव-कल्याण को महत्ता दे। प्रकारांतर से कबीर अपनी स्थिति 'ना काहु से दोस्ती ना काहु से बैर' के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र संघ की निरपेक्षता पर जोर देते है ताकि कहीं ऐसा न हो कि भौतिकता की होड़ में मनुष्य जानवर बन जाए। कबीर के एक दूसरे दोहे 'सांई से सब होत है बंदे ते कछु नाहिं, राई से पर्वत करे पर्वत राई माहि' में भी वे सांई शब्द प्रयोग करते हुए व्यक्ति में आदर्शो एवं संस्कारों की विशिष्टता का एहसास करा रहे है क्योंकि संरक्षण देने वाला ही सांई (मालिक) हो सकता है जबकि वंदे शब्द के माध्यम से निरन्तर वन्दगी, जी-हुजूरी, खुशामदी तथा दूसरों के बल पर जीवन जीने वालों से किसी उपलब्धि की आशा नहीं की जा सकती। इस दोहे में कबीर के वनस्पतिशास्त्र का ज्ञाता होना भी झलकता है। कबीर 'वंदा' नाम के उस पेड़ से परिचित दिखते है जो परजीवी है और आसपास के पेड़ों का खुराक लेकर बढ़ता है। यहां कबीर दूसरों का हक छीनने की कोशिशों पर कटाक्ष कर रहे हैं।



सलिल पांडेय
वरिष्ठ लेखक

इस तरह के लोग ठाठ-बाट से भले जीते हैं पर समाज मे कुछ ऐसा बड़ा या नया काम नहीं कर सकते कि जमाना उनके पीछे चले या उन्हें लंबे दिनों तक याद करे। इसी दोहे में आगे कबीर का आधुनिक हाईटेक दुनियां का अनुमान शत प्रतिशत खरा है। हाईटेक युग मे राई जैसे पेन ड्राइव (चिप) में विशाल दुनियां के साथ अंतरिक्ष तक को समेट लेने की तकनीक सामने है। संत कबीर का भौतिकता पर भी कटाक्ष इस दोहे के जरिए देखा जा सकता है जिसमें वे लिखते है कि 'काकर पाथर जोड़ के मस्जिद दई बनाय, ता चढ़ी मुल्ला बाग दे, क्या बहरा हुआ खुदाय'। यहां भौतिकता (आलीशान पत्थर के भवनों) के बल पर सम्मान पाने की कोशिशों पर व्यंग्य परिलक्षित होता है। मानवीय गुणों से हीन व्यक्ति येन-केन-प्रकारेण धन कमाकर और भौतिक उपकरणों के बल पर श्रेष्ठ बन रहा है। संत कवियों में गोस्वामी तुलसीदास ने भी रामचरित मानस में अनेक प्रसंगों में इस तरह की प्रवृत्तियों को रेखांकित किया है। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि सन्त कबीर ने अपने तीसरे नेत्र से आने वाले समय को देख लिया था। जाहिर है कि कबीर सचाई के बल पर जीवन मे तप किया जिसके चलते वें भगवान शंकर की तरह त्रिनेत्रधारी हो गए।

## वर्ग पहेली- 457

**बाएं से दाएं**

4. कैंसर जैसी एक खतरनाक बीमारी, संकटार्बुद।
5. उत्तम या प्रसिद्ध कुल में उत्पन्न, ख़ानदानी, अभिजात।, 1. किसी प्रसिद्ध कुल का व्यक्ति 2. उत्तम नस्ल का पशु।
6. 1. बांस या डंडों से बनाई गई वह आयताकार सीढ़ी या तख़्ती जिसपर शव को अंत्येष्टि क्रिया के लिए श्मशान ले जाया जाता है, टिकठी, शवयान 2. अंतशय्या, रत्थी, रक्षी।
7. 1. तृषालु, तृषा से युक्त, जिसमें कामना हो 2. प्यासा, पिपासु।
8. एक प्रत्यय जो शब्दों में लगकर अर्थों में अग्रलिखित विशेषताएं लाता है, 1. आगे या सामने की ओर, जैसे- अभिमुख 2. मात्रा या मान का आधिक्य, जैसे- अभिमान 3. भली प्रकार से, जैसे- अभिभाषण, अधोवायु

**ऊपर से नीचे**

1. मुंह लगभग बंद करके उच्चरित ध्वनि जिसका आशय असहमति या इनकार सूचक होता है।
2. भवसागर से पार कराने वाला (ईश्वर), उद्धार।
3. धनुष।
4. 1. वह ज़मीन जो सालाना देने के हिसाब से ली जाती है 2. वह निश्चित राशि जो नाई, बढ़ई आदि को उनके काम के बदले मज़दूरी के रूप में प्रति वर्ष दी जाती है
6. 1. किसी वस्तु का वह भाग जहां उसकी लंबाई या चौड़ाई समाप्त होती है, किनारा, सिरा 2. वह स्थान जहां से कोई वस्तु मुड़ती है, मोड़ 3. विवर, छेद।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | ■ | 2 | ■ | 3 |
| | ■ | 4 | | | |
| ■ | 5 | | | ■ | |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | 6 | | | ■ |
| 7 | | | | ■ | ■ |
| ■ | ■ | | ■ | 8 | |

### वर्ग पहेली -456 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ध | ग | ड़ी | ■ | ■ | 2 गों |
| रा | ■ | ■ | 3 ज़ो | ■ | द |
| लुं | ■ | 4 फ़ॉ | र | मू | ला |
| ठि | ■ | ■ | दा | ■ | ■ |
| त | ■ | 5 अ | र | का | न |
| ■ | ■ | ज़ा | ■ | ■ | ■ |
| 6 लं | घ | न | ट | ■ | ■ |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 जून, मंगलवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी-11.35 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अनुराधा 06.02 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

**मेष:** आज विवादों से दूर रहें वरना आपकी छवि खराब हो सकती है। अपनी गलतियों को स्वीकार कर उसमें सुधार कर लेना हितकर होगा। स्वार्थी प्रवृत्ति के मित्रों के कारण आपको परेशानी होगी। आज यात्रा करने से बचें। जीवनसाथी की सेहत कुछ खराब हो सकती है।

**वृष:** आज परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहने वाला है। घरेलू उलझनों से आपको छुटकारा मिलेगा। योजनाबद्ध तरीके से आप सभी काम करेंगे। व्यवसाय में आपको अचानक धन लाभ प्राप्त होगा। किसी बड़े प्रोजेक्ट की शुरुआत करने के लिए दिन उत्तम है।

**मिथुन:** आज आपकी कार्यशैली से लोग बहुत प्रसन्न रहेंगे। लंबे समय से चली आ रही कोई समस्या दूर होगी। काम की अधिकता के बावजूद आप अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। अपने सहकर्मियों पर विश्वास बनाये रखें। नई जॉब के ऑफर मिलने के योग बन रहे हैं।

**कर्क:** आज अपनी योग्यता को सिद्ध करने के अवसर मिलेंगे। लेकिन आप अपनी लापरवाही से उन अवसरों को खो सकते हैं। प्रेम संबंधों को लेकर आज थोड़ा गंभीरता दिखाना आवश्यक है। व्यर्थ की यात्राओं में आपका समय व्यर्थ हो सकता है।

**सिंह:** आज आप दिखावे में अधिक धन खर्च कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आप जल्दी में काम समेटने की कोशिश कर सकते हैं। अधिकारी वर्ग आपके प्रति सम्मान का भाव रखेगा। भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। शुभचिन्तकों का निरादर न करें।

**कन्या:** आज किसी मांगलिक कार्यक्रम की रूपरेखा बन सकती है। व्यवसाय में आपको बड़ा धन लाभ होगा। बेरोजगार लोगों को नई जॉब मिल सकती है। इसके कारण आपके आत्मविश्वास में अत्यन्त वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को कठिन समस्याओं का हल मिलेगा।

**तुला:** आज कार्यस्थल में आपकी व्यस्तता बढ़ सकती है। करियर को लेकर योजना बनाने के लिए बुजुर्गों से सलाह ले सकते हैं। आज आप गृहकार्यों में अत्यन्त व्यस्त रहेंगे। व्यवसाय में कुछ रुकावटों का सामना करना पड़ेगा।

**वृश्चिक:** आज आप लगन और उत्साह से काम करेंगे। गूढ़ विद्याओं में आप रुचि लेंगे। कार्यक्षेत्र में आप अनुशासन का अत्यधिक ध्यान रखेंगे। पार्टनरशिप संबंधी कार्यों में आपको लाभ मिलेगा। मानसिक शान्ति के लिए आप कुछ समय अकेले में बिताना चाहेंगे।

**धनु:** आज किसी रिश्तेदार को लेकर परेशान हो सकते हैं। दांपत्य संबंधों में किसी कारण झगड़ा हो सकता है। बच्चों को सिरदर्द की समस्या हो सकती है। महिलाओं को मासिक धर्म संबंधी समस्या होने की संभावना है। आज आपके खर्चों में वृद्धि होगी।

**मकर:** आज शेयर मार्केट से आपको बड़ा धन लाभ प्राप्त हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। आपकी मनोकामना की पूर्ति होगी। प्रिय मित्रों के साथ आप समय बिताना चाहेंगे। धन का लेन-देन सावधानी पूर्वक करें।

**कुंभ:** आज आपको अपने आत्मसम्मान की चिंता रहेगी। तकनीक संबंधी कार्यों में आपको धन लाभ मिलेगा। लंबी दूरी की यात्रा करने के योग बन रहे हैं। नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। अपनी रुचि के अनुसार काम करने से आपको लाभ होगा।

**मीन:** आज व्यवसाय में आपको बड़ा धन लाभ हो सकता है। मित्रों के माध्यम से आपको शुभ सूचना मिल सकती है। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में शानदार परिणाम मिलेंगे। गैरकानूनी कार्यों से आपको दूर रहना चाहिए। आज वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं।

## सुडोकू -4

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 3 | | | 2 | | |
| 4 | | 5 | | | | 6 | | 3 |
| | | | 8 | 9 | | | | 5 |
| 8 | | 1 | | | 3 | 5 | 2 | 4 |
| | | | | | | | | |
| 9 | 2 | 4 | 5 | | | 8 | | 7 |
| 1 | | | | 4 | 5 | | | |
| 7 | | 6 | | | | 3 | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 1 | |

### सुडोकू - 3 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 2 | 6 | 9 |
| 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 4 | 7 | 8 | 5 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 | 6 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 1 | 6 | 2 | 9 | 8 | 5 | 7 |
| 6 | 9 | 2 | 5 | 7 | 8 | 3 | 4 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 9 | 4 | 3 | 5 | 2 | 6 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 5 | 2 | 1 | 3 | 8 |
| 5 | 2 | 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 4 |

# सरकार को 8,076.84 करोड़ का दिया लाभांश

## एसबीआई के चेयरमैन ने वित्त मंत्री को सौंपा चेक

नई दिल्ली, एजेंसी



देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सोमवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सरकार को 8,076.84 करोड़ रुपये का लाभांश दिया। एसबीआई के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लाभांश का चेक दिया।

इस मौके पर वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू और वित्त सचिव अजय सेठ भी थे। वित्त मंत्री के कार्यालय ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, निर्मला सीतारमण को भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन सी एस शेट्टी से वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 8076.84 करोड़ रुपये का लाभांश चेक मिला। एसबीआई ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 15.90 रुपये प्रति शेयर का लाभांश घोषित किया था। बैंक ने पिछले साल सरकार को 6,959.29 करोड़ रुपये का लाभांश दिया था। एसबीआई ने 2024-25 के दौरान 70,901 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड शुद्ध लाभ कमाया, जबकि इससे पिछले साल यह आंकड़ा 61,077 करोड़ रुपये था।

### सीतारमण ने एसपीएमसीआईएल को जल्द नवरत्न का दर्जा मिलने की जताई उम्मीद

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को भारतीय प्रतिभूति मुद्रण एवं मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड (एसपीएमसीआईएल) के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि यह जल्द ही नवरत्न कंपनी बन जाएगी। एसपीएमसीआईएल इस समय वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में है और इसे भारत सरकार की अनुसूची 'ए' के तहत मिनीरत्न श्रेणी-1 कंपनी का दर्जा मिला हुआ है। सरकार कुछ पूर्व-निर्धारित मानदंडों के आधार पर केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) को महारत्न, नवरत्न और मिनीरत्न का दर्जा देती है। इसमें लाभ का पिछला रिकॉर्ड और कुल संपत्ति जैसे वित्तीय मानक शामिल हैं। वित्त मंत्री ने एसपीएमसीआईएल के कॉरपोरेट कार्यालय का उद्घाटन करते हुए उसके प्रदर्शन की सराहना की। सार्वजनिक उपक्रम मुद्रा नोटों की छपाई, प्रचलन के लिए सिक्कों की ढलाई और स्मारक सिक्के की ढलाई का काम करता है। इस अवसर पर सीतारमण ने उम्मीद जताई कि एसपीएमसीआईएल अपने वित्तीय प्रदर्शन के आधार पर नवरत्न का दर्जा भी हासिल करेगी। सीतारमण ने कहा कि 2015 में अपनी पूंजी पुनर्गठन के बाद कंपनी ने 2016-17 तक ब्याज सहित अपना पूरा ऋण चुका दिया और मजबूत प्रतिफल देना जारी रखा। वित्त वर्ष 2023-24 में इसने 364 करोड़ रुपये का लाभांश दिया, जबकि पिछले साल इसने 534 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड लाभांश दिया था। वित्त मंत्री ने कहा कि निगम ने सीमा शुल्क विभाग द्वारा जब्त किए गए सोने से लगभग 3.4 टन परिष्कृत सोना भारतीय रिजर्व बैंक को दिया।

# चीन का अमेरिका को निर्यात 35% घटा, अर्थव्यवस्था पर बढ़ा दबाव

बीजिंग, एजेंसी

चीन का अमेरिका को निर्यात मई माह में एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 35 प्रतिशत घटा है। सीमा शुल्क विभाग के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इससे दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ गया है, क्योंकि अमेरिका से व्यापार वार्ता का नया दौर सोमवार को लंदन में शुरू होने वाला है।

पिछले महीने चीन के कुल निर्यात में 4.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो उम्मीद से कम है। अप्रैल में सालाना आधार पर चीन का निर्यात 8.1 प्रतिशत बढ़ा था। मई में चीन का आयात 3.4 प्रतिशत घट गया। इससे चीन का व्यापार अधिशेष 103.2 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। चीन ने मई में



- सीमा शुल्क विभाग के आंकड़ों से मिली जानकारी, उम्मीद से कम हुई निर्यात वृद्धि

अमेरिका को 28.8 अरब अमेरिकी डॉलर का निर्यात किया, जबकि एक साल पहले यह आंकड़ा 44 अरब अमेरिकी डॉलर था। सीमा शुल्क विभाग की रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका से इसका आयात घटकर 10.8 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया है। इसके बावजूद दक्षिण-पूर्व एशिया और यूरोपीय संघ को निर्यात मजबूत रहा, और इसमें सालाना आधार पर क्रमशः 14.8 प्रतिशत और 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई। थाइलैंड, वियतनाम और इंडोनेशिया को निर्यात में तेजी से वृद्धि हुई। जर्मनी को निर्यात 12 प्रतिशत से अधिक बढ़ गया।

आईएनजी इकनॉमिक्स की लिन सॉन्ग ने एक टिप्पणी में कहा, अन्य अर्थव्यवस्थाओं को निर्यात में तेजी ने व्यापार युद्ध के बावजूद चीन के निर्यात को अपेक्षाकृत तेजी से बढ़ने में मदद की है। कई कंपनियों ने ऊंचे शुल्क से बचने के लिए साल की शुरुआत में ऑर्डर दिए थे। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुल्क में भारी बढ़ोतरी को टालने के लिए चीन के साथ एक समझौता किया है।

# बैंक शेयरों में बढ़त से सेंसेक्स 256 अंक मजबूत, निफ्टी 100 अंक चढ़ा

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 256 अंक के लाभ में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 100 अंक चढ़ गया। वैश्विक बाजारों में तेजी और आरबीआई के रेपो दर में 0.5 प्रतिशत की बड़ी कटौती के बाद निवेशकों की धारणा में सुधार से बाजार बढ़त में रहा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 256.22 अंक यानी 0.31 प्रतिशत की तेजी के साथ 82,445.21 अंक पर बंद हुआ। मुख्य रूप से बैंक शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। कारोबार के दौरान एक समय यह 480.01 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 100.15 अंक यानी 0.40 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,103.20 अंक पर बंद हुआ।

### सेबी का शोध विश्लेषक संबंधी एफएक्यू पर परामर्श पत्र जारी

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने शोध विश्लेषकों से संबंधित मानकों में किए गए हाल के संशोधन को लेकर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू) में कुछ नए बिंदुओं को शामिल करने का सोमवार को प्रस्ताव रखा। इस का उद्देश्य लोगों की प्रतिक्रिया जानना और सवाल-जवाब के प्रारूप में शोध विश्लेषक पर लागू विभिन्न प्रावधानों पर अधिक स्पष्टता लाना है। सेबी (शोध विश्लेषक) विनियमन, 2014 शुरू में नौ दिसंबर, 2014 को प्रकाशित एफएक्यू से समर्थित था। लेकिन हाल ही में समीक्षा के बाद सेबी ने दिसंबर 2024 में सेबी (शोध विश्लेषक तीसरा संशोधन) विनियम, 2024 को अधिसूचित किया। इन बदलावों को सुविधाजनक बनाने के लिए बाजार नियामक ने जनवरी 2025 में एक परिपत्र भी जारी किया, जिसमें शोध विश्लेषक के लिए अद्यतन दिशानिर्देशों का विवरण दिया गया था। नियामक ने मसौदा परिपत्र पर 30 जून तक सार्वजनिक टिप्पणियां आमंत्रित की हैं।

## चार यूरोपीय देशों के समूह से व्यापार समझौता सितंबर तक

**बर्न।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि भारत और चार देशों के यूरोपीय समूह ईएफटीए के बीच एफटीए इस साल सितंबर से लागू होने की संभावना है। दोनों पक्षों ने 10 मार्च, 2024 को व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।



इसके तहत भारत को इस समूह से 15 वर्षों में 100 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धता मिली है जबकि स्विस घड़ियों, चॉकलेट और कटे एवं पॉलिश किए गए हीरे जैसे कई उत्पादों को कम या शून्य शुल्क पर अनुमति होगी। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य देशों में आइसलैंड, लिश्टेंसटाइन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड शामिल हैं। गोयल ने यहां संवाददाताओं से ईएफटीए के साथ व्यापार समझौते पर कहा, यह सितंबर तक लागू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस समझौते को सभी चार देशों की संसदों से मंजूरी मिल गई है। हालांकि स्विट्जरलैंड में इस पर 10 जुलाई तक आपत्ति की जा सकती है।

# सुपर बिल्ट अप व कार्पेट एरिया में बढ़ा फासला

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रमुख शहरों की आवासीय परियोजनाओं में साझा सुविधाएं मुहैया कराने के नाम पर बिल्डरों ने औसत लोडिंग को 40 प्रतिशत तक पहुंचा दिया है जिससे पिछले कुछ वर्षों में फ्लैट के भीतर इस्तेमाल लायक जगह काफी कम हो गई है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। किसी आवासीय परियोजना में साझा सुविधाओं के लिए इस्तेमाल हुई जमीन को भी जोड़कर फ्लैट की बिक्री की जाती है।

इस संपूर्ण क्षेत्रफल को सुपर बिल्टअप एरिया कहा जाता है जबकि फ्लैट के भीतर की जगह कार्पेट एरिया कही जाती है। इन दोनों के बीच के अंतर पर लोडिंग अनुपात कहा जाता है। रियल एस्टेट सलाहकार फर्म एनारॉक के मुताबिक, वर्ष 2019 में औसत लोडिंग अनुपात 31 प्रतिशत था लेकिन जनवरी-मार्च 2025 की



- आवासीय परियोजनाओं में साझा सुविधाएं मुहैया कराने के नाम पर बिल्डरों ने औसत लोडिंग को 40%तक पहुंचाया

तिमाही में यह बढ़कर 40 प्रतिशत पर पहुंच गया। फ्लैट मालिकों को अब रहने लायक कम जगह मिल रही है और वे साझा सुविधाओं के नाम पर अधिक पैसे चुका रहे हैं। ग्रुप के क्षेत्रीय निदेशक व प्रमुख प्रशांत ठाकुर ने कहा, हालांकि नियामक रेरा के तहत अब डेवलपरों के लिए घर खरीदने वालों को दिए जाने वाले कुल कार्पेट एरिया का उल्लेख करना जरूरी है लेकिन कानून में परियोजनाओं के लोडिंग फैक्टर को सीमित नहीं किया गया है।

### लंदन टेक वीक में 350 से अधिक भारतीय कंपनियां शामिल

**लंदन।** सोमवार को शुरू हुए लंदन टेक वीक में 350 से अधिक भारतीय प्रौद्योगिकी कंपनियां शामिल हुईं, जो इस आयोजन में देश का अब तक का सबसे बड़ा प्रतिनिधिमंडल है। इन कंपनियों में द ब्लैक बॉक्स, डिजी ऑस्मोसिस, बहवान साइबरटेक, आर्य डॉट एआई, एमफैसिस, हेलिओस बैटरीज, फाइंड, हाइपररेडी, मनीहॉप और सियाम कंप्यूटिंग शामिल हैं। लंदन के मेयर कार्यालय ने भारतीय भागीदारी में वृद्धि को भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हाल ही में हस्ताक्षर किए जाने के बाद दोनों देशों के तकनीकी परिवेश के बीच मजबूती का उदाहरण बताया। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने लंदन टेक वीक में 'एक्सट्रैक्ट' को पेश करने की घोषणा की थी।

## राष्ट्रीय

# मशाल जुलूस निकाल सरकारी इमारत फूंकी

## मणिपुर में प्रदर्शनकारियों का विरोध प्रदर्शन जारी, सुरक्षाबलों से हुई झड़प, पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे

मणिपुर, एजेंसी

मणिपुर में मेइती संगठन के एक नेता और चार अन्य की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन जारी है। पुलिस ने बताया कि रविवार रात को प्रदर्शनकारियों ने निषेधाज्ञा का उल्लंघन करते हुए मशाल जुलूस निकाले, एक सरकारी इमारत में आग लगा दी और सुरक्षा बलों से उनकी झड़प हुई।

एक अधिकारी ने बताया कि इंफाल पश्चिम जिले के क्वाकेइथेल और सिंगजमै क्षेत्र में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा कर्मियों के बीच झड़पें हुईं, जिसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और रबर की गोलियां चलाईं। उन्होंने बताया कि इंफाल पूर्व जिले के याइरीपोक तुलिहाल स्थित उप-विभागीय कलेक्टर (एसडीसी) कार्यालय में आग लगा दी गई, जिससे इमारत को आंशिक नुकसान पहुंचा और आधिकारिक दस्तावेज जल गए। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आगजनी करने वालों की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी है और क्षेत्र में कोई और अप्रिय घटना ना हो, इसके लिए इलाके में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर दी गई है। प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा बलों की आवाजाही को रोकने के लिए इंफाल पश्चिम जिले के सेकमई और कोइरेंगी क्षेत्रों में सड़कों पर मिट्टी के ढेर लगा दिए। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने इंफाल पूर्व जिले के वांगखेई, याइरीपोक और खुरई में सड़कों के बीच टायर जलाए और सुरक्षा बलों के साथ उनकी झड़प हुई जिसके बाद उन्हें तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। सोमवार सुबह इंफाल के कई इलाकों में सड़कों पर जले हुए टायर और धुआं उठता देखा गया। स्थिति लगातार तनावपूर्ण बनी हुई है। प्रदर्शनकारी कई सड़कों को बांस की बल्लियों से बंद कर रहे हैं।



प्रदर्शनकारियों के उपद्रव के बाद इंफाल में तैनात किया गया सुरक्षाबल।

हालांकि, सुरक्षा बलों ने कई अवरोधों को, विशेष रूप से इंफाल हवाई अड्डे की ओर जाने वाली तिद्दिम रोड पर लगे अवरोधकों को हटा दिया है। महिला समूहों ने भी प्रदर्शन में भाग लिया और खुरई में मशाल जुलूस निकालकर राज्य में सरकार के तत्काल गठन की मांग की। मणिपुर में अभी राष्ट्रपति शासन लागू है। मेइती संगठन अरामबाई तेंगगोल के नेता कानन सिंह और चार अन्य की गिरफ्तारी को लेकर शनिवार से मणिपुर में प्रदर्शन जारी है।

### पूर्व हेड कांस्टेबल कानन को मार्च में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था : पुलिस

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने कहा कि सीबीआई द्वारा एक दिन पहले गिरफ्तार किया गया अशेम कानन सिंह राज्य पुलिस में हेड कांस्टेबल था और आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता के कारण उसे मार्च में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। सीबीआई ने मणिपुर में 2023 में हुई हिंसा से संबंधित विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में कथित संलिप्तता के लिए रविवार को मेइती संगठन अरामबाई तेंगगोल (एटी) के सदस्य कानन सिंह को गिरफ्तार किया है। अशेम कानन सिंह (46) को सीबीआई ने इंफाल में गिरफ्तार किया।

# पिछले 11 साल देश के लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था और सामाजिक तानेबाने पर हुआ हमला : खरगे

- कहा-सरकार ने संविधान के हर पन्ने पर तानाशाही की स्याही पोती

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने पिछले 11 साल में देश के लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने को गहरा आघात पहुंचाया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि सरकार ने इन 11 सालों में संविधान के हर पन्ने पर सिर्फ तानाशाही की स्याही पोती है।

उन्होंने कहा, भाजपा-आरएसएस ने हर संवैधानिक संस्था को कमजोर किया है व उनकी स्वायत्तता पर हमला किया है। चाहे जनमत के



खिलाफ जाकर पिछले दरवाजे से सरकारें गिराना हो या जबरन एक दलीय तानाशाही लागू करना हो, इस दौरान राज्यों के अधिकारों की अनदेखी की गई है और संघीय ढांचा कमजोर हुआ है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि लगातार घृणा, धमकी व भय का माहौल फैलाने की कोशिश की जा रही है। दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और कमजोर वर्गों का शोषण लगातार बढ़ा है।

### वर्तमान की बात करना छोड़ अब 2047 के सपने बेच रही है सरकार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 साल में कोई जवाबदेही नहीं बल्कि सिर्फ प्रचार हुआ है। उन्होंने कहा, भाजपा नीत केंद्र सरकार वर्तमान के बारे में बात करना छोड़ अब 2047 के सपने बेच रही है। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में भीड़भाड़ वाली लोकल ट्रेन से गिरकर चार यात्रियों की मौत और नौ के घायल होने की घटना के बाद राहुल गांधी ने सरकार पर यह हमला किया है।

### सबसे बड़ा जहाज




दुनिया के सबसे बड़े कंटेनर जहाज एमएससी इरिना को केरल के तिरुवनंतपुरम में विझिनजाम इंटरनेशनल सीपोर्ट लिमिटेड पर पहुंचने पर पानी की बौछारों से सलामी दी गई। एजेंसी

## बहराइच में अवैध रूप से बनाई गई मजार पर चला बुलडोजर

**बहराइच।** जिले के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग की मुर्तिहा रेंज के घने जंगल में बनी लक्कड़ शाह व उनके तीन शागिर्दों की मजार को वन विभाग ने रात के अंधेरे बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया। डीएफओ ने कहा, दरगाह प्रबन्धन स्वामित्व के कोई सबूत पेश नहीं कर सका। संरक्षित कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के मुर्तिहा वन रेंज के बीट संख्या 20 के कक्ष संख्या 13 व 14 में बनी लक्कड़ शाह की मजार को विस्तार देकर कई मजारें भी तामीर कराकर विस्तृत क्षेत्र में दरगाह का निर्माण कराया गया था।

## एक नजर

### उत्तराखंड में हेलीकॉप्टर सेवाओं के ऑडिट का आदेश दिया

**मुंबई।** डीजीसीए ने चार धाम यात्रा के दौरान हेलीकॉप्टरों से जुड़ी एक के बाद एक घटनाओं को देखते हुए उत्तराखंड में शटल सेवाओं में शामिल हेलीकॉप्टर परिचालनों की विशेष ऑडिट/बढ़ी हुई निगरानी के आदेश दिए हैं। इसमें कहा गया है कि एहतियाती उपाय के तौर पर डीजीसीए आवश्यकता पड़ने पर चार धाम के लिए हेलीकॉप्टर परिचालन में कटौती की आवश्यकता की भी समीक्षा कर रहा है।

### पटना में महिला और उसकी पुत्री की गोली मारकर हत्या

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के आलमगंज इलाके में सोमवार को अज्ञात हमलावरों द्वारा कथित तौर पर की गई गोलीबारी में एक महिला और उसकी बेटी की मौत हो गई। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान नालंदा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की सेवानिवृत्त नर्स महालक्ष्मी और उनकी बेटी संथाली के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि महिला के पति धनंजय भी गोलीबारी में घायल हुए हैं और उनका अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

## भड़काऊ भाषण मामले में फरार वजाहत कोलकाता से गिरफ्तार

**कोलकाता।** सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली द्वारा सांप्रदायिक टिप्पणियों वाला वीडियो अपलोड करने के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने वाले और भड़काऊ भाषण देने के मामले में फरार चल रहे वजाहत खान को कोलकाता पुलिस ने सोमवार शाम गिरफ्तार कर लिया। खान को आमहर्स्ट स्ट्रीट इलाके में एक फ्लैट से पकड़ा गया, जहां वह छिपा हुआ था। खान पर धर्म, नस्ल आदि के आधार पर विभिन्न समुदायों के बीच वैमनस्यता फैलाने, धर्म का अपमान करने या अपमान का प्रयास करने से जुड़ी धाराएं शामिल हैं।

## जासूसी मामला: पंजाब के यूट्यूबर जसबीर को न्यायिक हिरासत में भेजा

**चंडीगढ़।** मोहाली की एक अदालत ने जासूसी के आरोप में गिरफ्तार पंजाब के यूट्यूबर जसबीर सिंह को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दो दिन की पुलिस रिमांड पूरी होने के बाद सिंह को अदालत में पेश किया गया था।

चार जून को गिरफ्तारी के बाद उसे तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया था जिसे बाद में दो दिन के लिए बढ़ा दिया गया था। सिंह के वकील मोहित धूपर ने कहा कि उसे 23 जून को फिर से अदालत में पेश किया जाएगा। रूपनगर जिले के महलान गांव का रहने वाला जसबीर सिंह उर्फ जान महल (41) एक यूट्यूब चैनल जान महल वीडियो चलाता था जिसके 11 लाख से अधिक सब्सक्राइबर्स हैं। वह यात्रा और खाना पकाने के वीडियो ब्लॉग पोस्ट करता था। सिंह पर पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में न्यायिक हिरासत में भेजी गयी हरियाणा की इंफ्लुएंसर ज्योति मल्होत्रा के साथ निकट संपर्क में होने का आरोप है।

# बेंगलुरु भगदड़ पर आरसीबी अधिकारी ने कोर्ट में दावा किया, मुख्यमंत्री के निर्देश पर हुई गिरफ्तारी

- हाईकोर्ट ने आरसीबी के विपणन प्रमुख निखिल को नहीं दी अंतरिम राहत, आज फिर होगी सुनवाई

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक हाईकोर्ट ने सोमवार को आरसीबी के विपणन प्रमुख निखिल सोसले को अंतरिम राहत नहीं दी तथा मामले की सुनवाई मंगलवार के लिए स्थगित कर दी। सोसले को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास हुई भगदड़ के सिलसिले में 6 जून को गिरफ्तार किया गया था।

हाईकोर्ट ने पुलिस को आरसीबी और इवेंट पार्टनर डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों के खिलाफ 12 जून तक कोई भी दंडात्मक कार्रवाई करने से रोक दिया और मामले की अगली सुनवाई उसी दिन तय कर दी। अपनी याचिका में सोसले ने कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री के निर्देश पर गिरफ्तार किया गया था। आरसीबी और डीएनए ने चार जून को आरसीबी के आईपीएल जीतने के जश्न के दौरान हुई भगदड़ के संबंध में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

### अनावश्यक गिरफ्तारियों के खिलाफ सरकार को चेतावनी

न्यायाधीश ने राज्य सरकार को अनावश्यक गिरफ्तारियों के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा, यह भद्र लोगों में आम समझ है - जब तक हम मामले को अपने हाथ में नहीं ले लेते, तब तक कुछ भी मत कीजिए। सोमवार को सोसले के वकील ने अदालत के समक्ष दलील दी कि केंद्रीय अपराध शाखा के अधिकारियों ने आरसीबी अधिकारी को इसलिए गिरफ्तार किया क्योंकि मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने उनकी गिरफ्तारी का आदेश दिया था। आरसीबी के अधिकारी को बेंगलुरु हवाई अड्डे पर उस समय गिरफ्तार कर लिया गया जब वह दुबई जा रहे थे।

## निर्वाचन आयोग हरियाणा-महाराष्ट्र की मतदाता सूची से जुड़ा डेटा कब तक सौंपेगा : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हरियाणा और महाराष्ट्र की मतदाता सूची से जुड़े डेटा साझा करने संबंधी निर्वाचन आयोग के कथित फैसले की सोमवार को सराहना करते हुए इसे पहला अच्छा कदम करार दिया। उन्होंने आयोग से अनुरोध किया कि वह उस तारीख का ऐलान करे, जब डिजिटल और 'मशीन द्वारा पठनीय' प्रारूप में डेटा सौंपा जाएगा।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने मीडिया की एक खबर का 'स्क्रीनशॉट' साझा किया, जिसमें दावा किया गया है कि निर्वाचन आयोग ने वर्ष 2009 से 2024 तक हरियाणा और महाराष्ट्र के लिए मतदाता सूची का डेटा साझा करने का रास्ता साफ कर दिया है। इसमें कहा गया है कि निर्वाचन आयोग ने इससे पहले इस साल की शुरुआत में दिल्ली उच्च न्यायालय को इस संबंध में आश्वासन दिया था।

# अगस्ता वेस्टलैंड : मिशेल की सुरक्षा रिपोर्ट गायब, कोर्ट ने कहा- गंभीर चिंता का विषय

नई दिल्ली, एजेंसी

- तिहाड़ जेल प्रशासन को रिपोर्ट पेश करने का आदेश, मिशेल ने जान से मारने की साजिश का आरोप लगाया

दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को कहा कि जेल में बंद अगस्ता वेस्टलैंड मामले के आरोपी क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की सुरक्षा पहलू से जुड़ी जांच फाइल का गायब होना गंभीर चिंता का विषय है। अदालत ने तिहाड़ जेल के अधिकारियों को फाइल ढूंढने का निर्देश दिया। विशेष न्यायाधीश संजय जिंदल ने तिहाड़ जेल अधिकारियों को 7 जुलाई तक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया, क्योंकि उन्हें बताया गया कि अदालत द्वारा मांगी गई मूल रिपोर्ट काफी प्रयासों के बावजूद भी नहीं मिल सकी है।

अदालत ने कहा, अभियुक्तों द्वारा उठाए गए मुद्दों की गंभीरता और जेम्स की शिकायत पर हाल की सुनवाई के दौरान रिकॉर्ड पर आए तथ्यों को देखते हुए, यह गंभीर चिंता का विषय है कि जांच की केस फाइल, जिसके आधार पर 29 अगस्त, 2019 की रिपोर्ट दी गई थी, का पता नहीं चल पा रहा है। न्यायाधीश ने कहा, तिहाड़ जेल के महानिदेशक (कारागार) को उपरोक्त जांच फाइल का पता लगाने और उसे पेश करने के लिए कहा जाए और यदि केस फाइल का अब भी पता नहीं लगता है, तो अगली सुनवाई की तारीख पर जांच फाइल के पता न चलने के तथ्यों और परिस्थितियों के बारे में एक रिपोर्ट प्रस्तुत करें। अदालत ने स्पष्ट किया कि जेम्स की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय किए जाएंगे।



शुभमन गिल। (फाइल फोटो)

# भारत को इंग्लैंड में हालात के अनुकूल ढलना होगा

## पूर्व क्रिकेटरों ने टेस्ट सीरीज में अच्छे प्रदर्शन के लिए दी सलाह, रोहित व विराट के संन्यास के बाद शुभमन पर बड़ी जिम्मेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व क्रिकेटरों ने सोमवार को शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम को इंग्लैंड में कामयाबी के लिए हालात के अनुकूल ढलने की सलाह दी। वहीं माइकल वॉन का मानना है कि पांच टेस्ट मैचों की यह श्रृंखला भारत के लिए 'कुछ खास' की शुरुआत हो सकती है। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद भारतीय क्रिकेट बदलाव के दौर से गुजर रहा है। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भी इस दौरे के लिए नहीं चुने गए हैं।

चेतेश्वर पुजारा ने कहा भारत को इंग्लैंड के हालात के अनुरूप तुरंत ढलना होगा। इंग्लैंड के हालात और टीम संयोजन को समझने के कारण मैं कह सकता हूं कि अनुशासन, संयम और एक दूसरे का सहयोग अहम होगा। उन्होंने भारत के इंग्लैंड दौरे के आधिकारिक प्रसारक सोनी स्पोटर्स से कहा हर खिलाड़ी को योगदान देना होगा और चुनौती का सम्मान करना होगा। मुझे यकीन है कि हर खिलाड़ी के विकास और सफलता के लिये यह बड़ा मौका होगा। पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा ने कहा इंग्लैंड दौरा हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है लेकिन मजेदार भी रहता है। हालात के अनुकूल ढलना अहम होगा और मुझे यकीन है कि खिलाड़ी ऐसा कर सकेंगे। गेंदबाजी में हमारे पास अनुभव और स्थिरता है। पूर्व हरफनमौला



चेतेश्वर पुजारा।



इरफान पठान।

इरफान पठान ने कहा भारत की नयी टीम के सामने इंग्लैंड की कठिन चुनौती है लेकिन एक हरफनमौला होने के नाते मैं कह सकता हूं कि हालात के अनुरूप ढलना अहम होगा। गिल की कप्तानी, पंत की ऊर्जा और भारत के युवा खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान वॉन ने कहा कि 25 वर्ष के गिल को टेस्ट कप्तान बनाना साहसिक फैसला है और यह निर्णायक साबित हो सकता है। उन्होंने कहा शुभमन गिल भारतीय टेस्ट क्रिकेट का नया चेहरा है। इंग्लैंड श्रृंखला के लिये उसे कप्तान बनाने का फैसला साहसिक है। उसे बहुत कुछ साबित करना होगा लेकिन उसने दिखा दिया है कि वह बड़े मैचों का खिलाड़ी है। ऋषभ पंत उपकप्तान है और यह टीम खुद को साबित करने के लिये बेताब है। इंग्लैंड का दौरा भारत की अगली पीढ़ी के लिए किसी खास का आगाज हो सकता है।

### ऑफ साइड के बाहर की गेंद पर जूझने के कारण कोहली ने संन्यास लिया : पनेसर

**नई दिल्ली :** पूर्व स्पिनर मोंटी पनेसर का मानना है कि ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद पर बार-बार जूझने की समस्या का संभवत: समाधान नहीं मिलने के कारण विराट कोहली ने इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। इंग्लैंड के लिए 50 टेस्ट खेलने वाले और 2012 में भारत में अपनी टीम को टेस्ट सीरीज जिताने में अहम भूमिका निभाने वाले पनेसर का मानना है कि कोहली को इंग्लैंड के अपने पिछले दौरों की तुलना में ऑफ स्टंप के आसपास घूमती गेंदों से निपटना अधिक कठिन लगता। कोहली ने 2014 के खराब दौरे के बाद 2018 में इंग्लैंड में शानदार वापसी की। वर्ष 2014 में जेम्स एंडरसन ने इस दिग्गज बल्लेबाज को काफी परेशान किया। बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर पनेसर ने पीटीआई से कहा कोहली के साथ जो हुआ है वह यह है कि ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद, पांचवें स्टंप की लाइन, विशेषकर ऑस्ट्रेलिया में तेज उछाल वाली पिचों पर वह संघर्ष कर रहे थे। उन्होंने शायद सोचा होगा कि इंग्लैंड में गेंद और ज्यादा स्विंग करेगी, उन्होंने शायद ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद पर समस्या का समाधान नहीं निकाला। शायद यही एक कारण रहा होगा कि उन्होंने संन्यास लेने और अपनी सारी ऊर्जा आरसीबी और भारत के लिए एकदिवसीय क्रिकेट में लगाने के बारे में सोचा। कोहली के पास 2018 में वापसी करने के लिए जवाब थे पर अपने करियर के इस पड़ाव पर ऐसा करना बहुत कठिन होगा।

### कोटियान और काम्बोज के अर्धशतक, मुकाबला रहा ड्रा

**नार्थम्पटन :** तनुष कोटियान (नाबाद 90) और अंशुल काम्बोज (नाबाद 51/ दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंडिया ए और इंग्लैंड लायंस के बीच खेला गया दूसरा अनौपचारिक टेस्ट चौथे दिन सोमवार को ड्रा रहा। कोटियान और काम्बोज की जोड़ी ने इंग्लैंड लायंस के गेंदबाजों की खूब परीक्षा ली और की आठवें विकेट के लिए 149 रनों की अविजित साझेदारी कर इंडिया ए के लिए 92 ओवर में सात विकेट पर 417 के स्कोर पर पारी घोषित कर दी। इंग्लैंड लायंस को जीत के लिए 439 रनों का लक्ष्य मिला। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड लायंस की शुरुआत खराब रही और उसने एक के बाद एक 26 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिये। टॉम होंज (सात), एमिलियो गे (पांच) और जार्डन क्रॉक्स (शून्य) पर आउट हुये। इंग्लैंड के 11 ओवर में तीन विकेट पर 32 रन बनाये जाने के बाद मैच को ड्रा घोषित कर दिया गया। अंशुल काम्बोज ने दो विकेट लिये और तुषार देशपांड़े ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां इंडिया ए ने कल के चार विकेट पर 163 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। इंडिया ए का पांचवां विकेट ध्रुव जुरेल (28) के रूप में गिरा। इसके बाद नीतीश कुमार रेड्डी (42), शार्दुल ठाकुर (34) रन बनाकर आउट हुए।

## खेल डायरी

### मुझे कप्तानी पसंद है, इससे जिम्मेदारी आती है : अय्यर

**मुंबई :** कोलकाता नाइट राइडर्स को पिछले साल आईपीएल खिताब दिलाने के बाद इस साल पंजाब किंग्स को फाइनल में ले जाने वाले भारत के स्टार क्रिकेटर श्रेयस अय्यर ने कहा कि उन्हें कप्तानी पसंद है क्योंकि इससे वह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाते हैं। अय्यर ने पंजाब किंग्स को आईपीएल फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते हुए 604 रन बनाये, लेकिन इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं बना सके। अय्यर ने सोबो मुंबई फाल्कंस को टी20 मुंबई लीग सेमीफाइनल में पहुंचाने के बाद कहा कप्तानी से काफी परिपक्वता और जिम्मेदारी आती है। आपसे हमेशा अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद की जाती है और आप टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ योगदान देना चाहते हैं। किसी भी तरह की विषम परिस्थिति या प्रतिकूलता में टीम कप्तान के ही पास आती है।



### मैच में अश्विन के अशिष्ट व्यवहार ने ध्यान खींचा

**कोयंबटूर :** ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपीएल) में डिंडीगुल ड्रैगन्स और आईड्रीम तिरुप्पुर तमिलियंस के बीच मैच के दौरान विवादास्पद तरीके से आउट होने के बाद मैदान पर अचानक गुस्से में आ गए। ड्रैगन्स की अगुआई कर रहे अश्विन पारी की शुरुआत करने आए और पांचवें ओवर में अश्विन स्पिनर आर साई किशोर की गेंद पर पगबाधा आउट करार दिए गए। अश्विन ने पांचवें ओवर में पैडल स्वीप खेलने की कोशिश की पर गेंद उनके पैड पर लगी। अंपायर वेंकटेशन कृतिका ने गेंदबाज की अपील पर अपनी उंगली उठाई क्योंकि अश्विन तेजी से एक लेने के लिए दौड़ रहे थे। रीप्ले से यह स्पष्ट था कि गेंद लेग स्टंप के बाहर पिच हुई थी। अश्विन डीआरएस नहीं ले सके क्योंकि उन्होंने और जोड़ीदार शिवम सिंह डीआरए ले चुके थे।

### पैराग्वे के पास ब्राजील के खिलाफ खोने के लिए कुछ नहीं है: अल्फारो

**साओ पाउलो :** पैराग्वे के मैनेजर गुस्तावो अल्फारो ने कहा है कि उनकी टीम ब्राजील के खिलाफ अपने महत्वपूर्ण विश्वकप क्वालीफायर मुकाबले में इस विश्वास के साथ उतरेगी कि खेल के सबसे बड़े मंच 'विश्वकप' में जगह बनाना उसकी पहुंच में है और उसके पास खोने के लिए कुछ नहीं है। साओ पाउलो के कोरिंथियंस एरिना में मंगलवार को होने वाले क्वालीफायर मुकाबले से पहले अल्फारो ने कहा, "यह ऐसा मैच हैं जिनमें हमारे पास जीतने के लिए सब कुछ है और हारने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा ब्राजील हमेशा एक मुश्किल प्रतिद्वंद्वी रहा है, लेकिन साथ ही हम जानते हैं कि अगर हम जीतते हैं तो हम वह हासिल कर सकते हैं जिसके लिए हम प्रयासरत रहे हैं। यह एक ऐसा सपना है जो 15 वर्षों से पूरा नहीं हुआ है। पैराग्वे, 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी समूह में 24 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है, जो चौथे स्थान पर मौजूद ब्राजील से दो अंक आगे है।

### दिल्ली ओपन में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी

**नई दिल्ली :** शीर्ष वरीयता प्राप्त एस एल नारायणन की अगुवाई में भारत के ग्रैंड मास्टर नॉर्म प्राप्त खिलाड़ियों का दिल्ली अंतरराष्ट्रीय जीएम ओपन शतरंज में सोमवार को चौथे दौर में शानदार प्रदर्शन जारी रहा। नारायणन ने वियतनाम के ग्रैंड मास्टर गुयेन डुक होआ को हराया, जबकि दिप्तायन घोष और दो अन्य घरेलू ग्रैंड मास्टर ने भी शानदार जीत दर्ज कर तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय मास्टर दिनेश शर्मा और अंतरराष्ट्रीय मास्टर हर्ष सुरेश ने भी अपने अपने मुकाबले में जीत के साथ दबदबा कायम किया है। ग्रैंड मास्टर आदित्य एस सामंत ने भी लगातार अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए खुद को खिताब की दौड़ में बनाए रखा है। दिल्ली जीएम ओपन एशिया के सबसे बड़े क्लासिकल प्रारूप के ओपन शतरंज टूर्नामेंट के रूप में वैश्विक ध्यान आकर्षित कर रहा है। इस टूर्नामेंट में 20 से अधिक देशों के 2,500 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे है।

# यानिक सिनर शीर्ष पर बरकरार

- डब्ल्यूटीए रैंकिंग में बोइसों ने 296 स्थान की लंबी छलांग लगाई

पेरिस, एजेंसी

फ्रेंच ओपन में शानदार प्रदर्शन करने वाली लोइस बोइसों सोमवार को जारी नवीनतम डब्ल्यूटीए रैंकिंग में 296 अंक की लंबी छलांग के साथ 65वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

फ्रांस की बोइसों फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से पहले 361वें स्थान पर थीं, लेकिन पिछले हफ्ते इस क्ले कोर्ट प्रतियोगिता में सेमीफाइनल में जगह बनाने की बदौलत लंबी छलांग लगाने में सफल रहीं। कोको गॉफ ने सेमीफाइनल में बोइसों को हराया और फिर अपना पहला फ्रेंच ओपन खिताब जीता।



यानिक सिनर। ● एजेंसी

डब्ल्यूटीए रैंकिंग के शीर्ष पर कोई बदलाव नहीं हुआ है। एरिना सबालेंका शीर्ष पर बरकरार हैं। गॉफ और उनकी साथी अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। सबालेंका को रोलां गैरो पर फाइनल में गॉफ के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी थी। वाइल्ड कार्ड धारक बोइसों ने तीसरी वरीय पेगुला को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी और फिर छठे नंबर की खिलाड़ी मीरा आंद्रीवा को हराया।

रोलां गैरो पर सबसे लंबे फाइनल में शीर्ष वरीय यानिक सिनर को हराकर अपने खिताब की रक्षा करने वाले कार्लोस अल्कारेज पुरुष एटीपी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर कायम हैं। इटली के सिनर फाइनल में हार के बावजूद शीर्ष पर हैं। सिनर ने अल्कारेज पर 2030 अंक की बढ़त बना रखी है। एलेक्जेंडर ज्वेरेव तीसरे स्थान पर हैं। जैक ड्रैपर चौथे जबकि नोवाक जोकोविच पांचवें पायदान पर हैं।

# धोनी आईसीसी के हॉल ऑफ फेम में शामिल

- आईसीसी हॉल ऑफ फेम 2025 में सात क्रिकेटरों को शामिल करेगी, जिसमें पांच पुरुष और दो महिला खिलाड़ी होंगे

लंदन, एजेंसी

पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी मैथ्यू हेडन और दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज हाशिम अमला के साथ वर्ष 2025 के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। आईसीसी अपने हॉल ऑफ फेम 2025 में सात क्रिकेटरों को शामिल करेगी जिसमें पांच पुरुष और दो महिला खिलाड़ी हैं।

आईसीसी ने बयान में कहा दबाव में अपने शांत स्वभाव और बेजोड़ रणनीतिक कौशल के लिए मशहूर, साथ ही छोटे प्रारूपों में एक अग्रणी खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी की खेल के सबसे महान फिनिशर, नेतृत्वकर्ता और विकेटकीपर के रूप में



महेंद्र सिंह धोनी। ● एजेंसी

विरासत को आईसीसी क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल करके सम्मानित किया गया है। बयान के अनुसार भारत के लिए 17,266 अंतरराष्ट्रीय रन, 829 शिकार और विभिन्न प्रारूपों में 538 मैच के साथ धोनी के आंकड़े ना केवल उत्कृष्टता बल्कि असाधारण स्थिरता, फिटनेस और लंबे करियर को दर्शाते हैं।

भारत को 2007 में टी20 विश्व कप, 2011 में एकदिवसीय विश्व कप और 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जिताने में अहम भूमिका निभाने वाले धोनी ने आईसीसी द्वारा साझा किए गए बयान में कहा आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होना सम्मान की बात है जो दुनिया भर के विभिन्न पीढ़ियों के क्रिकेटरों के योगदान को मान्यता देता है। उन्होंने कहा, ऐसे सर्वकालिक महान खिलाड़ियों के साथ आपका नाम याद किया जाना एक अद्भुत एहसास है। यह कुछ ऐसा है जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगा।

# अनुभवी इलावेनिल से पदक की उम्मीद

## आईएसएसएफ विश्व कप

म्यूनिख, एजेंसी

दो बार की पदक विजेता इलावेनिल वालारिवन से मंगलवार को यहां आईएसएसएफ (अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ) के साल के तीसरे विश्व कप के पहले दिन पदक की सबसे ज्यादा उम्मीदें होगी। क्योंकि उनके अलावा देश के तीन निशानेबाज महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल और पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं में पहली बार इस आयोजन में भाग लेंगे। महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल और पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं के फाइनल मंगलवार को होंगे। इसके अलावा 10 स्पर्धाओं में से चार के लिए एलिमिनेशन और क्वालीफिकेशन शुरू होंगे।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने इस टूर्नामेंट के लिए निशानेबाजों की 22 सदस्यीय दल भेजी है। इसमें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर के अलावा किरण अंकुश जाधव दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भाग लेंगी। भारत पहले दिन दो पदक स्पर्धाओं में विश्व कप में पदार्पण करने वाले तीन खिलाड़ियों को



इलावेनिल वालारिवन। ● एजेंसी

मैदान में उतार रहा है। इसमें राष्ट्रीय चैंपियन अनन्या नायडू महिला स्पर्धा में तथा आदित्य मालरा और निशांत रावत पुरुष स्पर्धा में इस स्तर पर पहली बार किस्मत आजमायेंगे।

भारत की दूसरी एयर राइफल निशानेबाज आर्या बोरसे भी सीनियर स्तर पर अपने शुरुआती साल में है। वह हालांकि शानदार फॉर्म में है। उसने ब्यूनस आयर्स और लीमा में वर्ष के पहले दो विश्व कप चरणों में क्रमशः एक व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाई तथा दो मिश्रित टीम रजत पदक जीते। इससे दो बार की ओलंपियन और दो बार की व्यक्तिगत विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता इलावेनिल और एशियाई चैंपियनशिप विजेता और चार बार के विश्व कप पदक विजेता वरुण तोमर को दोनों स्पर्धाओं में सीनियर की जिम्मेदारी संभालनी होगी। भारतीय राइफल कोच दीपाली देशपांडे ने सोमवार को टीम के अभ्यास सत्र से पहले कहा म्यूनिख निशानेबाजी परिसर से हमारे निशानेबाज अच्छी तरह परिचित है। ये सभी यूरोपीय सर्किट पर विभिन्न आयोजनों के लिए कई बार यहां आ चूके है। वे अभ्यास में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, देखते हैं मुकाबले में क्या होता है। भारत ने इस साल की शुरुआत में दक्षिण अमेरिका में हुए विश्व कप के पहले दो चरणों में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था। भारतीय निशानेबाज विश्व कप के साल के शुरुआती दो चरण की सफलताओं को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे।

राष्ट्रीय पिस्टल कोच समरेश जंग ने कहा हमारे निशानेबाज लय में हैं। सभी फिट है इसलिए हम अच्छे प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त है। प्रतियोगिता के शुरुआती दिन महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल और पुरुषों की थ्री पी टीम भी चुनौती देती दिखेगी। मनु भाकर, ईशा सिंह और सिमरनप्रीत कौर की तिकड़ी एक बार फिर अपने प्रदर्शन से प्रभावित करने की कोशिश करेगी।

### भारतीय हॉकी टीम को नीदरलैंड से 3-2 से मिली हार

**एम्सटेलवीन :** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण के दूसरे मैच में सोमवार को मौजूदा ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड से 3-2 से हार का सामना करना पड़ा।

एम्सटेलवीन के वागेनर स्टेडियम में आज खेले गए रोमांचक मुकाबले का पहला क्वार्टर गोलरहित रहा और दूसरे क्वार्टर में दोनों ही टीमों ने 1-1 गोल किया। तीसरे क्वार्टर में नीदरलैंड ने एक गोलकर स्कोर 2-0 से कर दिया। चौथा क्वार्टर निर्णायक रहा। भारत के लिए अभिषेक (20वें मिनट में) और जुगराज सिंह (54वें मिनट में) ने गोल किए। नीदरलैंड के लिए थिज डैम वैन (24वें मिनट), होडेमेकर्स टीजेप (33वें मिनट में) और जानसेन जिप (57वें मिनट में) ने गोल किए। भारतीय पुरुष हॉकी टीम अब अपने अगले मैच बुधवार को अर्जेंटीना से भिड़ेगी।

# कोलकाता व दिल्ली के टेस्ट मैचों में बदलाव

- विंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने हैं मुकाबले

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के मुताबिक कोलकाता के ईडन गार्डन्स और दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम के आगामी घरेलू सत्र के दौरान क्रमशः वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने आवंटित टेस्ट मैचों की अदला-बदली करेंगे। दिल्ली को पहले 14 से 18 नवंबर तक दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरुआती टेस्ट की मेजबानी करनी थी, लेकिन अब वह 10 अक्टूबर से वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट की मेजबानी करेगा।

बीसीसीआई की ओर से स्थल परिवर्तन का कारण नहीं बताया गया है, लेकिन समझा जाता है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में नवंबर के मध्य में वायु प्रदूषण के स्तर के खतरनाक होने के कारण यह फैसला लिया गया है। कुछ साल पहले भारत और श्रीलंका के बीच खेले गए टेस्ट मैच के दौरान खिलाड़ियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था। इस मैच के दौरान श्रीलंकाई क्षेत्ररक्षकों ने मास्क पहने हुए थे और कुछ को कथित तौर पर सांस लेने में तकलीफ हो रही थी।

समझा जाता है कि बीसीसीआई की क्रिकेट संचालन टीम ने पिछले कुछ वर्षों के एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) डेटा को एकत्रित किया और निर्णय लिया कि स्थल परिवर्तन एक व्यवहार्य विकल्प है। भारत का घरेलू सत्र वेस्टइंडीज के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेले जाने वाले दो टेस्ट मैचों से शुरू होगा। इसकी शुरुआत दो अक्टूबर को अहमदाबाद में होगी।

# पुर्तगाल ने जीता यूईएफए नेशंस लीग का खिताब

- शूटआउट में स्पेन को हराकर दूसरी बार हासिल की ट्रॉफी

म्यूनिख, एजेंसी

पुर्तगाल ने स्पेन को शूटआउट में हराकर यूईएफए नेशंस लीग का खिताब जीत लिया है। इस जीत के साथ वह दो बार यह कारनामा करने वाली पहली टीम बन गई है। म्यूनिख फुटबॉल एरिना में रविवार रात खेले गए फाइनल में दोनों टीमों के बीच अतिरिक्त समय के बाद मुकाबला 2-2 से बराबरी रहने के बाद हुए शूटआउट में पुर्तगाल ने स्पेन पर 5-3 से जीत दर्ज कर दूसरी बार यह खिताब अपने नाम किया।

40 वर्षीय क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने टूर्नामेंट का अपना आठवां गोल किया और नेशंस लीग फाइनल में गोल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। स्पेन के लिए पहले हाफ में मार्टिन जुबिमेंडी ने 21वें मिनट में गोलकर अपनी टीम बढ़त दिलाई। इसके पांच मिनट




जर्मनी के म्यूनिख में पुर्तगाल की टीम ट्राफी के साथ जश्न मनाती हुई। ● एजेंसी

बाद पुर्तगाल के नूनो मेंडेस अपने पहले अंतरराष्ट्रीय गोल से स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद मिकेल ओयार्जाबल ने पेड्री के पास को गोल में बदलकर स्पेन को 2-1 की बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ में रोनाल्डो मैच के 61वें मिनट मे गोलकर पुर्तगाल को 2-2 बराबरी पर ला दिया। यह रोनाल्डा का 938वां गोल था। अतिरिक्त समय में दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर पायी। स्कोर बराबरी पर रहने के बाद हुये शूटआउट में पुर्तगाल ने पांच और स्पेन ने तीन गोल किये। पेनल्टी शूटआउट में गोंसालो रामोस ने पुर्तगाल की ओर से पहला, विटिना ने दूसरा गोल किया। ब्रूनो फर्नांडीस ने तीसरा गोल किया। चौथा गोल नूनो मेंडेस के हिस्से में आया। पुर्तगाल की ओर से रूबेन नेवेस ने पांचवां गोलकर अपनी टीम को 5-3 से जीत दिला दी। स्पेन के लिए मेरिनो, एलेक्स बेना और इस्को ने गोल किए।



क्रिस्टियानो रोनाल्डो।

### एशियाई कप क्वालीफायर में हांगकांग से चुनौती

**कोवलून (हांगकांग) :** टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज करने की कोशिश में जुटी भारतीय टीम एएफसी एशियाई कप फुटबॉल 2027 के तीसरे दौर के क्वालीफायर मैच में मंगलवार को हांगकांग से खेलेगी तो यह चुनौती भी उसके लिए आसान नहीं होगी।

स्थानीय मीडिया रपटों के अनुसार मैच के 50 हजार टिकट बिक चुके हैं जो हांगकांग फुटबॉल में एक नया रिकॉर्ड है। मनोलो मार्केज की टीम का सामना ऐसी हांगकांग टीम से है जिसके मैनेजर एशले वेस्टवुड हैं और जो भारतीय फुटबॉल के बारे में काफी कुछ जानते हैं। वह 2013 से 2016 तक बेंगलुरू एफसी के कोच रहे जिसके बाद एटीके और राउंडग्लास पंजाब एफसी के भी कोच रहे। विश्व रैंकिंग में 127वें स्थान पर काबिज भारत ने मार्च में बांग्लादेश से ड्रॉ खेला था।

गर्मी से राहत



दिल्ली के कई इलाके भीषण पेयजल संकट से जूझ रहे हैं, इसके बावजूद सोमवार को चाणक्यपुरी के संजय कैंप में पानी का टैंकर पहुंचा तो गर्मी से परेशान बच्चे पीने के पानी का संकट भूलकर पानी से खेलने में मशगूल हो गए। एजेंसी

## कोई नहीं जानता...
# देश में गर्मी से कितनी मौतें..!

पिछले साल मई की तपती दोपहर में दिल्ली के गाजीपुर इलाके में एक कूड़ा बीनने वाला व्यक्ति गर्मी के कारण बेहोश होकर गिर पड़ा। पेशे से सफाई कर्मचारी मजीदा बेगम ने उसे इस हालत में देखा और बताया कि परिवार उसे अस्पताल ले गया। लेकिन उसे मृत घोषित कर दिया गया। उनके पास इस बात का कोई सबूत नहीं था कि वह गर्मी के कारण मरा है, इसलिए उन्हें कोई मुआवजा नहीं मिला। उसकी मौत को कभी आधिकारिक तौर पर गर्मी से मौत के रूप में नहीं गिना गया। यह भारत में अत्यधिक गर्मी के कारण मरने वाले अनगिनत लोगों में से एक मामला है, जो कभी रिकॉर्ड में दर्ज नहीं किए गए और न ही उन्हें कभी मुआवजा दिया गया।

### गर्मी से मौतों की निगरानी के तीन माध्यम

वर्तमान में तीन अलग-अलग आंकड़ों में लू और गर्मी से मौत के मामलों की निगरानी की जाती है। सबसे अधिक स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) और गृह मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़े उद्धृत किए जाते हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) भी अपनी वार्षिक रिपोर्ट में लू या गर्म हवाओं के कारण होने वाली मौत के आंकड़े रखता है, जो मुख्य रूप से मीडिया में आई खबरों से प्राप्त आंकड़े होते हैं।

### कोई भी निगरानी सटीक नहीं

ये तीनों स्रोत व्यापक रूप से मौतों की अलग संख्याएं बताते हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय से आरटीआई के जरिए प्राप्त आंकड़ों से पता चलता है कि एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) के तहत 2015 से 2022 के बीच गर्मी से संबंधित मौत के 3,812 मामले दर्ज किए गए। एनसीआरबी के मुताबिक इसी अवधि में ये आंकड़ा 8,171 मौतों का है। इसी अवधि में आईएमडी की वार्षिक रिपोर्ट में लू से मौत के 3,436 मामले दर्ज हैं।

### राज्य नहीं देते आंकड़े

कई राज्यों ने अपने आंकड़े केंद्र के साथ साझा नहीं करते। इन राज्यों में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, कर्नाटक, केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु शामिल हैं। इससे लू और गर्मी से होने वाली मौतों का सही आंकड़ा प्राप्त नहीं होता।



### अलग-अलग एजेंसियों के अलग-अलग आंकड़े

दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक एनसीआरबी के आंकड़े काफी हद तक सार्वजनिक स्थानों, घरों और अन्य जगहों पर मृत पाए गए लावारिस लोगों की संख्या दर्शाते हैं। एनसीआरबी के अनुसार 2022 में लू/गर्मी से 730 लोगों की मौत हुई, 2021 में 374 और 2020 में 530 लोगों की मौत हुई। इसके विपरीत, एनसीडीसी के आंकड़ों के अनुसार 2022 में गर्मी से संबंधित मौत की संख्या केवल 33 है, 2021 में गर्मी से किसी की मौत नहीं हुई और 2020 में गर्मी के कारण चार लोगों की मौत हुई।

### रिपोर्टिंग के लिए पर्याप्त तंत्र नहीं

दिल्ली में केंद्र सरकार संचालित एक अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर के मुताबिक अधिकतर अस्पतालों में कर्मचारियों की कमी से उचित डाटा संग्रह और रिपोर्टिंग में बाधा आती है। मई में इंडिया हीट समिट 2025 में स्वास्थ्य मंत्रालय की सलाहकार सौम्या स्वामीनाथन ने भी देश की मृत्यु-रिपोर्टिंग प्रणालियों की कमियों को उजागर किया था।

## एक नजर

### सऊदी अरब ने भारतीयों पर नहीं लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** सऊदी अरब द्वारा भारतीय यात्रियों पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। सूत्रों ने आज यहां कहा कि सऊदी अरब की यात्रा करने वाले भारतीयों पर किसी भी प्रतिबंध के बारे में रिपोर्ट गलत है। सऊदी सरकार ने इस मामले में कोई अधिसूचना जारी नहीं की है। सूत्रों ने बताया कि हर साल हज के दौरान भीड़भाड़ से बचने के लिए अल्पकालिक वीजा पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया जाता हैं, जो हज के समापन के साथ समाप्त होता है। इस साल भी वही किया गया है।

### सिंगापुर: चोरी करते पकड़ी गईं दो भारतीय महिलाएं

**सिंगापुर।** सिंगापुर के चांगी हवाई अड्डे पर अलग-अलग दुकानों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के आरोप में दो भारतीय महिलाओं को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। 'स्ट्रेट्स टाइम्स' अखबार ने पुलिस के बयान का हवाला देते हुए बताया कि 29 और 30 साल की उम्र की इन महिलाओं ने दो जून को चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। दोनों महिलाओं को देश छोड़ने से पहले हिरासत में लिया गया।

### बम की धमकी, गल्फ एयर का विमान कुवैत में उतरा

**कुवैत सिटी।** कुवैत में गल्फ एयर के एक विमान को उडान भरने के कुछ समय बाद बम से उडाने की धमकी मिलने के बाद कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर लिया गया। विमान से सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया और संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया है। कुवैत के नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एक बयान में कहा कि उड़ान जीएफ213 के आगमन पर पूरी सुरक्षा जांच की गई और डीजीसीए और आंतरिक मंत्रालय के समन्वय में आपातकालीन प्रक्रियाएं सक्रिय की गईं। सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया और किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

### दिल्ली से 66 अवैध बांग्लादेशी पकड़े गए

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने वजीरपुर और नयी सब्जी मंडी इलाकों में 66 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है, जिनमें 20 पुरुष, 16 महिलाएं और 30 बच्चे शामिल हैं। हिरासत में लिए गए ये लोग 11 परिवारों से हैं और राष्ट्रीय राजधानी में अवैध रूप से रह रहे थे। एक गुप्त सूचना मिलने के बाद छह जून को अभियान चलाया गया। पुलिस के अनुसार, ये विदेशी नागरिक हाल ही में हरियाणा के नूंह (पूर्व में मेवात) से यहां आए थे, जहां वे ईंट भट्ठों में काम करते थे।

# लॉस एंजिलिस: सैनिकों की तैनाती से भड़के प्रदर्शनकारी, वाहन फूंके

## हजारों प्रदर्शनकारियों ने हाईवे जाम किया, अफसरों ने दागे आंसू गैस के गोले

लॉस एंजिलिस, एजेंसी

- आव्रजन नियमों के उल्लंघन पर ट्रंप की कार्रवाई के खिलाफ तीन दिन से प्रदर्शन जारी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर लॉस एंजिलिस में 'नेशनल गार्ड' के जवानों की असाधारण तैनाती को लेकर रविवार को तनाव और बढ़ गया, जहां हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए, उन्होंने एक प्रमुख राजमार्ग पर जाम लगा दिया और स्वचालित गाड़ियों में आगजनी की। स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और रबर की गोलियां चलाईं।

इस दौरान पुलिसकर्मियों को घोड़ों पर सवार होकर सड़कों पर गश्त करते देखा गया और शील्ड पहने कुछ पुलिसकर्मी संघीय केंद्रों की सुरक्षा के लिए तैनात सैन्य जवानों के पीछे खड़े देखे गए। सैन्य जवानों को उस हिरासत केंद्र की सुरक्षा में भी तैनात किया गया है जहां हाल के दिनों में कुछ अप्रवासियों को ले जाया गया था। पुलिस ने प्रदर्शन को गैरकानूनी सभा घोषित किया और शाम होते-होते कई प्रदर्शनकारी लौटने लगे लेकिन मौके पर डटे प्रदर्शनकारियों ने पास के एक पार्क से कुर्सियां लाकर एक अस्थायी अवरोधक बना दिया तथा दूसरी तरफ खड़े पुलिसकर्मियों पर वस्तुएं फेंकना शुरू कर दिया।

कुछ प्रदर्शनकारियों ने राजमार्ग 101 अवरुद्ध कर पुलिस पर पथराव किया और उनकी तरफ पटाखे फेंके, जिसके बाद खुद को बचाने के लिए पुलिसकर्मियों को एक पुल के नीचे छिपना पड़ा। आव्रजन नियमों के उल्लंघन पर ट्रंप की कार्रवाई के खिलाफ पिछले तीन दिन से प्रदर्शन किया जा रहा है। सेना के 300 जवानों की तैनाती के बाद स्थिति और भी तनावपूर्ण हो गई है। नेशनल गार्ड के जवान सुबह से ही लॉस एंजिलिस में मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर के बाहर बंदूकें लिए और शील्ड पहने खड़े हैं। प्रदर्शनकारियों ने सैन्य जवानों के खिलाफ 'शर्म करो' और 'वापस जाओ' के नारे लगाए। कुछ प्रदर्शनकारियों ने सैन्य जवानों के करीब पहुंचने की कोशिश की लेकिन वर्दीधारी अधिकारियों ने उन्हें को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले दागे।

कुछ मिनट बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए हथियारों का इस्तेमाल किया। इसके बाद प्रदर्शकारियों ने राजमार्ग 101 पर यातायात जाम कर दिया, लेकिन बाद में 'कैलिफोर्निया हाईवे पेट्रोल' के अधिकारियों ने उन्हें सड़क से हटा दिया, लेकिन दक्षिण की ओर जाने वाली लेन पर यातायात बंद है। पास में, कम से कम चार स्वचालित कारों में आग लगा दी गई।



प्रदर्शनकारियों ने नेशनल गार्ड की तैनाती के विरोध में कई वाहनों में आग लगा दी।

### आव्रजन पर बढ़ते तनाव के बीच नए यात्रा प्रतिबंध लागू

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से 12 अफ्रीकी और पश्चिम एशियाई देशों के नागरिकों के अमेरिका यात्रा करने पर लगाए गए नए प्रतिबंध सोमवार से प्रभावी हो गए। यह प्रतिबंध राष्ट्रपति के आव्रजन प्रवर्तन अभियान को लेकर बढ़ते तनाव के बीच लगाया गया है। ट्रंप ने बीते बुधवार को इस नई घोषणा पर हस्ताक्षर किए थे। यह प्रतिबंध अफगानिस्तान, म्यांमा, चाड, कांगो गणराज्य, इक्वेटोरियल गिनी, इरिट्रिया, हैती, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान और यमन के नागरिकों पर लागू होते हैं। इसके अलावा बुरुंडी, क्यूबा, लाओस, सिएरा लियोन, टोगो, तुर्कमेनिस्तान और वेनेज़ुएला के उन नागरिकों पर भी सख्त शर्तें लागू की जाएंगी जो अमेरिका के बाहर हैं और जिनके पास वैध वीजा नहीं है।

## जम्मू-कश्मीर में सैनिक ने खुद को गोली मारी, मौत

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के गुलमर्ग इलाके में एक शिविर में एक सैनिक ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली।

अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बारामूला जिले के गुलमर्ग स्थित 9वीं राज राइफल कैंप के लांस नायक बनवार लाल सरन ने रविवार रात अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। उन्होंने बताया कि राजस्थान के रहने वाले जवान की मौके पर ही मौत हो गई। शव को चिकित्सकीय और कानूनी औपचारिकताओं के लिए तंगमर्ग उप जिला अस्पताल ले जाया गया।

## समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हुआ अमेरिकी विमान

**सैन डिएगो।** सैन डिएगो के निकट सागर तट से आठ किलोमीटर दूर समुद्र में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, हादसे के वक्त विमान में छह लोग सवार थे। दुर्घटना के बाद अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। अमेरिकी तटरक्षक अधिकारियों ने बताया कि रविवार दोपहर प्वाइंट लोमा के निकट मलबे का एक क्षेत्र पाया गया, जहां हादसाग्रस्त विमान की तलाश शुरू की गई।

# अमेरिका में भारतीय छात्र से बदसलूकी, हथकड़ी लगाकर जमीन पर पटका

न्यूयार्क/नई दिल्ली, एजेंसी

- अपनी यात्रा का कारण न बता पाने पर एयरपोर्ट स्टाफ ने किया क्रूरतापूर्ण व्यवहार
- उद्यमी कुणाल जैन के एक्स पर वीडियो पोस्ट करने के बाद सक्रिय हुआ भारतीय दूतावास

अमेरिका के न्यूयार्क स्थित न्यूर्क हवाई अड्डे पर एक भारतीय छात्र के साथ हवाईअड्डा कर्मियों का क्रूरतापूर्ण व्यवहार करने का विचलित कर देने वाले वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों में गुस्सा फैल गया है। न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने कहा कि वह इस मामले में स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है।

भारतीय-अमेरिकी सामाजिक उद्यमी कुणाल जैन की ओर से एक्स पर पोस्ट किए गए वायरल वीडियो की एक श्रृंखला के अनुसार छात्र हरियाणा का रहने वाला है और वह अपनी यात्रा का कारण स्पष्ट रूप से नहीं बता पाया। वायरल वीडियो में भारतीय छात्र को हथकड़ी लगाकर जमीन पर पटकता हुआ देखा जा सकता है। उन्होंने लिखा, मैंने कल रात न्यूर्क एयरपोर्ट से एक युवा भारतीय छात्र को निर्वासित होते देखा। हथकड़ी लगाए, रोते हुए, अपराधी की तरह व्यवहार करते हुए। वह सपनों का पीछा करते हुए आया था, नुकसान पहुंचाने के लिए नहीं। एक एनआरआई के रूप में मैं असहाय और दुखी महसूस कर रहा था। यह एक मानवीय त्रासदी है।

उन्होंने अमेरिका में भारतीय दूतावास और विदेश मंत्री एस जयशंकर को टैग करते हुए पोस्ट किया, इस बेचारे बच्चे के माता-पिता को पता नहीं चलेगा कि उसके साथ क्या हो रहा है। किसी को पता लगाना चाहिए कि उसके साथ क्या हो रहा है। यहां और वीडियो हैं और अमेरिका में भारतीय दूतावास को यहां मदद करने की जरूरत है।

ये बच्चे वीज़ा प्राप्त कर लेते हैं और फ्लाइट में सवार हो जाते हैं। किसी कारण से, वे आव्रजन अधिकारियों को यात्रा का कारण नहीं बता पाते और उन्हें अपराधियों की तरह वापस भेज दिया जाता है। हर दिन 3-4 ऐसे मामले हो रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में ऐसे मामले और भी बढ़ गए हैं। न्यूयॉर्क में भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने एक पोस्ट में कहा, हमें सोशल मीडिया पर पोस्ट मिले हैं। एक भारतीय नागरिक न्यूर्क लिबर्टी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कठिनाइयों का सामना कर रहा है। हम इस बारे में स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में हैं।

# रूस ने यूक्रेन पर बमबारी के लिए एक रात में 479 ड्रोन से किया बड़ा हमला

कीव, एजेंसी

यूक्रेनी वायु सेना ने सोमवार को कहा कि रूस ने युद्ध के दौरान एक रात में सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया जिसके तहत बमबारी के लिए 479 ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। वायु सेना के अनुसार, ड्रोन के अलावा यूक्रेन के विभिन्न हिस्सों में विभिन्न प्रकार की 20 मिसाइलें दागी गईं।

यूक्रेनी वायुसेना ने कहा कि हमले के दौरान मुख्य रूप से यूक्रेन के मध्य और पश्चिमी क्षेत्रों को निशाना बनाया गया। वायु सेना के एक बयान में कहा गया है कि यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली ने 277 ड्रोन और 19 मिसाइलों को हवा में ही नष्ट कर दिया। बयान में दावा किया गया कि केवल 10 ड्रोन या मिसाइल ही अपने लक्ष्य तक पहुंच सके। लेकिन इस दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी है।

रूस के हवाई हमले आमतौर पर देर शाम को शुरू होते हैं और सुबह खत्म होते हैं, क्योंकि अंधेरे में ड्रोन को पहचानना मुश्किल होता है। रूस ने तीन साल से ज्यादा समय से जारी युद्ध के दौरान लगातार यूक्रेन के नागरिक इलाकों में शाहिद ड्रोन से हमला किया है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, इन हमलों में 12,000 से अधिक यूक्रेनी नागरिक मारे गए हैं। रूस का कहना है कि वह सिर्फ सैन्य ठिकानों को निशाना बनाता है।

### अमेरिका के दिए 26 अब्राम टैंकों को रूस ने किया नष्ट

**मास्को।** रूसी सशस्त्र बलों ने अमेरिका द्वारा यूक्रेन को दिए गये 31 अब्राम टैंकों में से अबतक 26 को नष्ट कर दिया है। यह जानकारी स्पूतनिक ने सोमवार को दी। जनवरी 2023 में, तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूक्रेन को 31 एम1 अब्राम टैंक देने की घोषणा की थी। स्पूतनिक की गणना के अनुसार, रूसी सेना ने फरवरी 2024 से अब तक 26 टैंकों को नष्ट कर दिया है। इस तरह के पहले टैंक को 26 फरवरी, 2024 को अवदेयेवका दिशा में त्सेंट्र समूह की सेनाओं ने नष्ट कर दिया था। अब्राम्स अमेरिका का मुख्य युद्धक टैंक है। एम1 जनरल अब्राम्स का लगातार उत्पादन 1980 में शुरू हुआ था। इस टैंक का नाम जनरल क्रेयटन अब्राम्स के नाम पर रखा गया था, जिन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान एक टैंक बटालियन की कमान संभाली थी।

## एक्सिओम-4 मिशन 11 जून तक स्थगित

**नई दिल्ली।** इसरो ने सोमवार शाम को बताया कि मौसम की स्थिति के कारण भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) ले जाने वाले एक्सिओम-4 मिशन को 11 जून तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

आईएसएस की यात्रा के लिए कंपनी 'स्पेसएक्स' के फाल्कन-9 रॉकेट को मंगलवार शाम को अमेरिका में फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरनी थी। इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने कहा, मौसम की स्थिति के कारण, भारतीय गगनयात्री को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन भेजने के लिए एक्सिओम-4 मिशन का प्रक्षेपण 10 जून 2025 के बजाय 11 जून 2025 के लिए स्थगित कर दिया गया है।

# केरल तट के पास जहाज में आग लगी

- चालक दल के 22 में 18 सदस्यों ने जहाज छोड़ा, चार लापता

कोच्चि, एजेंसी

सिंगापुर के ध्वजवाहक कंटेनर जहाज एमवी वान हाई 503 पर सोमवार सुबह केरल तट के पास आग लगने की सूचना मिलने के बाद चालक दल के सदस्यों को उससे निकाला जा रहा है। एक रक्षा जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि जहाज एमवी वान हाई 503 पर सवार चालक दल के 22 सदस्यों में से 18 ने जहाज छोड़ दिया है, चार सदस्य अभी लापता हैं।

जनसंपर्क अधिकारी ने कहा, जहाज में अभी आग लगी हुई है और वह बिना नियंत्रण के गतिमान है। भारतीय तटरक्षक जहाज सचेत, अर्नवेश, समुद्र प्रहरी, अभिनव, राजदूत और सी-144 बचाव अभियान में शामिल हैं। अधिकारियों ने पहले कहा था कि जहाज एमवी वान हाई 503 पर विस्फोट की सूचना मिली है, लेकिन बाद में स्पष्ट किया कि उस पर आग लगी है। भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल ने बचाव अभियान शुरू किया है।



सिंगापुर के ध्वजवाहक कंटेनर जहाज में आग लगने के बाद उठता काला धुआं।

### बचाव के लिए भेजा गया आईएनएस सूरत

पीआरओ ने बताया, नौ जून को सुबह लगभग 10 :30 बजे, एमओसी (कोच्चि) को एमओसी (मुंबई) से जहाज के निचले डेक पर आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद भारतीय नौसेना ने तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए आईएनएस सूरत को उस जगह रवाना किया, जो कोच्चि में लंगर डालेगा। पीआरओ ने कहा कि नौसेना की पश्चिमी कमान ने पूर्वाह्न 11 बजे पोत को घटना वाली जगह की ओर रवाना किया।

# इजराइली सेना ने गाजा में मदद ले जा रहा जहाज रोका

यरुशलम, एजेंसी

- ग्रेटा धनबर्ग समेत कई सामाजिक कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया

इजराइल की सेना ने सोमवार की सुबह गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए जा रहे एक जहाज को रोक दिया और उसमें सवार सामाजिक कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग तथा अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया।

'फ्रीडम फ्लोटिला कोलिशन' संगठन ने गाजा पट्टी में मानवीय सहायता पहुंचाने और इजराइली नाकाबंदी तथा युद्ध में उसके आचरण का विरोध करने और फलस्तीनियों तक राहत सामग्री पहुंचाने के लिए ये यात्रा शुरू की थी। 'फ्रीडम फ्लोटिला कोलिशन' ने आरोप लगाया कि सामाजिक कार्यकर्ताओं का इजराइली सेना ने अपहरण कर लिया है और उसने उनके पहले से रिकॉर्ड किए गए संदेश जारी किए।

संगठन ने कहा, जहाज पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया। जहाज के निहत्थे असैन्य चालक दल के सदस्यों का अपहरण कर लिया गया और इस पर मौजूद जीवन रक्षक राहत सामग्री जैसे कि शिशु फॉर्मूला, भोजन और चिकित्सा आपूर्ति को जब्त कर लिया गया। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने यात्रा को एक 'जनसंपर्क का हथकंडा' बताया और सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सेलिब्रिटी लोगों का 'सेल्फी जहाज' सुरक्षित रूप से इजराइल के तट पर पहुंच रहा है।

## आतंकी तहव्वुर राणा को मिली फोन पर परिजनों से बातचीत की अनुमति

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने जेल में बंद मुंबई आतंकी हमलों के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा को अपने परिवार के सदस्यों से फोन पर बात करने की सोमवार को अनुमति दे दी। विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने राणा को केवल एक बार यह छूट दी।

न्यायाधीश ने कहा कि यह कॉल जेल मैनुअल के अनुरूप और तिहाड़ जेल प्राधिकरण की निगरानी में होगी। अदालत ने सोमवार से 10 दिन के भीतर राणा के स्वास्थ्य पर एक नई रिपोर्ट भी देने को कहा है। राणा को नियमित फोन कॉल की अनुमति दी जानी चाहिए या नहीं, न्यायाधीश ने इस पर जेल अधिकारियों को अपना रुख स्पष्ट करने के लिए एक रिपोर्ट भी दाखिल करने का निर्देश दिया।

# राजा रघुवंशी की हत्या की सारी परतें उधेड़ेगी मेघालय पुलिस

## पूर्वी खासी हिल्स जिले के एसपी ने कहा- हत्या के केंद्र में सोनम और उसके पिता के शोरूम पर काम करने वाला राज

शिलांग, एजेंसी

- सोनम को अपने कब्जे में लेने के लिए शिलांग की पुलिस टीम गाजीपुर रवाना हुई

मेघालय पुलिस इंदौर से हनीमून मनाने आए राजा रघुवंशी की हत्या के चार आरोपियों की गिरफ्तारी और उसकी पत्नी सोनम के आत्मसमर्पण के बाद अब इस निर्मम हत्या के पीछे के तथ्यों को उजागर करने के लिए कड़ियों को जोड़ेगी। सोनम को गिरफ्तार करने के लिए एक और टीम यूपी के गाजीपुर जा रही है जो अभी वहां के नानगंज थाने में आत्मसमर्पण करने के बाद वन स्टॉप सेंटर में है।

पूर्वी खासी हिल्स जिले के एसपी विवेक सिम ने कहा, हमें नहीं पता कि राजा की हत्या के पीछे क्या मकसद था। सभी आरोपियों से पूछताछ करने के बाद सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। जांच से हत्या के सही मकसद या मामले में और लोगों के शामिल होने के बारे में भी पता चलेगा।

उन्होंने कहा कि चारों आरोपियों की गिरफ्तारी पर्याप्त सबूतों के आधार पर की गई है। राजा की हत्या को पूर्व नियोजित बताते हुए पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जब हमने बिंदुओं को जोड़ा तो यह राज कुशवाह और सोनम को केंद्र में रखता है। राज कुशवाह सोनम के पिता के शोरूम पर काम करता है। जब वे यहां आएंगे तो इसकी पुष्टि हो जाएगी। उन्होंने कहा कि आकाश, विशाल और आनंद, वही लोग थे जिन्हें नोंग्रियाट गांव से लौटते समय एक स्थानीय टूर गाइड ने देखा था।

### सोनम ने जाने की टिकट बुक कराया, लौटने की नहीं



**इंदौर।** राजा रघुवंशी की मां उमा रघुवंशी ने सोमवार को कहा कि सोनम ने ही हनीमून पर शिलांग जाने की योजना बनाई थी, लेकिन उसने वहां से वापसी का टिकट बुक नहीं कराया था। उमा ने बताया, मेरा बेटा इतनी जल्दी हनीमून पर नहीं जाना चाहता था। मैंने उससे कहा था कि अगर टिकट बुक हो चुका है तो उसे जाना चाहिए। उमा ने कहा कि उन्हें सोनम की ताजा तस्वीर देखकर झटका लगा क्योंकि उसके शरीर पर खरोंच का एक निशान तक नहीं है। उमा ने कहा, मैं सोनम के मुंह से सुनना चाहती हूं कि उसने राजा को कहां, क्यों और किस हालत में छोड़ा था। उन्होंने कहा कि सगाई के बाद सोनम उनके बेटे को पर्याप्त वक्त नहीं दे रही थी। उन्होंने कहा कि अगर वाकई सोनम ने उनके बेटे की हत्या कराई है तो उसे फांसी की सजा मिलनी चाहिए।

### लोगों ने सोनम की तस्वीर जलाकर जताया गुस्सा

सहकार नगर में राजा रघुवंशी के घर के बाहर स्थानीय लोगों ने सोनम की तस्वीर जलाकर राजा की हत्या पर गुस्सा जताया। प्रदर्शनकारियों ने राजा के घर के बाहर लगाए गए उस विशाल बैनर को भी फूंक दिया जिसमें उसकी हत्या की सीबीआई जांच की मांग की गई थी। इस बैनर पर लिखा था, केंद्र और राज्य सरकार से राजा की आत्मा करे पुकार-मैं मरा नहीं, मुझे मारा गया है। सीबीआई से कराई जाए जांच। बैनर पर राजा रघुवंशी और उसकी पत्नी सोनम की शादी तस्वीरें भी छापी गई थीं।



सोनम को मेडिकल के लिए ले जाती पुलिस।